आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 277 | उज्जैन, सोमवार 19 अक्टूबर, 2026 | आश्विन शुक्ल 8 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

वायुसेना का नया संचार कवच 'जीसैट-7सी'

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना की संचार क्षमता मजबूत करने के लिए देश में जीसैट-7सी सैन्य उपग्रह लॉन्च किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड के साथ 2,563 करोड़ रुपए का करार किया। इसके तहत उपग्रह का डिजाइन, विकास और निर्माण किया जाएगा। इस उपग्रह की सबसे बड़ी खासियत दूर तक सुरक्षित संचार उपलब्ध कराने की क्षमता होगी। इससे लड़ाकू विमानों, निगरानी विमानों, मानवरहित विमानों और जमीन पर मौजूद सैन्य केंद्रों के बीच संपर्क स्थापित करने में मदद मिलेगी।

महाराष्ट्र-मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने फॉर्म-6 में बदलाव का प्रस्ताव भेजा

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने फॉर्म-6 में बदलाव का प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेजा है। इससे एसएसआर में हटे वोटर दोबारा नाम जुड़वा सकेंगे। प्रस्ताव में कहा गया है कि जो लोग वोटर लिस्ट में दोबारा नाम जुड़वाना चाहते हैं, ऐसे वोटरों से पहली बार वोटर बनने की घोषणा न कराई जाए। क्योंकि झूठी घोषणा पर एक साल तक जेल, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि लोग इससे डर रहे हैं। कई बीएलओ ने भी इस बात की शिकायत की है। यह प्रस्ताव पिछले हफ्ते भेजा गया। महाराष्ट्र में एसएसआर अभी चल रहा है। यहां ड्राफ्ट रोल से हटे पुराने वोटरों को भी फार्म-6 से नाम जुड़वाने को कहा जा रहा है।

फ्रांस में महंगाई के खिलाफ 8 लाख लोग सड़कों पर उतरे

पेरिस। फ्रांस में महंगाई के खिलाफ शनिवार को 8 लाख लोग सड़कों पर उतर आए। कई जगह प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों पर पत्थर फेंके और पुलिसकर्मियों को दौड़ाया। कुछ जगहों पर एपल स्टोर्स से आईफोन भी लूटे गए। वहीं, लिमोज शहर में प्रदर्शनकारियों ने 143 साल पुराने टाउन हॉल में आग लगा दी। प्रदर्शन में कुछ लोग जोकर और कैप्टन अमेरिका जैसे किरदारों की पोशाक पहनकर भी पहुंचे। यह आंदोलन करीब एक महीने पहले छात्रों के विरोध प्रदर्शन से शुरू हुआ था। धीरे-धीरे इसमें महंगाई और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ विरोध भी जुड़ गया।

इमरान खान भारत छोड़ने के नोटिस के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे



नोटिस को गैरकानूनी बताया, एक्टर से ओसीआई कार्ड रद्द करने को लेकर मांगा गया जवाब

मुंबई। एक्टर इमरान खान ने भारत छोड़ने के नोटिस को बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी। उन्होंने इसे मनमाना, गैरकानूनी और असंवैधानिक बताया है। मुंबई के फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस ने शनिवार को उन्हें दूसरा नोटिस भी भेजा। इसमें पूछा गया है कि उनका ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्ड क्यों न रद्द किया जाए। इमरान को जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। पहले नोटिस में उन्हें 28 अक्टूबर से पहले भारत छोड़ने को कहा गया था। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इमरान ने अपने वकील जुल्फिकार मेमन और लीगल फर्म के जरिए याचिका दायर की। याचिका में कहा गया कि मौजूदा कानून या नियमों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो ओसीआई कार्डधारक को शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने से रोकता हो। इमरान की ओर से कहा गया कि पुलिस ने नोटिस जारी करते समय कोई वजह नहीं बताई और न ही इसके समर्थन में दस्तावेज दिए। उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका भी नहीं मिला। याचिका में 10 अक्टूबर को पुलिस हिरासत में लिए जाने को भी गलत बताया गया है। इमरान ने कहा कि नोटिस से संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन हुआ है।

नैनो न्यूज

- **वाशिंगटन:** अमेरिका ने मदद रोकी तो यूक्रेन का क्या होगा, जेलेंस्की का साथ छोड़ पुतिन के साथ दिख रहे ट्रम्प, 1 सप्ताह में 4 झटके दिए।
- **केदारनाथ :** बर्फबारी, तापमान माइनस में पहुंचा, राजस्थान-महाराष्ट्र समेत 8 राज्यों में बारिश का अलर्ट, यूपी में खेतों में बाढ़, चेन्नई में 15 घंटे से बारिश।
- **अमेरिका :** चुनावी प्रचार में एआई का इस्तेमाल बढ़ा, न्यूयॉर्क के मेयर को महंगाई की दवा बेचते, डेमोक्रेट उम्मीदवार को 9/11 पर हंसते दिखाया।
- **इस्लामाबाद :** पीओके-अफगानिस्तान सीमा पर गोलीबारी, 7 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत।
- **नई दिल्ली :** डाक कर्मचारियों के लिए दिवाली बोनस का ऐलान, 60 दिन के वेतन के बराबर रकम मिलेगी, खातों में आएंगे अधिकतम 13,816 रुपए।
- **नई दिल्ली :** अंबानी से जामनगर में मिलेंगे अमेरिकी मंत्री, टेक्सास रिफाइनरी में रिलायंस के निवेश पर चर्चा संभव, अडाणी से भी मुलाकात तय।

महाकाल की नगरी में भ्रष्टाचार के आरोपों पर सरकार बरते सतर्कता

सिंहस्थ की जिम्मेदारी से दूर रहें विवादों में घिरे अधिकारी

मनीष सिंह को लेकर उठ रहे सवालों के बीच सिंहस्थ 2028 की व्यवस्थाओं में जिम्मेदारी सौंपने से पहले निष्पक्ष जांच और जवाबदेही जरूरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 जैसे विश्वस्तरीय धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाओं में ऐसे अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने से पहले सरकार को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए, जिनके कार्यकाल को लेकर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप या विवाद सार्वजनिक चर्चा में रहे हों। मनीष सिंह का नाम भी इन दिनों विभिन्न प्रशासनिक मामलों और उनके कार्यकाल से जुड़े सवालों को लेकर चर्चाओं में है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सिंहस्थ जैसे विशाल आयोजन की जिम्मेदारी सौंपते समय सरकार को अधिकारियों की पिछली कार्यप्रणाली और विवादों की निष्पक्ष समीक्षा नहीं करनी चाहिए?

महाकाल की नगरी उज्जैन में सिंहस्थ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और प्रदेश की प्रतिष्ठा से जुड़ा अवसर है। आयोजन के नाम पर हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्य, सड़कें, पुल, यातायात, आवास, जल आपूर्ति और अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जानी हैं। इतने बड़े बजट और व्यापक प्रशासनिक अधिकारों के बीच पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि होनी चाहिए।

मनीष सिंह से संबंधित कथित आर्थिक अनियमितताओं के कुछ आरोप यह भी



आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप, इंदौर और भोपाल में कथित संपत्तियां जुटाने का आरोप, कुछ बिल्डरों से कथित संबंध रखने का आरोप, कुछ कंसल्टेंट्स से कथित संबंध रखने का आरोप, पद का दुरुपयोग कर आर्थिक लाभ पहुँचाने का आरोप। ये आरोप 2016 में सामने आए थे।

आरोपों की निष्पक्ष जांच हो जिम्मेदारी देने में जल्दबाजी क्यों?

मनीष सिंह से जुड़े जिन मामलों में भ्रष्टाचार या प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं, उनकी वास्तविक स्थिति, जांच के निष्कर्ष और कानूनी स्थिति स्पष्ट होना जरूरी है। केवल आरोपों के आधार पर किसी अधिकारी को दोषी मानना उचित नहीं है, लेकिन गंभीर आरोपों और लंबित जांचों की अनदेखी करके महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना भी उचित प्रशासनिक दृष्टिकोण नहीं माना जा सकता। सरकार को चाहिए कि सिंहस्थ से जुड़े महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति से पहले संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध दर्ज मामलों, जांचों और आधिकारिक रिकॉर्ड की समीक्षा करे। यदि किसी मामले में आरोप प्रमाणित हुए हैं या कानूनी अथवा विभागीय स्तर पर प्रतिकूल निष्कर्ष सामने आए हैं, तो उसके अनुरूप निर्णय लिया जाना चाहिए।

सिंहस्थ की आड़ में किसी को भी मनमानी की छूट नहीं

सिंहस्थ के निर्माण कार्यों में टेंडर, भूमि आवंटन, ठेके, भुगतान और परियोजनाओं की स्वीकृति जैसे विषयों पर विशेष निगरानी जरूरी है। पिछली गलतियों से सबक लेकर ऐसी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए, जिसमें किसी अधिकारी को असीमित अधिकार न मिलें और हर निर्णय का रिकॉर्ड सार्वजनिक जांच के दायरे में रहे। महाकाल की नगरी की जनता को यह भरोसा मिलना चाहिए कि सिंहस्थ के नाम पर खर्च होने वाला प्रत्येक रुपया श्रद्धालुओं की सुविधा और उज्जैन के विकास पर ही खर्च होगा। सरकार की प्राथमिकता किसी अधिकारी को पद देना नहीं, बल्कि आयोजन को भ्रष्टाचार से मुक्त और सफल बनाना होना चाहिए। अब फैसला सरकार को करना है: क्या सिंहस्थ 2028 की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपने से पहले विवादित कार्यकाल और आरोपों की निष्पक्ष समीक्षा होगी, या फिर बड़े आयोजन के नाम पर वही पुरानी प्रशासनिक कार्यशैली दोहराई जाएगी? महाकाल की नगरी में आस्था सर्वोपरि है और सिंहस्थ की व्यवस्था में पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

शीतला माता मंदिर में दर्शन के लिए सड़क किनारे लाइन में लगे थे श्रद्धालु


ट्रक ने 41 श्रद्धालुओं को कुचला, 15 की मौत

दो पुलिसकर्मी समेत 26 लोग घायल, 8 अफसर-पुलिसकर्मी भी सस्पेंड, इनमें चार टीआई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर में शनिवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने 41 श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई। दो पुलिसकर्मी समेत 26 लोग घायल हैं। हादसा देर रात करीब 1.30 बजे चीनौर रोड पर ढलान के पास हुआ। सभी श्रद्धालु शीतला माता मंदिर में दर्शन के लिए सड़क किनारे लाइन में लगे थे। तभी चीनौर की ओर से आ रहा धान से भरा ट्रक करीब 90 डिग्री के ढलान पर बेकाबू हो गया।

ड्राइवर गूगल मैप की मदद से ट्रक चला रहा था। ढलान पर ट्रक पुलिस चेकपोस्ट तोड़ते हुए लोगों को कुचलकर मंदिर की बाहरी दीवार और गेट से जा टकराया। इससे मंदिर की दीवार ढह गई। कई लोग मलबे में दब गए। घायलों को जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद परिजन ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर और ट्रक मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि ट्रक का ब्रेक फेल हो गया था। सरकार ने सिटी एसपी को हटा दिया है। 8 अफसर-पुलिसकर्मियों को भी सस्पेंड किया गया है। इनमें चार टीआई हैं।



हादसे की जांच होनी चाहिए : ज्योतिरादित्य सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर के अस्पताल पहुंचकर हादसे में मृतकों और घायलों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया। सिंधिया ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि मंदिर के पास हुई यह दुर्घटना बेहद दर्दनाक है। उनका कहना है कि इस हादसे से उनका हृदय टूट गया है, क्योंकि इसमें उनके अपने शहर के परिवार प्रभावित हुए हैं। हादसे को लेकर सिंधिया ने गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि रात के अंधेरे में ट्रक को प्रवेश कैसे मिला। ट्रक ग्वालियर तक कैसे पहुंचा, इसकी सख्ती से जांच होनी चाहिए।

11वीं का छात्र था देवेश, हादसे में गई जान

- मृतक देवेश के दादा लक्ष्मण सिंह ने बताया कि देवेश पुत्र हरि सिंह बघेल (17) मावठा, भितरवार का रहने वाला था। वह पिछले तीन साल से अपने भाई के साथ ग्वालियर में रहकर पढ़ाई कर रहा था।
- वह कक्षा 11वीं का छात्र था। गांव में उसके दादा-दादी और माता-पिता रहते हैं। उसके पिता हरि सिंह किसान हैं और खेती ही परिवार की आजीविका का साधन है। देवेश दो भाइयों में बड़ा था। उसका छोटा भाई नौ देवी के दौरान गांव लौट आया था। देवेश रात में अपनी स्कूटी से दर्शन करने पहुंचा था।

मुझ पर केस किया तो मामला लीगल हो जाएगा : राहुल गांधी

हर राज्य में वोट चोरी की बात कहता हूं ज्ञानेश जानते हैं कीमत चुकानी होगी

एजेंसी ▸▸ पणजी



राहुल गांधी ने रविवार को गोवा में कहा कि मैं हर स्टेट से कहता हूं पीएम वोट चोरी करते हैं। लेकिन मुझ पर कोई केस दर्ज नहीं होता। क्योंकि, ये जानते हैं कि अगर केस हुआ तो मामला लीगल हो जाएगा और ये फंस जाएंगे।

दिल्ली में हम कुछ ही समय में पीएम, गृहमंत्री से निपट लेंगे। काम जारी है। सरकार की एक्सपायरी डेट आने वाली है। आपने देखा है कि आजकल पीएम सामने खड़े नहीं हो सकते हैं। क्योंकि ये जानते हैं कि देश का युवा इनके खिलाफ खड़ा हो गया है। राहुल कांग्रेस के जनसंपर्क अभियान गोय राखोन यात्रा में शामिल होने गोवा पहुंचे थे। यहां कांग्रेस की 28 दिन लंबी यात्रा का समापन हुआ है। राहुल का पिछले 4 सालों में यह पहला गोवा दौरा है। इससे पहले 2022 में वह यहां आए थे। गोवा में अगले साल 2027 में विधानसभा चुनाव हैं।

हर एजुकेशन सिस्टम में आरएसएस के लोग: पूरी दुनिया मानती थी कि इंडिया का एजुकेशन सिस्टम नंबर वन मॉडल का था। लेकिन, आज दिल्ली में स्टूडेंट्स को ही मारा जा रहा है। हर एजुकेशनल सिस्टम में बीजेपी और आरएसएस के लोग बैठे हुए हैं।

काशी में रामलीला से पहले हाथी हुआ बेकाबू, महावत को पटका

खंभे उखाड़े, दीवारें-दुकानें तोड़ीं



एजेंसी ▸▸ वाराणसी

वाराणसी की मशहूर रामलीला में आजमगढ़ से आया हाथी अचानक बेकाबू हो गया। इधर-इधर भागने लगा। आसपास रखी चीजों को सूंड से उठाकर फेंकने लगा। बिजली के खंभे तोड़ दिए। दीवारें और दुकानें भी तोड़ दीं। यह देखकर आसपास मौजूद लोग जान बचाकर भागे। महावत ने काबू में करने की कोशिश की तो हाथी ने उसे सूंड से उठाकर पटक दिया। दांतों और पैरों से भी कुचलने की कोशिश की। महावत को 50 टांके लगे हैं। घटना पंचवटी मैदान में रविवार सुबह 10.30 बजे की है। महावत छापलू तीन हाथियों को खाना देने जा रहा था, तभी उनमें से एक हाथी भड़क गया। वह मैदान से निकलकर सड़क पर भागने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 2 किमी. के इलाके को सील कर दिया है। एसीपी अनाउंस कर लोगों को इलाके से दूर रहने के लिए कह रहे हैं। वन विभाग और एनडीआरएफ समेत 200 लोग हाथी को काबू करने में जुटे थे।

शिवा शर्मा हत्याकांड की मुख्य आरोपी

मॉडल श्रद्धा पर 50 हजार इनाम, कोर्ट में सरेंडर करेगी

एजेंसी ▸▸ लखनऊ



लखनऊ के शिवा शर्मा हत्याकांड की मुख्य आरोपी मॉडल श्रद्धा दुबे कोर्ट में सरेंडर कर सकती है। उसने जिला कोर्ट में आत्मसमर्पण के लिए अर्जी दाखिल की है।

रविवार दोपहर पुलिस ने श्रद्धा, उसकी बहन रश्मि और ड्राइवर पर 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार का इनाम कर दिया। तीनों 9 दिनों से फरार हैं। पुलिस की 10 टीमें तलाश रही हैं।

9 अक्टूबर को करोड़पति कारोबारी शिवा शर्मा के अवध ग्रीन अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरने के बाद से श्रद्धा फरार है। दावा है कि वह लखनऊ से सीतापुर होते हुए बहराइच के रास्ते नेपाल पहुंच गई थी। पुलिस उसकी सटीक लोकेशन नहीं तलाश सकी।

वह अपनी बहन और दोस्त के साथ पुलिस को चकमा दे रही है। नेपाल में वह लगातार अपनी लोकेशन बदल रही है। उसके कथित सफेदपोश और नौकरशाह मददगारों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। फरारी के दौरान ही श्रद्धा ने 3 वीडियो जारी किए और घटना की रात की पूरी कहानी बताई। उसने कहा- मैं भागी नहीं हूं। शिवा ने सुसाइड किया है। मैं सच बताना चाहती हूं। शिवा के भी 2 वीडियो सामने आए हैं, जो उसकी मौत से पहले के हैं। वीडियो में एक महिला शिवा को धमका रही है।

बारिश से बचने के लिए घुसी भीड़, एक-दूसरे पर गिरने से हुआ हादसा

कोलकाता के दुर्गा पंडाल में भगदड़ में 19 की मौत, 25 घायल

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में शनिवार शाम चोरबागान दुर्गा पंडाल में भगदड़ मच गई। हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं।

हादसे में 25 लोग घायल हैं, हालांकि कोलकाता मेडिकल कॉलेज के सूत्रों ने 20 लोगों की मौत और 45 से ज्यादा लोगों के घायल होने का दावा किया।

कोलकाता पुलिस के मुताबिक, शाम को बारिश होने लगी, इससे बचने के लिए कई लोग पंडाल के अंदर रुक गए।

शाम 7.40 बजे बाहर खड़ी भीड़ भी पंडाल में आने की कोशिश करने लगी। इससे धक्का-मुक्की होने लगी और भगदड़ मच गई।

कनाडा में सैन्य अड्डे पर धमाका, कई सैनिक मारे गए

रक्षा मंत्री बोले- ऐसा दृश्य कभी नहीं देखा, यहां 1300 कर्मचारी तैनात थे

एजेंसी ▸▸ अल्बर्टा

कनाडा के अल्बर्टा के सैन्य अड्डे पर शनिवार को जोरदार धमाके के बाद आग लग गई। इसमें कई सैनिक और कर्मचारी मारे गए। रक्षा मंत्री डेविड मैकगिन्टी ने हादसे की जानकारी दी। उन्होंने कहा, मैंने ऐसा दर्दनाक दृश्य पहले कभी नहीं देखा।

मृतकों और घायलों की संख्या फिलहाल नहीं बताई गई है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सोशल मीडिया पर इसे गंभीर घटना बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार और स्थानीय प्रशासन साथ मिलकर राहत और बचाव के काम में जुटी है। इस सैन्य अड्डे पर 1300 से ज्यादा सैनिक और कर्मचारी काम करते है।


डॉक्टर बोले- स्वास्थ्य केंद्र मरीजों से भरे



स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, विस्फोट के बाद तेज हवाओं के कारण आग सैन्य अड्डे के आसपास तेजी से फैल गई। कई इलाकों से दमकलकर्मी आग बुझाने के लिए पहुंचे। रॉयल एलेक्जेंड्रा अस्पताल के इमरजेंसी डॉक्टर वॉरेन थिर्स्क ने इसे 15 से 25 साल में एक बार होने वाली बड़ी आपदा बताया। उन्होंने कहा कि मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि शहर के स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह भर गए। अधिकारियों ने अभी तक यह नहीं बताया है कि धमाका कैसे हुआ और आग लगने की वजह क्या थी। रक्षा मंत्री मैकगिन्टी ने कहा कि कनाडा की रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस घटना की जांच कर रही है।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

नई नजीर की इबारत गढ़ी जाए

धर्मनगरी में आए दिन इवेंट के नाम पर कुछ न कुछ हो रहा है। शातिर अपनी जेब को ठूंस-ठूंस कर भर रहे हैं और इसे लेकर अनजान बनने के नाम पर शहर की संस्था के जिम्मेदार सौ रहे हैं। पास के शहर में ऐसे होने वाले इवेंट को बराबर ध्यान रखा जाता है। कलाकार चाहे कितने भी बड़े हों और किसी भी माध्यम से आए वहां अपने कर को लेकर शहर की संस्था बराबर जागरुक होकर वसूली कर लेती है। नेता हो या अभिनेता सब कलाकारों के लिए उन्होंने नियमों को एक सा ही तय कर लिया है। वे स्वच्छता में नंबर-1 यूं ही नहीं कहलाते हैं। वहां की जनता भी थूंकने और यहां वहां कचरा फेंकने पर आपत्ति उठा लेती है। वहां होने वाले आयोजनों की रूपरेखा पूरी तरह से ध्यान में रखी जाती है। नजर के साथ पूरे नियमों का पालन करवाने का क्रम शुरू हो चुका है। धर्मनगरी में सुस्ती का आलम छाया हुआ है। सड़कों पर जो चाहे आयोजन कर लेता है। यूं गरीब से गुमटी की दंड रसीद रोज काट दी जाती है लेकिन सडकों पर आयोजन कर चंदा वसूली वाले मजे ले रहे हैं उन्हें पूरी छूट मिली हुई है। खुसूर-फुसूर है कि हाल ही में धर्मनगरी में इवेंट के नाम पर एक नहीं अनेक स्थानों पर खुली वसूली हुई। विरोध करने वालों ने विरोध भी किया फिर भी शातिराना खोपड़ियों ने रास्ता निकाल कर अपनी जेबें भर ही ली हैं। इस पूरे मामले को शहर की संस्था देखती रही लेकिन इवेंट के नाम पर न तो वसूली की गई न ही जांच ही की गई।

नैनो न्यूज

- नवपद आयंबिल आराधना के पहले दिन अरिहंत पद का विवेचन, अरिहंत परमात्मा के पास होते हैं तीन प्रकार के वैभव - पुण्य, करुणा और गुण- गुरुदेव
- वैष्णव समाज के तीन दिवसीय नौ विलास रास गरबा का रंगारंग समापन, हजारों श्रद्धालुओं ने किया डांडिया, ज्ञान परीक्षा व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुए पुरस्कृत
- अवधेश यादव के निवास पर पहुँचे दिग्विजय सिंह, दिया स्नेह एवं आशीर्वाद, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री दिग्विजय सिंह जी ने अवधेश यादव के निवास पर पहुँचकर उनसे मुलाकात की।
- आचार्य वर्धमान सागर जी महाराज सहित 19 त्यागियों की नगरी सनावद में आचार्य श्री वर्धमान सागर पाठशाला के बच्चों ने नवरात्रि की अष्टमी पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में रविवारीय सामूहिक पूजन किया।
- नवरात्रि के पावन अवसर पर लोकमान्य तिलक महाआयोजन समिति के तत्वावधान में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के नेतृत्व में शहर के 151 स्थानों पर कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान एक साथ 35 हजार कन्याओं का पूजन कर सनातन संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया गया।
- मां हरसिद्धि को भव्य चुनरी अर्पण, विश्व मंगल की कामना, 2100 कन्याओं सहित मातृशक्ति का पूजन करके फल वितरण किए
- उज्जैन की साक्षी, इशिता, मोनिका बास्केटबॉल टीम में, राज्य स्तरीय स्पर्धा ग्वालियर में 28 से
- मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा आयोजित तलाश-ए-जौहर एवं मुशायरा का कार्यक्रम बेहद कामयाब रहा।
- 13,500 फीट की ऊंचाई से छलांग... उज्जैन की अमिता ने रचा इतिहास, उज्जैन की अमिता गौड़ बनीं मध्य प्रदेश की पहली महिला 'एइ सर्टिफाइड स्काईडाइवर
- बगलामुखी संस्थान द्वारा उज्जैन एवं राष्ट्र के कल्याण की कामना के साथ 30वें पुरुषचरण की पूर्णाहुति संपन्न, बगलामुखी साधिका एवं ज्योतिषाचार्य अर्चना सरमंडल ने 30 लाख मंत्र जप पूर्ण कर की लोककल्याण की प्रार्थना

ट्रेंडिंग

क्या है तेरी आखरी इच्छा...

मैं बीजेपी में जाना चाहता हूं....



इसकी फांसी रोक दो ये अब निर्दोष है...

कानपुर के शिवाला स्थित कैलाश मंदिर के परिसर में रावण का अनूठा मंदिर

एक साल में केवल विजयादशमी पर ही खुलते हैं दशानन मंदिर के पट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वैसे तो विजयादशमी पर पूरे देश में बुराई के प्रतीक रावण का दहन करने की परंपरा प्रचलित है किन्तु कुछ स्थानों पर विजयादशमी पर महापंडित के रूप मे रावण की पूजा भी की जाती है। कानपुर के शिवाला स्थित कैलाश मंदिर के परिसर में रावण का अनूठा मंदिर है। यहां रावण द्वारपाल की मुद्रा में है।

दशानन मंदिर का महत्व- लंकापति के चरित्र का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि रावण परम शिवभक्त व वेदों का ज्ञाता था। रावण ने ही भगवान शिव की प्रशस्ति में शिव-तांडव स्त्रोत की रचना की थी और भोलेनाथ को प्रसन्न कर विविध वरदान प्राप्त कर लिए थे। रावण की विद्वता से प्रभावित होकर ही उन्नाव के महाराज गुरूप्रसाद शुक्ल ने वर्ष 1868 मे कानपुर के शिवाला क्षेत्र मे रावण के अनोखे मंदिर का निर्माण करवाया था। इसमे दैत्यराज रावण के दस मुख सभी को आकर्षित करते हैं। मंदिर वर्ष के 364 दिन बंद रहता है और केवल विजयादशमी पर ही दशानन मंदिर के पट खुलते हैं। शाम को जब रामलीला मैदान मे रावण दहन होता है तभी मंदिर के पट बंद किए जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि रावण को मोक्ष मिल गया और कपाट पुनः बंद कर दिए जाते हैं। अगली विजयादशमी तक मंदिर बंद ही रहता है।







छिन्नमस्तिका देवी का वरदान

लोकमान्यता है कि कैलाश मंदिर स्थित छिन्नमस्तिका देवी के दर्शन अधूरे रहेंगे यदि दशानन की आराधना न की जाए। पौराणिक मान्यतानुसार एक बार रावण ने कठोर तप करके मां छिन्नमस्तिका को प्रसन्न किया। माता ने रावण को वरदान दिया कि देवी के दर्शन का फल भक्त को तभी मिलेगा जब वह दशानन के दर्शन पहले करे। शायद इसीलिए मंदिर के बाहर दशानन द्वारपाल मुद्रा मे विराजित है।

दशानन के दर्शन का आकर्षण

कानपुर व आसपास के क्षेत्र से श्रद्धालु सुबह से ही दशानन के दर्शन हेतु एकत्र हो जाते हैं। शस्त्र व शास्त्रों मे निपुण महापंडित रावण का दुग्धाभिषेक होता है फिर विग्रह को विधिवत पीला दुपट्टा पहनाया जाता है। तरोई के फूल अर्पित किए जाते हैं और सरसों तेल के दीप प्रज्जवलित किए जाते हैं।

नकारात्मक शक्तियों से रक्षा की कामना

विजयादशमी पर दशानन मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालु मूर्ति पर पुष्प चढ़ाकर सरसों के तेल का दीपक जलाते हैं और रावण से सुरक्षा की कामना करते हैं। मान्यता है कि इस दिन रावण की आराधना करने से नकारात्मक शक्तियों से सुरक्षा का आशीष दशानन देते हैं। दशानन का ये मंदिर प्रेरणा है कि हम किसी की भी अच्छाइयों को आत्मसात करें और बुराई को त्यागकर आगे बढ़ते जाएं।

जयसिंहपुरा में नगर निगम की 3 अवैध निर्माण पर रविवार तड़के कार्रवाई

सिंहस्थ भूमि पर बने महासिद्ध आश्रम पर चला बुलडोजर

सामान खाली करने का समय देकर लौटी टीम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ क्षेत्र की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। रविवार तड़के करीब 5 बजे निगम की टीम ने जयसिंहपुरा क्षेत्र में नरसिंह घाट के पास स्थित महासिद्ध आश्रम (एमएस सुकृत ट्रस्ट) के अवैध निर्माण पर कार्रवाई की।

टीम ने तीन पोकलैंड मशीनों की मदद से नए बने भवन के कुछ हिस्से ध्वस्त किए। हालांकि, भवन के भीतर रखा सामान निकालने के लिए समय देते हुए टीम कार्रवाई रोककर अस्थायी रूप से लौट गई।

दो बार नोटिस देने के बाद भी नहीं हटाया निर्माण- नगर निगम के भवन अधिकारी राजकुमार राठौर ने बताया कि आश्रम परिसर में सिंहस्थ के लिए सुरक्षित जमीन पर हाल ही में तीन अलग-अलग पक्के भवनों का निर्माण किया गया था। इस अवैध निर्माण को हटाने के लिए आश्रम संचालक को पहले ही दो बार नोटिस जारी किए जा चुके थे। तय समय सीमा में निर्माण नहीं हटाए जाने पर रविवार सुबह ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।



सामान निकालने के लिए दिया समय

कार्रवाई के दौरान अधिकारियों को पता चला कि नवनिर्मित भवन के भीतर आश्रम का काफी सामान रखा हुआ है। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने सामान निकालने के लिए समय दिया और कार्रवाई रोक दी। दी गई समय सीमा समाप्त होने के बाद शेष अवैध निर्माण हटाने की प्रक्रिया दोबारा शुरू की जाएगी।

आज अष्टमी तिथि पर नगर पूजा माता जी को लगेगा मदिरा का भोग

27 किमी तक बहेगी मदिरा की धार, कलेक्टर करेंगे पूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर चौबीस खंभा माता मंदिर में नगर पूजा होगी। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह आज सुबह 8 बजे चोबीस खंबा माता मंदिर स्थित मां महामाया और मां महालया को मदिरा का भोग लगाकर नगर पूजा की शुरूआत करेंगे। इसके बाद शहर के 40 से अधिक देवी व भैरव मंदिर में पूजा होगी। अधिकारी एवं कोटवारों का दल ढोल-ढमाकों के साथ 27 किलोमीटर की परिधि में आने वाले सभी देवी और भैरव मंदिरों में पूजन के लिए रवाना होंगे। इस दौरान नगर पुजा मार्ग पर हांडी से मदिरा की धार लगाई जाएगी। उज्जैन में नगर पूजा की परम्परा सम्राट विक्रमादित्य के काल से चली आ रही है।

प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर नगर की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना के लिए शासकीय नगर पूजा का आयोजन परंपरानुसार किया जाता है। इस वर्ष भी शासकीय नगर पूजा का आयोजन आज सोमवार, 19 अक्टूबर 2026 को प्रातः 7 बजे किया जाएगा।नगर पूजा की शुरूआत श्री चौबीस खम्बा माता मंदिर में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर किया जाएगा। इस दौरान माता को मदिरा की धार अर्पित की जाएगी। इसके पश्चात नगर के लगभग 40 छोटे-बड़े देवी व भैरव मंदिरों में पूजन-अर्चन किया जाएगा। यह धार्मिक यात्रा विभिन्न मंदिरों में पूजा की परंपरा का निर्वहन करते हुए रात्रि में हांडी फोड़ भैरव मंदिर पर पहुंचकर संपन्न होगी। शासकीय नगर पूजा उज्जैन की प्राचीन धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह आयोजन नगर की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की मंगलकामना के साथ प्रतिवर्ष श्रद्धा और परंपरागत विधि-विधान से संपन्न किया जाता है।

आधुनिकता की भेंट चढ रहा परंपरागत कुटीर उद्योग



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ग्रामीण इलाकों मे एक समुदाय सदैव से ही अपना पारंपरिक गृह उद्योग करता आया है। ये लोग भीषण गर्मियों मे जंगल से खजूर के पत्ते काटकर लाते रहे हैं और परिवार के सदस्य वर्षाकाल में घर के अंदर इन पत्तों को छीलकर सुन्दर झाड़ू बनाते रहे हैं। आधुनिकता के चलते हमारी परंपरागत खजूर झाड़ू को फूल झाड़ू ने मात दे दी और अब ये घरेलू उद्योग आखिरी सांस गिनता नजर आ रहा है।

खजूर के लंबे पत्तों में नुकीले कांटे होते हैं जिनको एक विशेष औजार से महिलाएं छीलती हैं इसी दौरान महिलाओं के हाथ में नुकीले कांटे चुभ भी जाते हैं और हाथ में गहरे घाव हो जाते हैं। रोजी रोटी के चलते महिलाएं ये कष्ट उठाकर सुन्दर झाड़ू बनाती हैं किन्तु आज इनको खरीदनेवाले कम हो गए परिणामस्वरूप उचित दाम नहीं मिलते। विगत दो दशकों से तेजी से हुए शहरीकरण ने इस घरेलू उद्योग को काफी प्रभावित किया है। पक्के मकानों के चिकने व सपाट फर्श को साफ करने के लिए लोग फूल झाड़ू को प्राथमिकता दे रहे हैं। फूल झाड़ू दिखने मे फैंसी है साथ ही इसके अंदर कीड़े मकोडे छुप नहीं पाते इसलिए खजूर की झाड़ू की बिक्री में मंदी आई है।

शहर में कहीं भी कभी भी बेरोकटोक ई-रिक्शा घुस रहे

महाकाल लोक के बाहर बार-बार जाम, जनता परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल लोक मे पर्यटकों की संख्या बढ़ने से शहर में मनीफ्लो तो हुआ और रेस्टोरेंट, होम स्टे, लॉज, होटल, ई- रिक्शा, आटो रिक्शावालों का व्यवसाय चमक उठा किन्तु स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानियों से जूझना भी पड़ रहा है।

नवरात्रि पांडाल व कार्यक्रम फिर भी एंट्री- सबसे अधिक पर्यटकों का हुजूम महाकाल लोक वाले गेट पर होता है। शाम छः से साढ़े आठ तक गेट पर पर्यटकों का सर्वाधिक दबाव होता है। हरिफाटक ब्रिज से महाकाल लोक पहुंच मार्ग के थोड़ा पहले ही नवरात्रि उत्सव का पांडाल लगा हुआ है। ऐसा ही एक पांडाल जयसिंहपुरा जानेवाले मार्ग पर लगा है। दोनों पांडाल में शाम से कार्यक्रम व स्थापित माता की मूर्ति की आरती होती है इस दौरान यातायात पूरी तरह ध्वस्त नजर आता है। दोपहिया व चौपहिया वाहन संकरे हो चुके रास्ते में देर, तक फंसे रहते हैं। कल भी रात आठ से नौ बजे तक महाकाल लोक के सामने ढेरों वाहन फंसे रहे।



यातायात पुलिसकर्मी नदारद- महाकाल लोक जैसे अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थल पर जाम लगने की स्थिति मे व्यवस्था संभालते कोई भी पुलिसकर्मी नजर नहीं आ रहा था। लोग जैसे तैसे रास्ता तलाशते गंतव्य की ओर रवाना होते रहे। इसी मार्ग से हरसिद्धि दर्शन जानेवाले स्थानीय श्रद्धालु जाम मे फंसे रहे और भारी असुविधा के शिकार होते रहे।

महाकाल लोक के गेट पर ई रिक्शों की कतार- महाकाल लोक पर बाहर से आए पर्यटकों का भारी दबाव होता है। सवारी बैठाने की होड के चलते ई-रिक्शा वाले महाकाल लोक के गेट पर खड़े रहते हैं। एक के पीछे एक खड़े रिक्शे पूरी रोड को जाम कर देते हैं। आश्चर्य का विषय है कि इन्हें पुलिस का खौफ नहीं और पीटीएस के ट्रेनी जवानों की सिटी बजाने से इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ रहा।

यातायात संचालन की दूरगामी नीति का अभाव- निरंतर जाम की स्थिति से प्रतिदिन दो चार होते स्थानीय निवासी पूरी तरह निराश हो चुके हैं। यातायात नामक महकमा तो बस नाम का एक विभाग सिद्ध हो रहा है इस विभाग के कर्मचारी कभी भी मुस्तैदी व सख्ती से ड्यूटी करते नजर ही नहीं आते। ऐसा लगता है कि बस महकमे की सार्थकता मात्र मुख्यमंत्री आगमन के दौरान बैरिकेड्स लगाकर यातायात संचालन तक सीमित रह गई है और आमजनता की तकलीफ से इनका कोई सरोकार नहीं है। वर्तमान में तो यातायात प्रबंधन कीएक दूरगामी नीति का सर्वथा अभाव ही नजर आ रहा है।

उज्जैन के खेल जगत को एकजुट करने का आह्वान

25 अक्टूबर को होगा दशहरा खेल मिलन समारोह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विजयादशमी के पावन अवसर पर उज्जैन के समूचे खेल जगत को एक सूत्र में पिरोने और खेलों के विकास के लिए नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने के उद्देश्य से 25 अक्टूबर को शाम 4 बजे स्थानीय भारतीय ज्ञानपीठ स्कूल में खेल संगठनों का दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक राजेश शर्मा एवं महावीर जैन ने बताया कि यह केवल एक मिलन समारोह नहीं, बल्कि उज्जैन के खेल भविष्य को नई दिशा देने की पहल है। इस अवसर पर विभिन्न खेल संगठनों के पदाधिकारी, प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमी एक मंच पर एकत्रित होकर खेलों के विकास, खिलाड़ियों के हित और उज्जैन को खेल नगरी के रूप में स्थापित करने के लिए सामूहिक विचार-विमर्श करेंगे।

आपने कहा कि उज्जैन की मिट्टी में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है कि प्रत्येक प्रतिभावान खिलाड़ी को सही प्रशिक्षण, उचित मार्गदर्शन, बेहतर सुविधाएं और आगे बढ़ने का अवसर मिले। इसके लिए खेल संगठनों को एक-दूसरे की प्रतियोगिताओं में सहयोग करना होगा, संसाधनों और अनुभव को साझा करना होगा तथा खिलाड़ियों के हित में मिलकर काम करना होगा। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी विजयेंद्र देवड़ा सहित विभिन्न खेलों से जुड़े पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहेंगे। इनमें प्रमुख रूप से

1 रकबी से राजेश सिंह कुशवाह
2 फुटबॉल से मनोज तिवारी, दिलीप मेहता, यशवंत पटेल
3 क्रिकेट से यूनुस शेख, सुरेंद्र कावरा, डॉ. राकेश चावरे, चांदनी यादव, मेघा शर्मा
4 हॉकी से अनिल निकम, सपना कछवाए, गोपाल गौतम, दिलीप भार्गव
5 बॉडी बिल्डिंग से शैलेन्द्र व्यास, स्वामी मुस्कुराके
6 पारंपरिक लाठी से रजनी नरवरिया, पूजा चित्तौड़ा
7 बास्केटबॉल से रितु शर्मा, प्रगति जैन, मनीषा पवार
8 साइकिल पोलो से विवेक वैद्य
9 तैराकी से चित्रेश शर्मा, हरीश शुक्ला, संतोष सोलंकी, विनोद चोरसिया
10 एथलेटिक्स से सुदर्शन शर्मा, अब्दुल वहाब
11 खो-खो से दिनेश चौबे, दिलीप चौहान
12 बैडमिंटन से योगेश बंदेवार, मोनिका खलोटिया, विजय भार्गव
13) मल्लखंभ से योगेश मालवीय, आशीष मेहता, सपना माली
14) कुश्ती से गणेश बागड़ी, लीलाधर जाधव
15 टेबल टेनिस से एस.पी. झा, सतीश मेहता, राजेश शर्मा
16 कबड्डी से भारती शर्मा, केशव मिश्रा, आनंद व्यास, हरीश राजौरा, एम.एल. डागरे
17 जिम्नास्टिक से आर.एल. वर्मा, ओ.पी. शर्मा, संजय जोहरी
18 किक बॉक्सिंग से मीनाक्षी चौहान
19 मिशन साइकिल सिटी से उत्कर्ष सिंह सेंगर
20 पावर लिफ्टिंग से कमल नंदवाना, जय यादव
21 योग से शैलजा रिछारिया
22 वॉलीबॉल से पूजा राठौर, मनीषा लावरे, प्रलय जोशी, भास्कर राव भागवत, रफीक अंसारी, रमेश साहू, अयूब भुट्टो
23 शूटिंग से वीराज परिहार, अक्षय सिंह
24 कलारिया पट्टू से विशाल सिंह
25 कराटे से कमल सोनी
26 बॉक्सिंग से यशवंत अग्निहोत्री
27 थांगटा से अभिषेक मरमट
28 शतरंज से संदीप कुलश्रेष्ठ, महावीर जैन एवं सूरज भान
29 परंपरागत लाठी से अरविंद जोशी
30 रोलर स्केटिंग से मधुसूदन मालवीय
31 गतका से पुरुषोत्तम तिवारी

विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।



दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | सोमवार 19 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

अर्बन कॉन्क्लेव का आयोजन इंदौर में 28 अक्टूबर को होगा

इंदौर। मध्यप्रदेश में तीव्र गति से हो रहे शहरीकरण को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों की आवासीय आवश्यकताओं की समुचित पूर्ति तथा सर्वसुलभ एवं किफायती आवासों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। आगामी 28 अक्टूबर को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय 'अर्बन कॉन्क्लेव-2026' का आयोजन किया जा रहा है। कॉन्क्लेव में शहरी आवास विकास, निजी निवेश की संभावनाओं, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) और भविष्य की भावी आवश्यकताओं के अनुरूप शहरों के सुव्यवस्थित नियोजन से जुड़े विभिन्न नीतिगत एवं क्रियान्वयन संबंधी विषयों पर गहन विचार-मंथन किया जाएगा।

तालाब को नर्मदा जल से भरने के लिए मंत्री को सौंपा पत्र

इंदौर। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि इंदौर जिले के ग्राम तिल्लौरखुर्द स्थित प्राचीन तालाब को नर्मदा पाइपलाइन के माध्यम से भरने का प्रयास किया जाएगा। इससे क्षेत्र में जल उपलब्धता बढ़ाने के साथ किसानों को सिंचाई और ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से राहत दिलाने में मदद मिलेगी। मंत्री श्री सिलावट के इंदौर स्थित निवास पर आज राऊ विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु वर्मा ने ग्राम पंचायत तिल्लौरखुर्द में जल संसाधन विभाग के लगभग 24 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थित प्राचीन तालाब को नर्मदा पाइपलाइन से भरने के संबंध में पत्र सौंपा। उन्होंने इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया।

बूथ क्रमांक 93 एवं 107 पर 351 कन्याओं का पूजन

उज्जैन। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के नेतृत्व 151 स्थानों पर कन्या पूजन का आयोजन किया गया उसी क्रम में वार्ड क्रमांक 10 की पूर्व पार्षद प्रेमलता राधेश्याम गेहलोत के निवास के पास 351 कन्याओं का पूजन कर उपहार भेंट किये गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत विक्रमनाथ, महंत करिश्मा सहित इस अवसर पर समाज सेवी लीलाधर भाटी, अनंतनारायण सांखला,नरेंद्र सांखला, किशोर भाटी,मोतीलाल मालवीय,शंकरलाल दगदी, हुकमा पहलवान (खलीफा), , मोतीलाल मारोठिया, उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिभाषक विजय पटेल ने कीकार्यक्रम की मुख्य यजमान प्रेमलता गेहलोत थी, कार्यक्रम का संचालन अजय गेहलोत ने किया।

अब इंदौर में 1 करोड़ की धोखाधड़ी का खुलासा



भोपाल । श्रमोदय विद्यालयों में मेस भुगतान से जुड़े कथित वित्तीय घोटाले में अब इंदौर के मामले भी जांच के दायरे से बाहर रहने के आरोप लगे हैं। पीड़ित कंपनी का दावा है कि भोपाल में करीब 1.55 करोड़ रुपये के कथित गबन के अलावा श्रमोदय विद्यालय, इंदौर में भी लगभग एक करोड़ रुपये की वित्तीय क्षति हुई है। इसके बावजूद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने अब तक इंदौर से जुड़े कथित वित्तीय लेनदेन की जांच शुरू नहीं की है। मामले में मुख्य आरोपित गौरव शर्मा की अग्रिम जमानत याचिका भी भोपाल न्यायालय खारिज कर चुका है। पीड़ित कंपनी के अधिवक्ता शुभांक दीक्षित और अंकुर पांडेय के अनुसार गौरव शर्मा इंदौर स्थित श्रमोदय विद्यालय में प्रबंधक के पद पर कार्यरत था। कंपनी ने 24 दिसंबर 2025 को ईओडब्ल्यू के नोटिस के जवाब में इंदौर में हुई कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े तथ्य प्रस्तुत किए थे। इसके बावजूद इस मामले को अब तक जांच में शामिल नहीं किया गया। अधिवक्ताओं का कहना है कि इंदौर की कथित एक करोड़ रुपये की क्षति भोपाल में दर्ज मामले से अलग है। भोपाल में कथित 1.55 करोड़ रुपये के मेस भुगतान फजीर्वाड़े में ईओडब्ल्यू ने बीती 27 मई को सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। कंपनी का आरोप है कि प्राथमिकी दर्ज होने के 90 दिन से अधिक समय बीतने के बाद भी न किसी आरोपित की गिरफ्तारी हुई, न रिमांड मांगी गई और न ही आरोप-पत्र प्रस्तुत किया गया।

नैनो न्यूज

- **देवास – बारिश से मौसम में बदलाव-** जिले में मानसून की विदाई के बाद भी मौसम में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश की संभावना के बीच किसानों को फसल सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है।
- **आगर-मालवा – गरज-चमक के साथ बारिश के आसार-** आगर-मालवा जिले में मौसम विभाग ने गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं बारिश की संभावना जताई है। बदलते मौसम को देखते हुए किसानों को कृषि कार्य सावधानी से करने की सलाह दी गई है।
- **शाजापुर – बारिश की कमी बनी चिंता-** शाजापुर जिले में इस मानसूनी सीजन में सामान्य से कम बारिश दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। बारिश की कमी से प्रभावित क्षेत्रों में आगामी मौसम और जल उपलब्धता पर नजर बनी हुई है।
- **सुसनेर – मौसम में बदलाव की संभावना-** सुसनेर क्षेत्र में अक्टूबर के दौरान मौसम में बदलाव और आसपास के जिलों में बारिश की संभावना को देखते हुए किसानों को फसल कटाई, भंडारण और कृषि कार्यों में सावधानी रखने की जरूरत है।
- **रतलाम – बारिश और तेज हवा का अलर्ट-** रतलाम जिले में 18 अक्टूबर को कहीं-कहीं बारिश, गरज-चमक और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई

प्राचीन मिट्टी के बर्तन, टेराकोटा के खिलौने, शिवलिंग, देवी-देवताओं की प्रतिमाएं मिली हैं

उज्जैन से 40 किमी दूर मिले महाकाल वन के प्राचीन प्रवेश द्वार के साक्ष्य

उज्जैन जिले के प्राचीन स्थलों का सर्वेक्षण किया गया, इनमें वैदिक, शैव, शाक्त और वैष्णव परंपराओं से जुड़े साक्ष्य शामिल हैं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल वन की प्राचीन सीमाएं और उसके प्रवेश द्वारों के इतिहास को समझने के लिए अब उज्जैन से करीब 40 किलोमीटर दूर सामानेरा और टुकराल जैसे गांव महत्वपूर्ण कड़ियां बनकर उभरे हैं। यहां हुए पुरातात्विक समन्वेषण में प्राचीन मिट्टी के बर्तन, टेराकोटा के खिलौने, शिवलिंग, देवी-देवताओं की प्रतिमाएं और प्राचीन स्थापत्य के अवशेष मिले हैं।

सामानेरा के ब्रह्माणी माता मंदिर में गुप्तकालीन मानी जाने वाली दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती की संयुक्त प्रतिमा तथा टुकराल के माता खेड़ा यानी नागदेव मंदिर परिसर में प्राचीन मंदिर और सुरक्षा दीवार के अवशेष विशेष महत्व रखते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, ये स्थल अवंती-मालवा की धार्मिक, सांस्कृतिक और स्थापत्य परंपराओं के नए पहलुओं को सामने लाते हैं। अवंती-मालवा क्षेत्र विरासत अनुसंधान और संरक्षण यात्रा के तहत उज्जैन जिले के प्राचीन स्थलों का सर्वेक्षण किया गया। यात्रा के समन्वयक एवं सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा और अश्विनी शोध संस्थान के निदेशक तथा पुरातत्वविद डा. रामचन्द्र ठाकुर ने बताया कि तराना, उज्जैन, माकड़ौन और महिदपुर तहसीलों के विभिन्न स्थलों पर प्रागैतिहासिक से लेकर गुप्तकालीन और परमारकालीन अवशेषों की पहचान की गई है। इनमें वैदिक, शैव, शाक्त और वैष्णव परंपराओं से जुड़े साक्ष्य शामिल हैं।

सामानेरा में दुर्लभ प्रतिमा

माकड़ौन-तराना क्षेत्र में छोटी कालीसिंध नदी के तट पर स्थित सामानेरा महाकाल वन की प्राचीन सीमा से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है। यहां टेराकोटा के खिलौने, प्राचीन मृद्भांड और करीब 2000 वर्ष पुराना माना जाने वाला शिवलिंग मिलने की जानकारी सामने आई है। ब्रह्माणी माता मंदिर में गुप्तकालीन मानी जाने वाली दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती की संयुक्त प्रतिमा इस स्थल को विशिष्ट बनाती है। परिसर में गुप्तकाल और परमारकाल की शिव प्रतिमाएं भी मौजूद हैं। स्थानीय लोगों ने प्राचीन मूर्तियों को सुरक्षित रखते हुए यहां मंदिर विकसित किया है। क्षेत्र को प्राचीन उज्जयिनी और महाकाल वन से जोड़ने वाली स्थानीय मान्यताएं भी प्रचलित हैं।

टुकराल में जमीन के नीचे दबे मंदिर के संकेत

टुकराल के माता खेड़ा मंदिर परिसर में बेसाल्ट पत्थरों के बड़े खंड, प्राचीन स्तंभों के अवशेष और बिना गारे के पत्थरों को जोड़कर बनाई गई परकोटे जैसी संरचना मिली है। विशेषज्ञों के अनुसार, वर्तमान मंदिर जिस टीले पर स्थित है, उसके नीचे प्राचीन मंदिर के अवशेष दबे होने की संभावना है। यहां हरिहर यानी शिव-विष्णु के संयुक्त स्वरूप, नवदुर्गा, गणेश, नागदेवता और गंगा, यमुना व सरस्वती की प्रतिमाएं भी मौजूद हैं। ये अवशेष विभिन्न धार्मिक परंपराओं के सह-अस्तित्व की झलक देते हैं।

संरक्षण के लिए बनेगी योजना- विशेषज्ञों ने बिखरी प्राचीन प्रतिमाओं और स्थापत्य अवशेषों को एकत्र कर सुरक्षित रखने की जरूरत बताई है। इसके लिए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय और अश्विनी शोध संस्थान की ओर से संगोष्ठी आयोजित करने तथा श्रमदान के माध्यम से संरक्षण की योजना बनाने की बात कही गई है। इन स्थलों का व्यवस्थित पुरातात्विक अध्ययन और वैज्ञानिक संरक्षण होने पर मालवा के प्राचीन इतिहास की कई महत्वपूर्ण कड़ियों को समझने में मदद मिल सकती है।

तीन घंटे लगा जाम, परेशान हुए लोग, रांग साइड से आने वाले वाहन उलझे, बिना अनुमति लगाया था मंच

रोड पर लगे भजन संध्या के मंच ने बिगाड़ी यातायात व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारों की लापरवाही और आयोजकों की मनमानी एक बार फिर सामने आई। हरसिद्धि मंदिर के पास शनिवार को भजन संध्या के लिए बीच सड़क पर मंच तान दिया गया, जिसका खामियाजा आम वाहन चालकों को भुगतना पड़ा।

मंच के कारण ऐसा जाम लगा कि करीब तीन घंटे तक सड़क पर वाहन रेंगते रहे और लोग चंद दूरी तय करने के लिए जूझते नजर आए। दूर तक वाहनों की कतारें लगी रहीं और अव्यवस्था के बीच वाहन चालक एक-दूसरे में उलझते रहे। लापरवाही की हद यह कि बीच सड़क पर मंच लगाने के लिए अनुमति तक नहीं ली गई, लेकिन आयोजकों को न नियमों की परवाह थी और न आम जनता की परेशानी की चिंता। इससे भी ज्यादा हैरानी उन जिम्मेदारों की चुप्पी पर है, जिनके कंधों पर यातायात व्यवस्था सुचारु रखने की जिम्मेदारी है। नियमों को ताक पर रखकर सड़क घेर ली गई, लोगों को घंटों हलाकान होना पड़ा, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कोई सख्ती नजर नहीं आई। पुलिस कंट्रोल रूम पर जाम की सूचना मिलने के बाद यातायात जवान मौके पर पहुंचे और व्यवस्था संभालने में जुटे।

थाने से आयोजन की अनुमति ली थी

हरसिद्धि मंदिर का यह कार्यक्रम साल में एक दिन होता है। यह कार्यक्रम हम बीते 40 साल से करते आ रहे है। मंच लगाने से इस क्षेत्र में किसी तरह का जाम नहीं हुआ। इस क्षेत्र में मच्छी बाजार व पंढरीनाथ मंदिर के पीछे गरबे का आयोजन होता है। इसके कारण नौ दिन तक ट्रैफिक जाम लगता है। हमारे आयोजन में 150 वालेंटियर ट्रैफिक संभालने में लगे थे। हमने पंढरीनाथ थाने से आयोजन की अनुमति ली थी।

-निखिल खानवलकर,
हरसिद्धि नवयुक मंडल

वाहन चालकों को निकलने के लिए जूझना पड़ा

भजन संध्या के लिए लगाए गए मंच के कारण कलेक्टर कार्यालय की ओर से आने वाले वाहन रांग साइड में घुसने लगे, जबकि पंढरीनाथ की तरफ से आने वाले वाहन चालकों को निकलने के लिए जूझना पड़ा। सड़क पर वाहनों का दबाव बढ़ने से स्थिति लगातार बिगड़ती गई। जाम का असर सिर्फ हरसिद्धि मंदिर के आसपास तक सीमित नहीं रहा। पंढरीनाथ चौराहे से वाहन वापस पलटने लगे, जिससे राजवाड़ा की ओर जाने वाला यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ। इस दौरान लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वाहन चालकों का समय बर्बाद हुआ और सड़क पर अव्यवस्था बनी रही।

अनुमति का आवेदन भी नहीं दिया

हरसिद्धि पर जाम लगने से प्रशासन और यातायात विभाग की भूमिका को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। मंच लगाने के लिए किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी। फिर भी मंच नहीं हटाया गया। शाम सात बजे से पूरे क्षेत्र में ट्रैफिक बाधित होता रहा। आपस में गुत्थमगुत्था होते वाहनों को भी आयोजकों ने रास्ता देना उचित नहीं समझा। लोग घंटों जाम में फंसे रहे। एडीसीपी ट्रैफिक संतोष कौल ने बताया कि भजन संध्या के मंच से ट्रैफिक बाधित हुआ है। यातायात व्यवस्थित करने के लिए स्टाफ को भेजा गया है। वे कहते हैं कि मंच लगाने को लेकर विभाग की तरफ से अनुमति नहीं दी गई। आयोजकों ने मंच लगाने के बारे में आवेदन भी नहीं दिया है।

सत्र 2026-27 से 9वीं से 12वीं के परीक्षा पैटर्न में होगा बदलाव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने सत्र 2026-27 से कक्षा 9वीं से 12वीं तक की परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों के पैटर्न में बदलाव करने की घोषणा की है। मण्डल द्वारा जारी पत्र के अनुसार, आगामी शैक्षणिक सत्र से मुख्य विषयों के प्रश्न पत्रों में दो अंकों के अतिलघुउत्तरीय प्रश्नों से आंतरिक विकल्प की सुविधा को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 15 अक्टूबर को जारी इस आदेश से राज्य के लाखों विद्यार्थियों, शिक्षकों को नए परीक्षा पैटर्न के अनुसार तैयारी करनी होगी। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा यह बदलाव पाठ्यचर्या समिति की बैठक और कार्यपालिका समिति की स्वीकृति के अनुपालन में लागू किया गया है। सभी स्कूलों और प्राचार्यों को बोर्ड ने जो निर्देश जारी किए हैं उनके मुताबिक सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्य एवं समन्वयक संस्थाओं को निर्देशित किया है कि वे इस नए नियम से सभी विद्यार्थियों और उनके पालकों-अभिभावकों को समय रहते अवगत कराएं ताकि छात्र अपनी तैयारी नए परीक्षा पैटर्न के अनुसार कर सकें। मुख्य विषयों के प्रश्न पत्रों में दो अंक वाले प्रश्नों में अब कोई आंतरिक विकल्प नहीं मिलेगा। छात्रों को पूछे गए सभी दो अंकों के प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य होंगे। तीन अंकों वाले लघुउत्तरीय प्रश्नों तथा चार अंकों वाले दीर्घउत्तरीय प्रश्नों में पहले की तरह आंतरिक विकल्प की सुविधा यथावत जारी रहेगी।

दोबारा रोपने की पहल क्यों नहीं? ब्रिज निर्माण के लिए उखाड़कर फेंके पेड़, पर्यावरण संरक्षण के दावों पर सवाल

सिंहस्थ 2016 में लगाए पेड़ सड़क निर्माण की भेंट चढ़े

विकास के साथ पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी भी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में सड़क और ब्रिज निर्माण के नाम पर विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं, लेकिन इस विकास की कीमत पर्यावरण को चुकानी पड़ रही है। सिंहस्थ 2016 के दौरान लगाए गए पेड़ों को ब्रिज निर्माण के लिए उखाड़कर फेंक दिया गया। सवाल यह है कि वर्षों से तैयार हो रहे इन पेड़ों को बचाने की कोशिश क्यों नहीं की गई? क्या निर्माण कार्य के लिए इन्हें हटाना जरूरी था, या फिर इन्हें दूसरी जगह रोपकर सुरक्षित रखा जा सकता था?

सिंहस्थ 2016 के दौरान शहर में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए थे। इन पौधों ने वर्षों में पेड़ों का रूप लिया। अब सड़क और ब्रिज निर्माण के दौरान इन्हें उखाड़कर फेंक दिए जाने से हरियाली को नुकसान पहुंचा है। यदि निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग समय रहते योजना बनाते, तो इन पेड़ों को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने का प्रयास किया जा सकता था। सड़क और ब्रिज का निर्माण शहर की जरूरत है, लेकिन विकास का अर्थ यह नहीं कि पहले से मौजूद हरियाली को बिना विकल्प तलाशे नष्ट कर दिया जाए। पेड़ों को दूसरी जगह रोपने के लिए तकनीकी प्रक्रिया, उचित समय और देखभाल की जरूरत होती है। हर पेड़ को सफलतापूर्वक स्थानांतरित करना संभव नहीं होता, लेकिन जहां यह विकल्प उपलब्ध था, वहां कम से कम प्रयास तो किया जाना चाहिए था।

विकास जरूरी है लेकिन हरियाली की कीमत पर नहीं

अब सवाल संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी से है कि पेड़ों को हटाने से पहले उनके संरक्षण या पुनःरोपण की योजना बनाई गई थी या नहीं? कितने पेड़ हटाए गए और क्या उनके बदले नए पौधे लगाए जाएंगे? यदि सिंहस्थ के नाम पर वर्षों पहले तैयार की गई हरियाली को इस तरह खत्म कर दिया जाएगा, तो पर्यावरण संरक्षण के दावे केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएंगे। विकास जरूरी है, लेकिन हरियाली की कीमत पर नहीं। निर्माण कार्यों की योजना बनाते समय पेड़ों को बचाने और जरूरत पड़ने पर दूसरी जगह रोपने को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि शहर को बेहतर सड़कें और ब्रिज मिलने के साथ उसकी हरियाली भी कायम रहे।

उज्जैन में तलवार-भगवा ध्वज के साथ युवतियों ने किया गरबा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मध्य प्रदेश की धर्मनगरी उज्जैन में गरबा महोत्सव के दौरान भक्ति, शक्ति और शौर्य का अनूठा संगम देखने को मिला। नानाखेड़ा स्थित राजमाता सिंधिया स्टेडियम में शिव शक्ति सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित गरबा महोत्सव में युवतियों और महिलाओं ने एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में भगवा ध्वज थामकर पारंपरिक अंदाज में गरबा किया।

तलवारों के साथ कदमताल करती प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। पंडाल में गूंजते जय श्री राम और जय श्री महाकाल के उद्घोष से माहौल भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो गया। इस वर्ष आयोजन की मुख्य थीम मां शक्ति की आराधना और महिषासुर मर्दन रखी गई है।

शिव शक्ति सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष सतीश सिंदल ने बताया कि उनके पंडाल में फिल्मी गानों पर गरबा करने की अनुमति नहीं है। यहां केवल पारंपरिक भजनों, धार्मिक गीतों और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत धुनों पर ही प्रस्तुतियां दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि समिति ने पिछले वर्ष आई लव महाकाल थीम पर गरबा महोत्सव का आयोजन किया था, जिसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। इस बार मां शक्ति की आराधना और महिषासुर मर्दन को आयोजन का मुख्य विषय बनाया गया है।

29 किलोमीटर क्षेत्र में निर्माण, संभागायुक्त ने दी मई 2027 की डेडलाइन

सिंहस्थ से एक साल पहले तैयार होंगे नए घाट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच शिप्रा नदी के घाट निर्माण कार्यों को लेकर प्रशासन ने समय-सीमा तय कर दी है। नदी के करीब 29 किलोमीटर क्षेत्र में बन रहे नए घाट मई 2027 तक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने बारिश समाप्त होने के बाद निर्माण कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।

शनिवार को संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गऊघाट पाले के समीप और नवग्रह शनि मंदिर के पीछे ग्राम गोठड़ा क्षेत्र में निमार्णाधीन घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने निर्माण स्थल पर मौजूद श्रमिकों की संख्या, काम शुरू होने के समय और प्रतिदिन होने वाले निर्माण की जानकारी ली। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि घाटों पर रिटेनिंग वॉल और लैंडिंग का काम चल रहा है। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि अब बारिश के कारण काम प्रभावित न हो और निर्माण एजेंसी पूरी क्षमता के साथ काम करे। उन्होंने निर्माण में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने को भी कहा। संभागायुक्त ने गऊघाट पाले के समीप और नवग्रह शनि मंदिर के पीछे ग्राम गोठड़ा क्षेत्र में निमार्णाधीन घाटों का निरीक्षण किया। संभागायुक्त ने गऊघाट पाले के समीप और नवग्रह शनि मंदिर के पीछे ग्राम गोठड़ा क्षेत्र में निमार्णाधीन घाटों का निरीक्षण किया।

बारिश के कारण धीमा पड़ा था काम

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि बारिश के दौरान शिप्रा नदी में जलस्तर और पानी की स्थिति के कारण घाट निर्माण की गति प्रभावित हुई थी। अब बारिश समाप्त होने के बाद काम में तेजी लाई जा रही है।

सिंहस्थ-2028 में करोड़ों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए घाटों पर सुगम और सुरक्षित स्नान की सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी है।ऐसे में निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करना प्रशासन के सामने महत्वपूर्ण चुनौती है। मई 2027 की समय-सीमा पूरी होने पर सिंहस्थ से पहले व्यवस्थाओं को जांचने और जरूरी सुधार करने के लिए भी पर्याप्त समय मिल सकेगा। सिंहस्थ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए घाटों का समय पर तैयार होना जरूरी है। मई 2027 तक निर्माण पूरा होने से मेले से पहले सुविधाओं की जांच करने और कमियों को दूर करने के लिए समय मिल सकेगा। इससे श्रद्धालुओं के स्नान और आवाजाही की व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने में मदद मिलेगी।

गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त और कलेक्टर ने निर्माण स्थलों पर मौजूद श्रमिकों की संख्या की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से प्रतिदिन काम शुरू होने के समय तथा दिनभर में होने वाली प्रगति के बारे में भी पूछा। अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने और काम की गति के साथ गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए, ताकि परियोजना निर्धारित समय पर पूरी हो सके। सिंहस्थ-2028 में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने की संभावना को देखते हुए घाट निर्माण को महत्वपूर्ण परियोजना माना जा रहा है। प्रशासन का जोर निर्माण की गुणवत्ता, नियमित निगरानी और समयबद्ध कार्य पूरा कराने पर है, ताकि आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

सुख-समृद्धि एवं लोककल्याण की कामना की

गायत्री शक्ति प्रज्ञा पीठ पर सप्तमी को मंत्रोच्चार के साथ हुआ यज्ञ

नौ दिवसीय नवरात्रि यज्ञ में गायत्री परिवार के सदस्यों ने दीं आहुतियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

नगर में नवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवरात्रि के पावन अवसर पर गायत्री शक्ति प्रज्ञा पीठ मंदिर में नौ दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ के अंतर्गत शनिवार को सप्तमी के पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक यज्ञ संपन्न कराया गया। इस दौरान गायत्री परिवार के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर सुख-समृद्धि, शांति, सद्भाव और जनकल्याण की कामना की।

सप्तमी के अवसर पर आयोजित यज्ञ पंडित शिवकांत पंड्या के आचार्यत्व में संपन्न हुआ। उन्होंने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ की विभिन्न धार्मिक प्रक्रियाएं पूर्ण कराईं। यज्ञ के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव से यज्ञ में सहभागिता की तथा धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सकारात्मक विचारों का संदेश ग्रहण किया। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा की आराधना के साथ यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व माना जाता है। गायत्री शक्ति प्रज्ञा पीठ पर आयोजित यह नौ दिवसीय यज्ञ भी इसी धार्मिक परंपरा का हिस्सा है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ ही समाज में संस्कार, सेवा, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा मिलता है।

न्यूज कालम



नवदुर्गा विसर्जन से पहले सुरक्षा का जायजा, कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

बड़वाह। नवदुर्गा प्रतिमा विसर्जन और त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए खरगोन कलेक्टर गुरुप्रसाद और पुलिस अधीक्षक रविन्द्र वर्मा ने बड़वाह क्षेत्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने नवघाट खेड़ी, नवदुर्गा विसर्जन स्थलों और अपरवेदा डेम सहित संवेदनशील स्थानों, प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने संबंधित थाना प्रभारियों से सुरक्षा इंतजामों की जानकारी लेते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिमा विसर्जन के दौरान यातायात सुचारू रखने, भीड़ प्रबंधन करने और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जरूरी तैयारियां समय रहते पूरी करने को कहा।शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और उनकी निगरानी क्षमता भी जांची गई। प्रमुख मार्गों, चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों पर कैमरों के जरिए सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।एसपी ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को त्योहारों के दौरान सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। प्रशासन और पुलिस ने शांतिपूर्ण विसर्जन तथा आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने पर जोर दिया।

बागोद में बिजली कटौती और एंबुलेंस संकट पर कांग्रेस का मोर्चा

बड़वाह। ग्राम बागोद में अघोषित बिजली कटौती और स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस की कमी को लेकर कांग्रेस ने प्रशासन के समक्ष मुद्दा उठाया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर कृषि कार्यों के लिए प्रतिदिन 10 घंटे बिजली, घरेलू उपभोक्ताओं को 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति और स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस उपलब्ध कराने की मांग की।मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र पटेल ने कहा कि रबी फसलों की सिंचाई के दौरान बिना पूर्व सूचना बिजली बंद होने से किसानों को परेशानी हो रही है। समय पर बिजली नहीं मिलने से सिंचाई प्रभावित होने और फसलों को नुकसान का खतरा बना हुआ है।बलवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष समर सिंह तंवर ने बागोद स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस की व्यवस्था का मुद्दा उठाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अनुसार, आपात स्थिति में मरीजों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में परेशानी होती है। उन्होंने ग्रामीणों की सुविधा के लिए तत्काल एंबुलेंस उपलब्ध कराने की मांग की।वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक जैन ने कहा कि बिजली और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी से ग्रामीणों को जूझना पड़ रहा है। प्रशासन को दोनों समस्याओं का शीघ्र निराकरण करना चाहिए। ज्ञापन के दौरान अशोक जैन, समर सिंह तंवर, सुरेंद्र पटेल, कुंजीलाल पटेल, विजय गोयल, देवेंद्र जी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर पटेल सहित पप्पू, धनसिंह, संतोष, शैलेंद्र, राजू, भादर, बबन, रामलाल, राजेश, जय पटेल, देवकरण, बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मां बागेश्वरी मंदिर में विहिप-बजरंग दल ने किया शस्त्र पूजन

सनावद। शारदीय नवरात्रि की सप्तमी पर 17 अक्टूबर को मां बागेश्वरी माता मंदिर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने शस्त्र पूजन किया। शाम 5 बजे आयोजित कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विधि-विधान से पूजन कर धार्मिक परंपराओं के प्रति आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम में बजरंग दल के जिला मंत्री रितेश कौशल और जिलाध्यक्ष रवि गुर्जर ने पर्वों को मर्यादा एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सामाजिक एकता, जागरूकता और आपसी सद्भाव बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, विभाग सहसंयोजक नितिन करड़क, विभाग धमार्चार्य प्रमुख राजा चौरसिया और सनावद प्रखंड अध्यक्ष आशीष जायसवाल सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नागलवाडी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: बलात्कार का फरार आरोपी गिरफ्तार

बड़वानी। पुलिस अधीक्षक महोदय, बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को गंभीर अपराधों (विशेषकर अपहरण और बलात्कार के मामलों) में फरार आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी के कड़े निर्देश दिए गए थे। इसी तारतम्य में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर और एसडीओपी सेंधवा श्री अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नागलवाडी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था।गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, दिनांक 18 अक्टूबर को बलात्कार के आरोपी बबलू पिता शोभाराम डावर को पाछोरा, महाराष्ट्र से हिरासत में लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर विधिवत गिरफ्तारी पंचनामा तैयार किया गया तथा उसका मेडिकल परीक्षण कराकर माननीय न्यायालय राजपुर के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को केंद्रीय जेल बड़वानी भेज दिया गया है।इस संपूर्ण और सफल कार्रवाई में नागलवाडी थाना प्रभारी निरीक्षक रामकुमार पाटील, उपनिरीक्षक कमल किशोर चौहान, आरक्षक अरुण राठौड़ और आरक्षक रोहित साल्वे की सराहनीय भूमिका रही।

जिले में ब्लैक आउट एवं अग्नि शमन मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

बड़वानी । राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मध्य प्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जारी आदेश तथा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बड़वानी के निदेर्शानुसार शनिवार को रात्रि ८ बजे एक विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह राहत, बचाव एवं अग्नि शमन मॉक ड्रिल कसरावद रोड स्थित नवलपुरा क्षेत्र में आयोजित की गई। यह संपूर्ण अभ्यास जिला सेनानी होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ श्री शरदचंद्र राय के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। मॉक ड्रिल के दौरान आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने, ब्लैक आउट के समय त्वरित राहत कार्य संचालित करने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय का परीक्षण किया गया।

साईं विहार में मां कालरात्रि की काकड़ आरती, गरबे में झूमीं महिलाएं

सनावद। नवरात्रि के सप्तम दिवस साईं विहार कॉलोनी, तोड़ीपुरा में मां नवदुर्गा महोत्सव समिति ने मां कालरात्रि की विशेष काकड़ आरती की। पंडित सचिन उपाध्याय के सानिध्य में पूजन-अर्चन और अभिषेक हुआ। अभिषेक बैसवार ने आरती की, जिसके बाद प्रसादी वितरित की गई। आरती के पश्चात महिलाओं और बालिकाओं ने गरबा कर माता की आराधना की। आयोजन में श्रद्धालु भक्तिभाव से शामिल हुए और सुख-समृद्धि की कामना की।

भगवान बालाजी मेले की तैयारियों को लेकर अर्चना चिटनिस ने किया स्थल निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



सूर्यपुत्री मां ताप्ती के पावन तट स्थित सतियारा घाट पर 22, 23 एवं 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाले भगवान बालाजी महाराज के भव्य मेले की तैयारियों को लेकर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस (दी) ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, मेला समिति के सदस्यों एवं भक्तों के साथ मेला स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, वाहनों की पार्किंग, सुगम आवागमन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए दो अलग-अलग मंच, दुकानों के व्यवस्थित नियोजन, स्वच्छता, प्रकाश एवं पेयजल सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को भगवान बालाजी महाराज के दर्शन करने में सुविधा हो और मेला सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हो।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि भगवान बालाजी महाराज का मेला बुरहानपुर की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और जनसहभागिता का महत्वपूर्ण आयोजन है। इस मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेले की तैयारियों में श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को भी समान प्राथमिकता दी जाए।

मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं वाहनों की संभावित संख्या को ध्यान में रखते हुए चिटनिस ने पार्किंग व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाहनों की पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थलों का चयन कर वहां आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। पार्किंग स्थलों से मेला परिसर तक पहुंचने वाले मार्गों का नियोजन इस प्रकार किया जाए कि यातायात बाधित न हो और जाम की स्थिति निर्मित नहीं हो। साथ ही पैदल आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी सुरक्षित एवं सुगम मार्ग सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। चिटनिस ने मेला स्थल पर लगने वाली दुकानों के लिए व्यवस्थित ले-आउट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुकानदारों को निर्धारित स्थान उपलब्ध कराए जाएं।अर्चना चिटनिस ने मेला स्थल को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि "मां ताप्ती के पावन तट पर आयोजित होने वाले इस धार्मिक मेले को प्लास्टिक मुक्त बनाना है।



ब्रह्मपुर में तिलक उत्सव समिति के पंडाल में जगमगा रही मां नवदुर्गा की भव्य प्रतिमा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्रह्मपुर स्थित लोकमान्य बालगंगाधर तिलक उत्सव समिति, तिलक भवन प्रांगण द्वारा शारदीय नवरात्र महापर्व पर जगत जननी मां नवदुर्गा की मिट्टी की आकर्षक व सुंदर प्रतिमा की स्थापना की गई है।

मां दुर्गा के पंडाल के समक्ष भारतीय परिवेश में प्रतिदिन भक्तिभाव से माताएं-बहने गरबा-रास कर रही हैं। मां दुर्गा के भव्य एवं दिव्य दर्शन हेतु प्रतिदिन सैकड़ों सनातनी हिंदू भक्तों का तांता लगा हुआ है। माँ शक्ति का आशीर्वाद आप पर भी सदैव बना रहे, यही कामना है।

लोकमान्य बालगंगाधर तिलक उत्सव समिति ने कहा है कि "हिंदुओं की महारानी" के सदस्यों और सनातनी हिंदुओं के प्रेम, आशीर्वाद व सहयोग से निकट भविष्य में नव दुर्गा महोत्सव के आयोजन को भव्य-दिव्य रूप व नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक उत्सव समिति महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी। समिति ने सभी श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

माँ इच्छादेवी के दरबार में सेवा और समर्पण का भाव, सांसद ने श्रद्धालुओं को बांटी फरियाली

बाफना परिवार के आयोजन में शामिल हुए सांसद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



इच्छापुर स्थित माँ इच्छादेवी मंदिर परिसर में रविवार को मामाश्री वेयरहाउस के बाफना परिवार द्वारा आयोजित फरियाली वितरण कार्यक्रम में खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को फरियाली वितरित कर सेवा कार्य में सहभागिता की। इस अवसर पर बाफना परिवार एवं माँ इच्छादेवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सांसद का आत्मीय अभिनंदन किया।

सेवा और संस्कारों की वाहक हैं धार्मिक परंपराएं*

इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि माँ इच्छादेवी जैसे पावन धाम हमारी आस्था के केंद्र होने के साथ ही सेवा, समर्पण और सामाजिक सद्भाव की प्रेरणा भी देते हैं। धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं की सहभागिता और सेवा के कार्य हमारी समृद्ध परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं। जरूरतमंदों एवं श्रद्धालुओं की सेवा करना पुण्य का कार्य है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी आत्मीयता, सहयोग और संस्कारों को मजबूत करते हैं। माँ इच्छादेवी का आशीर्वाद सभी पर बना रहे और क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली आए, यही कामना है।

ये रहे उपस्थित*

इस अवसर पर भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील, मनोज टंडन, आदित्य प्रजापति, अशोक कुमार बाफना, मनोज कुमार बाफना, मुकेश बाफना, मयूर बाफना, जिनेश बाफना, युदीत बाफना, भागवत बलीराम महाजन, भागवत नामदेव चौहान, रामभाऊ यावलकर, विजय सपकाले, पुंडलीक प्रभाकर महाजन, श्रीकृष्ण मानकर, नामदेव महाजन, वामन माली, गणेश महाजन, संजय पवार, दिनेश चौधरी, संजय मधुकर पंडित, मनोज रमेश महाजन, शुभम रघुनाथ चौधरी, विकल्प जैन, विशाल जैन, गोलू पंडित, भगुलाल महाजन, रामभाऊ दौवगे, सौरभ जैन, सुरेश ताठे, किशोर निंबालकर, रोशन जैन, आप्पा माली एवं संतोष सोनार सहित अन्य उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत

शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी में 'किशोर स्वास्थ्य दिवस' आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

शासकीय आदर्श महा विद्यालय, बड़वानी में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 'किशोर स्वास्थ्य दिवस' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 155 किशोर-किशोरियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी किशोर-किशोरियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत उनकी ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबिन एवं एनीमिया की जांच सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांचें संपन्न हुईं।

विशेषज्ञों द्वारा किशोर-किशोरियों को उचित पोषण, एनीमिया की रोकथाम, व्यक्तिगत स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य एवं माहवारी (मासिक धर्म) स्वच्छता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी एवं परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाए जाने पर उन्हें



आवश्यक चिकित्सा परामर्श, उपचार तथा आवश्यकतानुसार हायर सेंटर रेफरल के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

इनकी रही विशेष सहभागिता:

कार्यक्रम को सफल बनाने में डीसी श्री राधेश्याम जमरे एवं श्री लखन गगले, डॉ. मोनिका मुकाती, डॉ. उमा गोस्वामी, डॉ. दानिश आजमी, डॉ. दीपक सोनी, एवं डॉ. रविन्द्र सावले का विशेष सहयोग रहा।

साथ ही एएनएम श्रीमती टीना डावर, श्री सचिन धनगर, श्रीमती सुनीता बर्मन, परामर्शदाता श्रीमती सुनीता चौहान तथा मास्टर ट्रेनर श्री पूंजीलाल वास्कले एवं श्री परवीन चौहान ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।

डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की दी गई जानकारी:

कार्यक्रम के दौरान किशोर-किशोरियों को मानसिक स्वास्थ्य एवं सहायता से जुड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म्स जैसे टेली-मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें आवश्यकता पड़ने पर इन डिजिटल सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य किशोर-किशोरियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं एवं परामर्श से जोड़ना

एनएफआर ने पांच ट्रेनों में तकनीक आधारित ऑन-बोर्ड सेवाएं शुरू की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने पांच चयनित सुपरफास्ट ट्रेनों में बेहतर ऑन-बोर्ड सेवाएं शुरू की है। यह पहल करने वाला यह भारतीय रेलवे का द्वितीय जोनल रेलवे बन गया है। बेहतर की गई ऑन-बोर्ड सेवाओं का उद्देश्य साफ-सफाई, स्वच्छता और यात्रियों के आराम को बढ़ाना है। इसके तहत सामान्य कोच और एसी कोच के खिड़कियों की नियमित सफाई, वॉशरूम का बेहतर रखरखाव, कुशल कचरा प्रबंधन और समय पर लिनेन वितरण तथा इकट्ठा करने का कार्य सुनिश्चित होगा। समर्पित टीमें बुनियादी तकनीकी सहायता प्रदान करेगी, पानी की उपलब्धता पर नजर रखेंगी और यात्रियों की शिकायतों का दो घंटे के भीतर समाधान करेंगी।यदि कोई समस्या हल नहीं हो पाती है, तो उसे संबंधित रेल अधिकारियों के पास भेजा जाएगा। इस पहल में जवाबदेही और सेवा वितरण को मजबूत करने के लिए डिजिटल निगरानी, जियो-टैग्ड सेवा की जाँच, स्टाफ की ट्रैकिंग और एक केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली शामिल है। यात्रियों से प्राप्त रियल-टाइम फीडबैक, स्टार रेटिंग और एआई-आधारित सफाई का आकलन, प्रदर्शन के आकलन को और अधिक बेहतर बनाएगा। साथ ही, इससे सेवा की गुणवत्ता और यात्रियों के कुल अनुभव में निरंतर सुधार सुनिश्चित होगा।इस पहल के जरिए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे का उद्देश्य ऑन-बोर्ड सफाई को बेहतर बनाना, स्वच्छता के उच्च मानकों को बरकरार रखना यात्रियों की संतुष्टि को बढ़ाना है।

कलेक्टर- एसपी ने परखी विसर्जन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

नवरात्र का उत्सव अब अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है। मंगलवार को विजयादशमी पर विसर्जन का दौर शुरू हो जाएगा। इस दौरान विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक महकमा अलर्ट नजर आ रहा है। कलेक्टर गुरुप्रसाद एवं एसपी रविंद्र वर्मा ने नवदुर्गा विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही खामियां नजर आने पर प्रशासनिक एवं पुलिस महकमे को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।दोनों अधिकारियों ने बड़वाह क्षेत्र के नवघाट खेड़ी और अपरवेदा डेम का जायजा लिया। उन्होंने संवेदनशील स्थलों, प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का भी भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन किया।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद ने सीएम राइज स्कूल में विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी भी ली। हीरापुर से गुजरते समय पुलिया के पास ट्यूबवेल का पानी सड़क पर बहता देखा। पानी के कारण रास्ता खराब हो रहा था। कलेक्टर के निर्देश पर पानी की निकासी कर सड़क पर बने गड्ढों में मुरम डालकर रास्ते को दुरुस्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बमनाला में भी सड़क पर पानी जमा होने की समस्या देख। जल निकासी के लिए अलग से पाइप डालकर पानी की निकासी सुनिश्चित की गई।निरीक्षण के दौरान एसपी वर्मा ने संबंधित थाना प्रभारियों से क्षेत्र की कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।

बंजारा समाज के दो पक्षों में चाकूबाजी की घटना 6 घंटे तक चक्का जाम लगा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सुवासरा

रविवार की सुबह 10 के लगभग रुनिजा रोड स्थित विक्रम पिता बद्रीलाल बंजारा (बगाडा) अपनी दुकान पर बैठा ही था कि के उसके मोहल्ले में ही रहने वाला वह विक्रम पिता किशन दायमा बंजारा और उसका पुत्र दिलीप दोनों उसकी दुकान पर गए और कुछ बात कहा सुनी हुई और विक्रम बगाडा के पेट पर चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गए घटना को लोगों ने देखा तो उसे तत्काल अस्पताल लाया गया जहां गंभीर अवस्था में घायल होने के कारण विक्रम बगाडा को तत्काल मंदसौर उच्च इलाज के लिए रेफर कर दिया इसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने पुलिस को सुचना दी और रिपोर्ट दर्ज कराई तभी परिवार की महिला और परिजन और मोहल्ले बंजारा समुदाय के लोग रुनिजा रोड स्थित आरोपी के गोदाम व मकान पर गए और उसे तोड़फोड़ करने का प्रयास करने लगे घटना को लेकर पुलिस तत्काल सतर्क हो गई और आरोपी के घर व गोदाम पर पुलिस को बिठा दिया गया है लेकिन आरोपी व परिजन भी फरार हो चुके थे जिसको लेकर घायल विक्रम बागड़ा के परिजन और समाजजन ने रुनिजा रोड स्थित 11 बजे से चक्का जाम पर बैठ गए घटना की जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी रामसनेही मिश्रा , और सीतामऊ एस.डी.ओ.पी. दिनेश प्रजापति भी घटना स्तर पर पहुंच गए और मोर्चा संभाला दिनेश प्रजापति व थाना प्रभारी सुवासरा बी डी बीरा व स्टाफ ने मोर्चा संभाला और परिजनों को शांत करने का प्रयास किया।

शारदेय नवरात्र में गुंजे चैत्र नवरात्र के झालरिया गीत, बही भक्ति की बयार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



ज्योति नगर के गरबा पांडाल में शनिवार की रात मां दुर्गा के साथ गणगौर माता के जयकारे भी गूंजे। यहां गरबा गीतों के साथ ही जब झालरिये गीत गुंजे तो उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। अवसर था सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान गणगौर माता की विदाई नाटिका का। मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुति के दौरान राष्ट्रीय नृत्य कलाकार संजय महाजन के नृत्य दल ने गणगौर एवं रनु बाई.धनियर राजा की मार्मिक नाटिका प्रस्तुत की, तो दर्शक भावुक उठे।

नवरात्र में आस्था का केंद्र बने ज्योतिनगर में शनिवार को सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र पटेल सामूहिक महाआरती में शामिल हुए। सांसद के साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष पवन बिल्लौरे सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी भी शामिल रहे।

महाआरती के बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरूआत हुई। इस दौरान मंच पर गणगौर एवं शारदेय नवरात्र का अनूठा संगम देखने को मिला। कॉलोनी के सीनियर-जुनियर ग्रुप ने एक से बढ़कर एक गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद जब राष्ट्रीय कलाकार संजय महाजन के नृत्य दल ने मंच संभाला तो माहौल लोकसंस्कृति के रंग में रंगा नजर आया। नृत्यांगनाओं ने देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों का आकर्षक मंचन किया। इस मनमोहक प्रस्तुति को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्तिभाव से ओत.प्रोत हो गए। देवी के नौ स्वरुपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री के स्वरुप में सजी बालिकाओं ने माता के स्वरुप का जीवंत मंचन किया। नृत्य, संगीत और नाटकीय रूपांतरण के माध्यम से प्रत्येक स्वरूप की विशेषताओं और महत्व को दशार्या गया। हर प्रस्तुति पर तालियों की गडगड़ाहट गूंज उठीए जिसने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

उत्सव समिति अध्यक्ष ने नितिन मालवीय नेकलाकारों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि नृत्य दल ने गणगौर एवं रनु बाई व धनियर राजा की मार्मिक नाटिका प्रस्तुत कर लोक संस्कृति की अनोखी छंटा बिखेरी। दल ने अपनी प्रस्तुति से पारंपरिक राजस्थानी लोककला और संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया। यह नाटिका गणगौर पर्व से जुड़ी रनु बाई और धनियर राजा की प्रेम कहानी पर आधारित थी, जिसमें राजस्थानी रीति.रिवाजों, भावनाओं और लोक संगीत का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

उत्सव समिति प्रचार- प्रमुख दिलीप सोनी ने बताया प्रस्तुति के दौरान नाटिका का सबसे हृदयस्पर्शी पल तब आया जब रनु बाई को उसके ससुराल से लेने ससुर, जेठ और देवर आते हैं। पारंपरिक विदाई की यह मार्मिक घड़ी दर्शकों को गहराई से छू गई और कई लोगों की आंखें नम हो गईं। संजय महाजन के नृत्य दल ने अपने सशक्त अभिनय और भावपूर्ण नृत्य के माध्यम से इस संवेदनशील दृश्य को प्रभावी ढंग से मंच पर उतारा।

कलाकारों ने पात्रों की आंतरिक भावनाओं और उनके संघर्ष को बखूबी दशार्या, जिससे दर्शक कहानी से भावनात्मक रूप से जुड़ पाए।

न्यूज -कॉलम

मासूम के साथ छेड़छाड़ करने वाले को भेजा जेल

उज्जैन। जूना सोमवारिया क्षेत्र में रहने वाले परिवार की सात वर्षीय बालिका के साथ 2 दिन पहले रात के समय परिवार के साथ सो रही थी। उसके पिता मजदूरी से नहीं लौटते थे। उसी दौरान हाथी का टेकरा क्षेत्र में रहने वाला अब्दुल रशीद पिता वाहीद खान घर में घुस गया था और बालिका के साथ छेडछाड छेडछाड़ करने लगा था। बालिका नींद से जाग गई थी और शोर मचाया था। मां और भाई के जागने पर आरोपी भाग निकला था। जीवाजीगंज पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। जिसे शनिवार रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। आरोपी की पत्नी उसे छो?कर पूर्व में जा चुकी है।

घर में घुसकर तोड़फोड़ करने वाला बदमाश पकड़ाया

उज्जैन। गणेशपुरा में पुराने विवाद के चलते सिसौदिया परिवार के घर में घुसकर तोडफोड करने वाले बदमाश बलराम उर्फ विक्की नूडल के खिलाफ माधवनगर थाना पुलिस ने सुनील सिसौदिया की शिकायत पर एक माह पहले मामला दर्ज किया था। बदमाश नूडल लगातार फरार चल रहा था। बीती रात सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे कंचनपुरा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि बदमाश का सुनील सिसौदिया के पुत्र से पुराना विवाद था, जिसके चलते उसने अपने 2 साथियों के साथ मिलकर तोडफोड की थी। पुलिस के अनुसार बदमाश के खिलाफ 24 से अधिक मामले दर्ज है। उसे न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है। पूछताछ में उसने अपने 2 साथियों के नाम बताये है। जिनकी तलाश जारी है।

दिनदहाड़े घर के बाहर खड़ी बाइक हुई चोरी

उज्जैन। कानीपुरा मार्ग पदमावती कालोनी में रहने वाला मनोज पिता खूबचंद कारपेंटरी का काम करता है। रविवार दोपहर वह काम कर खाना खाने के घर लौटा था। उसने बाइक क्रमांक एमपी 13 झेड क्यू 4047 घर के बाहर खडी की थी। खाना खाने के बाद वह कुछ देर आराम करने रूक गया। शाम 4 बजे के लगभग वह वापस काम पर जाने के लिये घर से बाहर आया तो बाइक गायब थी। आसपास तलाश करने पर कुछ पता नहीं चला। मनोज ने चिमनगंज थाने पहुंचकर लिखित शिकायत पुलिस को दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा बाइक चोरी करने वाले का पता लगाने के लिये कालोनी में सीसीटीवी कैमरे देखने की बात कहीं है। विदित हो कि शहर में हर दूसरे दिन बाइक चोरी की खबर सामने आती है। पुलिस को आशंका है कि बाइक चोरी को कंजर और पारदी गिरोह के बदमाश अंजाम दे रहे है, जो बाहर से आते है।



दुर्घटना में घायल और जहर खाने वाले की मौत

उज्जैन। रविवार को 2 निजी अस्पताल में भर्ती लोगों की मौत हो गई। एक झारडा के डोगराखेडा का रहने वाला रामचंद्र पिता विक्रम आंजना था। माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि रामचंद्र ने 12 अक्टूबर को जहर खाया था। परिजन उसे फ्रीगंज स्थित निजी अस्पताल लेकर आये थे। मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। दूसरा घटनाक्रम इंगोरिया से जुडा हुआ है। झाबुआ के ग्राम लोहारिया में रहने वाले सुरेश पिता कालू भूरिया को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। उसे उपचार के लिये उज्जैन लाया गया था। परिवार नानाखेडा स्थित निजी अस्पताल ले गया। जिसकी दोपहर में मौत हो गई। नानाखेडा पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप मर्ग डायरी इंगोरिया थाना को भेजने की बात कहीं है।

बेटे ने पत्नी के साथ मिलकर पिता से की मारपीट

उज्जैन। माकडोन के ग्राम मेरगढ़ में रहने वाले लक्ष्मीनारायण पिता दुलेसिंह भाटी 50 साल ने सोयाबीन की फसल काटी थी। 2 दिन पहले उसका पुत्र फसल बेचकर आ गया था। लक्ष्मीनारायण ने बेची गई फसल के रूपये मांगे तो पुत्र ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर पिता से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुत्र-बहू द्वारा की गई अमानवियता की शिकायत लक्ष्मीनारायण ने पुलिस को दर्ज कराई। मामले में दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है और पुलिस घर पहुंची तो दोनों गायब मिले। पुलिस के अनुसार दोनों को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा। एक अन्य मामले में राघवी थाना पुलिस ने ग्राम काल्हा पिपलिया में रहने वाले गुमान पिता मांगूसिंह सौंधिया की शिकायत पर भाई और उसके साथी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया। गुमानसिंह ने शिकायत में बताया कि भाई अपने साथी के साथ आया था और सोयाबीन की फसल में बंटवारे को गाली-गलौच करने लगा था।

ट्रेन में चढते समय महिला का चुराया था मंगलसूत्र....

हिरासत में वारदात की फिराक में दोबारा आई महिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ट्रेन में चढ़ते समय महिला यात्री का मंगलसूत्र चोरी करने वाली महिला दूसरी बार फिर से वारदात की फिराक में आई थी। जीआरपी ने उसे वारदात करने से पहले हिरासत में ले लिया। उससे पूर्व में चोरी किया गया मंगलसूत्र बरामद किया गया है।

शाजापुर की रहने वाली रीना पति धर्मेन्द्र 15 अक्टूबर को परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आई थी। वापस लौटने के लिये वह रेलवे स्टेशन पहुंची थी और प्लेटफार्म नम्बर 1 पर आई कामाख्या एक्सप्रेस में सवार होने के लिये च? रही थी। उसी दौरान भी? का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश ने उसका सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया था। 70 हजार कीमत का मंगलसूत्र चोरी होने पर रीना ने पति के साथ जीआरपी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने मामला दर्ज कर आरपीएफ प्रभारी नरेन्द्र यादव की टीम के साथ मिलकर मंगलसूत्र चोरी करने वाले बदमाश की तलाश में सीसीटीवी कैमरे देखने पर सामने आया था कि मंगलसूत्र चोरी करने वाला बदमाश नहीं महिला थी, जो गोद में बच्चा लेकर आई थी। फुटेज के आधार पर उसकी तलाश की जा रही थी। शनिवार को वहीं महिला दोबारा से बच्चा लेकर स्टेशन पहुंची और प्लेटफार्म नम्बर 8 पर वारदात की फिराक में थी। जीआरपी की टीम ने फुटेज के आधार पर उसे पहचान लिया और हिरासत में लिया। थाना प्रभारी गुप्ता ने बताया कि पूछताछ में महिला का नाम पायल उर्फ झिंग्गो बंजारा पति लक्की बंजारा निवासी साबरमती नदी के पास झुग्गी झोपडी अहमदाबाद हाल मुकाम देवास बंजारा बस्ती सामने आया। उसकी निशानदेही पर 4.410 ग्राम वजनी मंगलसूत्र बरामद कर लिया गया है। फिलहाल आरोपिया महिला से पूछताछ की जा रही है।



भोपाल-जयपुर ट्रेन में चढ़ते समय वारदात

रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर एक बार फिर से आभूषण चोरी करने वाली गैंग सक्रिय दिखाई दे रही है। बुधवार को महाराष्ट्र की रहने वाली 61 वर्षीय संध्या पति देवीदास सालुंके के साथ हुई कान की बाली चोरी होने का मामला महराष्ट्र: में दर्ज होने के बाद उज्जैन जीआरपी के पास पहुंचा है। बताया जा रहा है कि संध्या सालुंके महाकाल दर्शन करने आई थी। दूसरे दिन सिहोर जाने के लिये स्टेशन पहुंची थी, उसी दौरान भोपाल-जयपुर ट्रेन में चढ़ते वक्त कान की बाली चोरी हुई थी। गुरूवार को भी नयापुरा निवासी सीता पत्नी रामचंद्र 65 वर्ष बेटी अनीता के साथ इंदौर जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंची थी। डा. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस में चढ़ते समय कान की बाली चोरी हो गई थी।

कपास-खली व्यापारी के साथ 1.13 लाख की धोखाधडी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नागझिरी उद्योगपुरी में मोहित इंडस्ट्रीज नाम से कपास-खली का कारोबार करने वाले व्यापारी के साथ यूपीआई के माध्यम से 1.30 लाख की ऑनलाइन धोखाधडी हो गई। नागझिरी पुलिस ने ई एफआईआर दर्ज होने पर मामले में प्रकरण दर्ज किया है।

देवासरोड कल्पतरू एवेन्यू में रहने वाला भारत पिता राघुसिंह चौहान नागझिरी उद्योगपुरी में कपास-खली का कारोबार करता है। 3 अक्टूबर को इंडस्ट्रीज में काम के दौरान अचानक मोबाइल हैक हो गया। कुछ देर बात पता चला कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा यूपीआई के माध्यम से उसके खाते से 1.13 लाख रूपये धोखाधडी से निकाल लिये है। भारतसिंह ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। जहां से रविवार को मामला नागझिरी थाना पुलिस के पास पहुंचा तो मामले में अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। एक मामला नागझिरी थाना क्षेत्र के विजय पिता



ओमप्रकाश देवडा के साथ हुआ। गूगल पर हीरो फायनेंस कंपनी का एप डाउनलोड कर कार की किश्त कम कराने के लिये उसके द्वारा एप पर दिये नम्बर पर कॉल किया और कर्मचारी बताने वाले युवक से बातचीत की। युवक ने किश्त कम करने के नाम पर 28 हजार का ट्रांजेक्शन करा लिया। 29 सितंबर को हुये ट्रांजेक्शन के बाद भी किश्त कम नहीं हुई तो फायनेंस कंपनी के आफिस पहुंचकर जानकारी ली गई। तब ऑनलाइन धोखाध?ी होना सामने आया। विजय की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कॉल धारक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बिल अपडेट कराने के ठगे 2 लाख

माधवनगर थाना क्षेत्र के दमदमा निवासी युसुफ मोहम्मद शेख के पास 10 अक्टूबर को वॉट्सऐप पर एक अंजान नंबर से मैसेज आया, जिसमें अवंतिका गैस एजेंसी का कनेक्शन कटने की बात कही गई थी। इसके बाद आरोपी ने वॉट्सऐप कॉल कर बिल अपडेट कराने के नाम पर उनसे एक ऐप डाउनलोड करवाया और 10 रुपए का ट्रांजैक्शन करने को कहा। उसके बाद यूनियन बैंक खाते से अलग-अलग 3 से 4 ट्रांजेक्शन के हुये और युसुफ शेख के 2 लाख 1 हजार रूपये निकल गये। खाते से राशि निकलने का मैसेज बैंक से मिला तो धोखाधडी की शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराई। जहां से मामला माधवनगर पुलिस के पास पहुंचा तो प्रकरण दर्ज किया गया है।

गरोठ ब्रिज पर रात 10:30 बजे सड़क हादसा

दोस्त को छोड़ लौट रहे युवक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में सड़क हादसे के मामले लगातार सामने आ रहा है। रात 10:30 बजे गरोठ ब्रिज पर हुए सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस डायल 112 अस्पताल लेकर पहुंची। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे।

पंवासा थाना आरक्षक संदीप शर्मा ने बताया कि सूचना मिलने पर डायल 112 मक्सी रोड गरोठ ब्रिज पहुंची थी मोंटी दरबार ढाबे के आगे बाइक सवार लहूलुहान हालत में पड़ा था। उसे तत्काल चरक अस्पताल लाया गया। जानकारी लगने पर परिजन भी अस्पताल आ गए थे। परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने बताया कि नाम अनिल पिता भवरलाल सुनेरिया 42 साल निवासी प्रेम नगर चंदेसरा देवासरोड है। अनिल इलेक्ट्रिशियन का काम करता था और दोस्त को आगर रोड मेडिकल कॉलेज के पास छोड़ने गया था जहां से वापस लौट रहा था। पुलिस के अनुसार परिजन संतुष्ट नहीं थे और निजी अस्पताल ले जाने की बात कह रहे थे। चरक अस्पताल के डॉक्टरों ने ईसीजी किया लेकिन सांस थम चुकी थी।

मानसिक कमजोर बालिका से अश्लीलता करने वाले का सजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

27 माह पहले मानसिक कमजोर बालिका को अपने साथ ले जाने के बाद रास्ते में अश्लीलता करने वाले आरोपी को पास्को एक्ट के मामले में न्यायालय ने 3 साल की सजा सुनाई है। आरोपी के खिलाफ अर्थदंड भी लगाया गया है।

उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र खांडेगर ने बताया कि 11 जुलाई 2024 को माकडोन क्षेत्र में मानसिक कमजोर नाबालिग के साथ एक युवक द्वारा जबरदस्ती अश्लीलता का प्रयास किया था। नाबालिग का शोर सुनकर



कुछ लोग एकत्रित हो गये थे। अश्लीलता करने वाला भाग निकला था। लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। बालिका माकडोन की रहने वाली सामने आई थी। परिवार के सामने आने पर मां ने बताया था कि बेटी बचपन से कमजोर है वह इशारों में बातचीत करती है। बेटी को लेने परिचित शिवा उर्फ शिवनारायण निवासी ग्राम सतगांव थाना लालघाटी जिला शाजापुर आया था। उसने कहा था कि बुआ घर पर नहीं है, इसलिये बेटी को 4-5 दिन के लिये भेज दो। उसने बेटी को शिवा के साथ भेजा था। नाबालिग से इशारों में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि शिवा ने रास्ते में शराब पी थी और एक खेत किनारे गाडी रोक धमकाया कि किसी को बताया तो जान से मार देगा। उसके द्वारा जबरदस्ती कराने का प्रयास किया जा रहा था। चिल्लाने पर मारपीट करने लगा था, आवाज सुनकर कुछ लोग आ गये थे, शिवा भाग निकला था।

पुलिस ने मां की शिकायत पर मामले में पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। सुनवाई पूरी होने पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रेमा साहू ने फैसला सुनाते हुये आरोपी को 3 साल की सजा और 2 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी विमल कुमार सिंह द्वारा पैरवी की गई।

आज उज्जैन आ सकते हैं प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह, आकस्मिक बैठक की भी संभावना



उज्जैन। मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव श्री सुखवीर सिंह के मंगलवार को उज्जैन आने की संभावना है। वे लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के प्रमुख सचिव हैं। इसके अतिरिक्त उनके पास खाद्य सुरक्षा आयुक्त, मध्यप्रदेश का भी प्रभार है। सूत्रों के अनुसार, उनके संभावित दौरे के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आकस्मिक बैठक भी हो सकती है। हालांकि, दौरे और बैठक को लेकर आधिकारिक पुष्टि तथा एजेंडा सामने आना शेष है।

दर्शन करने आये नेपाल के श्रद्धालु भूले होटल

उज्जैन। काठमांडू नेपाल से महाकाल दर्शन करने आए श्रद्धालु होटल का पता भूल गये। काफी भटकने के बाद उन्होने पुलिस से सहयोग मांगा और सामान होटल में रखा होने की बात कहीं। पुलिस ने कुछ घंटों में होटल का पता लगाया और श्रद्धालुओं को पहुंचाया।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि काठमांडू से विनीता भट्टराई और नीरव कार्की महाकाल दर्शन के बाद अपने होटल का पता भूल गए। परेशान होकर दोनों थाना महाकाल पहुंचे। बाहर से आये श्रद्धालुओं की परेशानी का समाधान करने के लिये एसआई चंद्रभान सिंह और बलराम जाट की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई। टीम ने श्रद्धालुओं के आने वाले संभावित मार्गो पर लगे कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये, लेकिन कुछ पता नहीं चला। आरक्षक शिवम शर्मा ने उज्जैन गेस्ट रिपोर्ट के माध्यम से जानकारी जुटाना शुरू किया और कुछ घंटो में श्रद्धालुओं को उनकी होटल तक पहुंचा दिया। श्रद्धालुओं ने उज्जैन पुलिस की तत्परता को देखते हुये आभार माना और कार्यशैली की सराहना की।

उज्जैन-उन्हेल मार्ग पर दुर्घटना, युवक की मौत

उज्जैन। बाइक पर सवार युवक को शनिवार-रविवार रात अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। युवक को अस्पताल पहुंचाया जाता उससे पहले रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंपा।

भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि रात में उन्हेल-उज्जैन मार्ग ग्राम रूई में बाइक सवार युवक के स?क दुर्घटना में घायल होने की सूचना मिली थी। पुलिस घटनास्थल पहुंची तो सामने आया कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। घायल बाइक सवार को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी रास्ते में मौत हो गई। बाइक नम्बर से पहचान करने पर सामने आया कि उन्हेल का रहने वाला देवी पिता हटेसिंह 22 साल है। रात में परिजनों को सूचना दी, जो अस्पताल पहुंच गये थे। सुबह परिजनों ने बताया कि देवीसिंह की डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। 6 माह पहले बेटी हुई है। पत्नी मायके आगर के डग बडौद में रह रही है। देवीसिंह बेटी को देखने और पत्नी से मिलने आगर गया था। जहां से वापस लौट रहा था। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में चार पहिया वाहन होना सामने आ रहा है।

नानाखेड़ा में 22 अक्टूबर को होगा बुराई के प्रतीक क्रूर राक्षस का अंत

उज्जैन। शहर में असत्य पर सत्य की जीत और आसुरी प्रवृत्तियों के नाश के प्रतीक विजयदशमी पर्व को लेकर खासा उत्साह है। इसी कड़ी में नानाखेड़ा स्थित रावण दहन स्थल पर आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

संस्था के संरक्षक और समाजसेवी नारायण यादव, विक्रम विश्वविद्यालय की कार्य परिषद के सदस्य राजेश सिंह कुशवाह के संरक्षण एवं नानाखेड़ा रावण दहन के संयोजक अभिषेक सिसोदिया की अगुवाई में यह पूरा आयोजन भव्य रूप से संपन्न होगा। समिति अध्यक्ष डॉ. प्रकाश रघुवंशी की अध्यक्षता में 22 अक्टूबर को शाम 7 बजे बुराई के प्रतीक क्रूर और राक्षस रूपी रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। दशहरा पर्व मुख्य रूप से बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। जब किसी विद्वान व्यक्ति का चरित्र पतन होने लगता है तो उसका अंत निश्चित होता है। मात्र एक बुराई ने रावण की सभी अच्छाइयों का अंत कर दिया था। वहीं संस्था के एक अन्य के अनुसार सदियों से चली आ रही लोक परंपराओं का निर्वहन करते हुए आज भी प्रतीकात्मक रूप से रावण दहन कर बुराइयों का अंत किया जाता है।

मामा-भांजे की जान लेने वाले चालक पर केस दर्ज

उज्जैन। तराना फंटा उज्जैन-आगररोड पर 16 अक्टूबर की शाम सड़क किनारे खडे बड़नगर तहसील के रहने वाले मामा-भांजे को महेश और मोहन को अनियंत्रित हुई शर्मा ट्रेवल्स की बस ने कुचल दिया था और खंती में गिर गई थी। मामा-भांजे की मौत होने के साथ बस में सवार 6 यात्रियों को चोंट आई थी। मामले में राघवी थाना पुलिस ने बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर बस को जप्त किया है।

राज्य स्तरीय मलखंब प्रतियोगिता में उज्जैन नोडल चैंपियन

तकनीकी छात्रों की बढ़ती भागीदारी मलखंब के लिए शुभ संकेत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के तत्वावधान में एमआईटी ग्रुप द्वारा लोकमान्य तिलक परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय मलखंब प्रतियोगिता में उज्जैन नोडल ने महिला और पुरुष दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना दबदबा कायम किया है। वहीं, इंदौर नोडल प्रतियोगिता में उपविजेता रहा। इस प्रतियोगिता में उज्जैन, इंदौर, सागर और जबलपुर नोडल के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों




ने उत्कृष्ट खेल कौशल, शारीरिक संतुलन, लचीलापन, एकाग्रता और साहस का शानदार प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग में देवेंद्र पाटीदार ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया, जबकि महिला वर्ग में हर्षिता ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। इस अवसर पर लोकमान्य तिलक संस्कृत न्यास के अध्यक्ष वरुण गुप्ता, सचिव अर्जुन कनेरी और कोषाध्यक्ष नवमी तोषनीवाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। यह जानकारी कार्यपालिका अधिकारी गिरीश भालेराव ने दी। मलखंब खेल को बढ़ावा देने के लिए लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास सभी संस्थाओं को नि:शुल्क मैदान और अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध करा रहा है।

प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक की भूमिका द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित योगेश मालवीय ने निभाई। निर्णायक मंडल में दर्शनी त्रिपाठी, मयंक राजवीर, शिवांश, शिवांश कौशल, एकता पाठक और श्वेता चौहान शामिल थे। कार्यक्रम में किशोरीलाल श्रीवास्तव, डॉ. अतुल पाठक, शरद मैरोलिया, अर्जुन पंथी, अलंकार, उस्मान, पूजा सोनी, साक्षी मैरोलिया सहित कई गणमान्य नागरिक और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

चिडार समाज 20 को करेगा बाबा महाकाल की पालकी का भव्य स्वागत

उज्जैन। दशहरा महापर्व पर फ्रीगंज आने वाली बाबा महाकाल की पालकी का श्री चिड़ार समाज द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। 20 अक्टूबर को शाम 5 बजे माधवनगर अस्पताल के सामने स्थापित मंच से पालकी पर पुष्पवर्षा कर पूजन किया जायेगा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया जाएगा। समस्त समाजजनों से अनुरोध किया है कि समाज के मंच पर उपस्थित होकर बाबा महाकाल की सवारी के दर्शन करें एवं पुण्य लाभ अर्जित करें।

'संवाद' कुछ आपकी कुछ हमारी सुने



यह क्या बातचीत हुई? उसने तो बोलने का मौका ही नहीं दिया। वह बोलते ही रहे। उन्हें सुनना था ही नहीं। मानो वह सिर्फ सुनाने ही आए थे। अच्छी बातचीत में दोनों ही बात करते हैं और बदलने को तैयार होते हैं। यह मानना है तिक न्यात हन्ह का। मशहूर बौद्ध गुरु हैं वह। अपने आखिरी दौर में हैं। तबीयत ठीक नहीं चल रही। उनकी बेहद चर्चित किताब है द मिरेकल्स ऑफ माइंडफुलनेस। तिक न्यात हन्ह ने बुद्ध की जीवनी भी लिखी है।

हम बातचीत करते हैं या एकालाप! यूं तो हम बात कर रहे होते हैं, लेकिन वह होता एकालाप ही है। या तो हम किसी की सुन रहे होते हैं, या किसी को सुना रहे होते हैं। ऐसा कितना कम होता है, जब हम ठीक से कह-सुन रहे होते हैं। यूं बातचीत का मतलब ही कहना-सुनना होता है। लेकिन एक साथ कहना-सुनना चलता नहीं। यही एक साथ कहना-सुनना ही अच्छी बातचीत है। यही बातचीत होती है, जब दोनों ही ओर से खुलकर कही-सुनी जाती है। और जब खुलकर बातचीत होती है, तो हम अड़ियल नहीं रह जाते। हम अटकते नहीं। हमारी बातचीत में सोच के रास्ते खुले रहते हैं। हमारी कुछ बातें मान ली जाती हैं। हम कुछ बात मान लेते हैं। अक्सर होता यह है कि हम किसी एजेंडे पर ही बात करते हैं। उसमें पहले से ही हम अड़कर बात करते हैं। उसमें हमें कहना ही होता है। हम सुनने को तो तैयार ही नहीं होते। हम कहें, तो सुनें भी। और उस कहने-सुनने में कोई अटकाव न हो। उस बातचीत का क्या मतलब, जो एकतरफा हो? बातचीत तो सम-वाद यानी संवाद है। उसमें पलड़ा एक तरफ झुका नहीं होता। शेयरिंग शायद इसी को कहते हैं। हमें उसी की कोशिश करनी चाहिए।

सम्पादकीय

धर्मांतरण और आरक्षण

भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। अनुच्छेद 25 के तहत हर नागरिक को अपनी पसंद का धर्म मानने का अधिकार है। किसी भी धर्म में आस्था नागरिक का विशुद्ध व्यक्तिगत मामला है। कोई व्यक्ति दूसरे धर्म में तब जाता है जब वह उसके सिद्धांतों और विचारों से प्रभावित होता है लेकिन अगर धर्म परिवर्तन का मकसद कुछ और है तो इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। धर्मांतरण एक बहुआयामी घटना का स्वरूप ले चुका है, जिसके पीछे आस्था के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उद्देश्य भी छिपे हुए हैं।

धर्मांतरण से राष्ट्रीयता प्रभावित हो सकती है क्योंकि इससे लोग अपनी सांस्कृतिक पहचान तक खो देते हैं। भारत में धर्म बदलने पर बहस संविधान बनने के समय से ही चली आ रही है। धर्मांतरित लोगों को आरक्षण का लाभ मिल सकता है या नहीं इसको लेकर कई राज्यों में विवाद खड़े होते रहे हैं और समय-समय पर अदालतें फैसले भी देती रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अब महत्वपूर्ण फैसला देकर एक बड़ी लकीर खींच दी है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट फैसला दिया है कि हिंदू धर्म से इस्लाम में परिवर्तित होने वाला व्यक्ति पिछड़े वर्ग के मुस्लिम दर्जे के आरक्षण का दावा नहीं कर सकता।

आसान शब्दों में इसे समझा जाए तो यदि कोई व्यक्ति हिंदू धर्म, सिख धर्म या बौद्ध धर्म के अलावा कोई दूसरा धर्म बदलता है तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिल सकता। भारतीय संविधान में अनुसूचित जातियों को सामाजिक शैक्षणिक और आर्थिक रूप से आगे बढ़ाने के ???लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं लेकिन अनुसूचित जाति का दर्जा और उससे लाभ पाने के लिए कुछ शर्तें भी तय हैं। इन्हीं में से एक अहम शर्त धर्म से जुड़ी है। भारत में आरक्षण सिर्फ एक सरकारी नीति नहीं है बल्कि सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा औजार माना जाता है। वोट बैंक की राजनीति के चलते आरक्षण नीति का दुरुपयोग भी किया जाता रहा है। लेकिन जैसे ही धर्म परिवर्तन का सवाल आता है तो यह व्यवस्था संवैधानिक बहस का विषय बन जाती है। तमिलनाडु सरकार द्वारा मुस्लिम धर्म अपनाने वाले लोगों को पिछड़े वर्ग की मुस्लिम श्रेणी में आरक्षण दिया गया था और मद्रास हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के फैसले को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया था।

शारदीय नवरात्रि विशेष

भारत की प्रांतीय रामकथाओं में देवी-उपासना का माहात्म्य

महर्षि वाल्मीकि की संस्कृत रामायण से प्रेरणा ग्रहण करते हुए भारत की विविध प्रांतीय भाषाओं में रामकथा का पुनर्सृजन हुआ। इन रामकथाओं ने मूल कथा को केवल भाषांतरित नहीं किया, बल्कि अपने-अपने प्रदेश की धार्मिक आस्थाओं और सांस्कृतिक संस्कारों को भी आत्मसात किया। इसी कारण विभिन्न प्रांतीय रामकथाओं में देवी-तत्त्व अनेक रूपों में उपस्थित दिखाई देता है। कहीं गौरी विवाह-सौभाग्य की अधिष्ठात्री हैं, कहीं दुर्गा विजय प्रदान करने वाली आद्यशक्ति हैं, कहीं सरस्वती वाणी और काव्य-सृजन की प्रेरक देवी हैं, तो कहीं पार्वती स्वयं रामकथा की जिज्ञासु श्रोता के रूप में प्रतिष्ठित होती हैं। प्रस्तुत आलेख में विभिन्न प्रादेशिक रामकथाओं में देवी उपासना के महात्म की चर्चा की गई हैं।



डॉ. नरेन्द्र मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

अवधी रामकथा

अवधी भाषा की रामकथा-परंपरा में गोस्वामी तुलसीदासकृत श्रीरामचरितमानस का स्थान सर्वोपरि है। बालकाण्ड में सी माता ता का गौरी-पूजन भारतीय लोकजीवन में कन्या द्वारा विवाह-पूर्व माता गौरी की आराधना की प्राचीन परंपरा को प्रतिष्ठित करता है। माता सीता अपनी माता की आज्ञा से गौरी-पूजन हेतु जाती हैं–

तेहि अवसर सीता तहँ आई।
गिरिजा पूजन जननि पठाई॥

(श्रीरामचरितमानस, बालकाण्ड, दोहा 227 के उपरान्त, चौपाई-1)

गोस्वामी तुलसीदास लिखते हैं–

मज्जनु करि सर सखिन्ह समेता।
गई मुदित मन गौरि निकेता॥
पूजा कीन्हि अधिक अनुरागा।
निज अनुरूप सुभग बरु मागा॥

(श्रीरामचरितमानस, बालकाण्ड, दोहा 227 के उपरान्त, चौपाई-3)

यहाँ देवी गौरी एक कन्या के मनोवांछित वर को प्रदान करने वाली मातृशक्ति के रूप में प्रतिष्ठित हैं। माता सीता की यह पूजा लोकाचार और आध्यात्मिकता, दोनों को एक सूत्र में बाँधती है।

बंगला रामकथा

कृत्तिवासी रामायण के लंकाकाण्ड में रावण-वध से पूर्व श्रीराम द्वारा देवी दुर्गा के अकाल-बोधन और पूजन का विस्तृत वर्णन मिलता है। ब्रह्मा श्रीराम से कहते हैं–

विधाता कहेन प्रभु, एक कर्म कर विभु,
तबे होबे रावण संहार।
अकाले बोधन करि, पूज देवी महेश्वरी,
तरिबे हे ए दुःख-पाथार।।

(कृत्तिवास ओझा, कृत्तिवासी रामायण (श्रीराम पाँचाली), लंकाकाण्ड, प्रसंग-087)

इसके पश्चात ब्रह्मा षष्ठी-कल्प के अनुसार देवी-बोधन का निर्देश देते हैं–

विधाता कहेन सार, शुन विधि दिई तार,
कर षष्ठी-कल्पेते बोधन।
व्याघात ना होबे ताय, विधि खण्डि पुनराय,
कल्पखण्डे सुरथ राजन।।

(कृत्तिवास ओझा, कृत्तिवासी रामायण (श्रीराम पाँचाली), लंकाकाण्ड, प्रसंग-087)

तदनन्तर श्रीराम द्वारा देवी दुर्गा की विधिवत पूजा का स्पष्ट उल्लेख है–

पूजि दुर्गा रघुपति, करिलेन स्तुति नति,
विरचिल चण्डीपूजा सार।।

(कृत्तिवास ओझा, कृत्तिवासी रामायण (श्रीराम पाँचाली), लंकाकाण्ड, प्रसंग- 087)

इस प्रकार कृत्तिवासी रामायण में श्रीराम स्वयं भगवती दुर्गा की आराधना करते हैं। यह प्रसंग रावण-वध से पूर्व देवी के ह्यअकाल-बोधनह्न से सम्बद्ध है और बंगाल की शारदीय दुगार्पूजा की रामकथा-परम्परा का महत्त्वपूर्ण आधार बन गया।

इसके अगले चरण में नवमी-पूजन का स्वतंत्र प्रसंग मिलता है। लंकाकाण्ड के प्रसंग 089–ह्यनवमी पूजाह्न में कहा गया है–

नवमीते रघुपति, पूजिबारे भगवती,
उद्योग करिला फल मूल।
यथा वेदविधि मत, आनिला सामग्री जत,
कपिगण जोगाइछे फूल।।

(कृत्तिवास ओझा, कृत्तिवासी रामायण, लंकाकाण्ड, प्रसंग-089)

इसके बाद अशोक, जवा, मल्लिका, मालती, पलाश, बकुल, गन्धराज, कमल, पारिजात, अपराजिता आदि अनेक पुष्पों तथा नैवेद्य से देवी की पूजा की तैयारी का विस्तारपूर्वक वर्णन मिलता है।

कृत्तिवासी रामायण में सरस्वती-तत्त्व भी रामकथा-रचना से जुड़ा हुआ है। आदिकाण्ड में ब्रह्मा वाल्मीकि को काव्य-रचना का वरदान देते हुए कहते हैं–

सरस्वती रहिलेन तोमार जिते।
होइबे कविता राशि तोमार मुखेते।।

(कृत्तिवास ओझा, कृत्तिवासी रामायण, आदिकाण्ड, प्रसग- 03)

अर्थात सरस्वती तुम्हारी जिा पर निवास करेंगी और तुम्हारे मुख से काव्य की राशि प्रकट होगी।

मराठी रामकथा

महाराष्ट्र की रामकथा-परंपरा में संत एकनाथकृत भावार्थ रामायण का विशेष महत्त्व है। इसके आरंभ में सरस्वती-वंदना आती है, जहाँ देवी सरस्वती को केवल विद्या की देवी नहीं, बल्कि चेतना और सृजन की मूल शक्ति कहा गया है। देवनागरी में मूल मराठी पाठ–

आतां वंदूं सरस्वती।
जे चित्तचेतना चैतन्यशक्ती।
जे सकळ स्फूतीर्ची स्फूर्ती।
अमूतार्ची मूर्ति स्वरूप जिचें॥

(श्रीभावार्थ रामायण, बालकाण्ड, अध्याय 1, सरस्वती-वंदना, ओवी 7)

एकनाथ आगे सरस्वती को वाणी, अर्थ और गूढ़ ज्ञान के उद्घाटन की शक्ति के रूप में देखते हैं। इस प्रकार यहाँ देवी-उपासना सीधे साहित्य-सृजन और रामकथा-वाचन से जुड़ती है।

ओड़िया रामकथा

ओड़िशा की प्रसिद्ध जगमोहन रामायण अथवा दांडी रामायण में देवी पार्वती का स्थान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यहाँ पूरी रामकथा ही शिव और पार्वती के संवाद के रूप में विकसित होती है। ओड़िया मूल का देवनागरी लिप्यंतरण–

शुणिबा हे सुज्ञजने श्रीराम-महिमा।
सदाशिव छामुरे या पुछा कले उमा॥
प्रसन्न होइ कहन्ति तांकु त्रिपुरारिङ्क

(जगमोहन रामायण, अध्याय 1-आदिकाण्ड का प्रारंभिक शिवझ्रपार्वती संवाद, 185झ्र186)

अर्थात उमा ने सदाशिव से श्रीराम की महिमा पूछी और त्रिपुरारि शिव ने प्रसन्न होकर रामकथा का वर्णन किया। एक अन्य स्थल पर पार्वती स्वयं रामावतार का रहस्य पूछती हैं और हमें जानकारी प्राप्त होती हैं कि देवी यहाँ निष्क्रिय पात्र नहीं, बल्कि रामतत्त्व की जिज्ञासु साधिका हैं।

अंधेरे का साया

रघु जब हांफते हुए काउंटर पर पहुंचा तो शीशे के उस पार रखी एंटी रेबीज की शीशियां बिल्कुल साफ चमक रही थीं। पचास करोड़ के भारी भरकम बजट वाला वह नया स्मार्ट फ्रिज देखने में किसी फाइव स्टार होटल के शोकेस जैसा लगता था। फार्मासिस्ट ने जैसे ही पर्चा स्कैन कर-के हैंडल छुआ, मशीन ने तापमान में जरा सी तब्दीली का रोना रोते हुए तुरंत ताला जड़ दिया। सामने खड़ी दुनिया तब बड़ी बेरहम लगने लगती है जब सब कुछ आंखों के सामने हो और हाथ बंधे हों। फार्मासिस्ट बड़े इत्मीनान से समझाने लगा कि यह नए जमाने का सिस्टम है, जब तक मुख्यालय से डिजिटल टोकन नहीं मिलेगा तब तक यह डिब्बा नहीं खुलेगा। रघु ने जब ताला तोड़ने की मिन्नत की तो पास खड़े गाड्र्स ने ऐसे घूरा जैसे किसी ने विकास की रफ्तार पर सवाल उठा दिया हो। सरकारी संपत्ति की धाराओं का रौब झाड़ते हुए उन्होंने साफ कह दिया कि साहब आएंगे तो पोर्टल पर टिकट रेज होगा, उससे पहले तो पत्ता भी नहीं हिलेगा।

बाप की आंखों के आगे जब उसकी औलाद की सांसें उखड़ रही हों, तब अस्पताल के पिलरों पर चिपके चमकीले स्लोगन किसी फूहड़ मजाक से कम नहीं लगते। रघु पागलों की तरह बाहर सन्नाटे में भागी हुई रात की तरफ दौड़ा। बाजार में खुली अकेली दुकान वाले ने साफ कह दिया कि दवा मिल जाएगी मगर चार हजार आठ सौ रुपये ऑनलाइन देने होंगे। रघु ने अपनी पुरानी पैंट की मैली जेबें उलट दीं, जहां से कुल जमा एक सौ बारह रुपये निकले। उसने अपने पसीने से भीगे रिक्शे की चाबी तक काउंटर पर रख दी, मगर बाजार में बहते आंसुओं की कोई तय कीमत नहीं होती। खाली हाथ, खाली जेब और भीतर से पूरी तरह खाली होकर वह वापस उसी अस्पताल के संगमरमरी फर्श पर लौट आया, जहां समय उसके खिलाफ दौड़ रहा था।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 19अक्टूबर 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:25सूर्यास्त 17:57
आश्विन मास शुक्ला पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - अष्टमी07:37 उपरांत नवमी
नक्षत्र-उत्राषाढा13:46 उपरांत श्रवण
योग - धृति23:50उपरांत शूल
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मकर मे रहेगा
विषेस नवीन पुजन
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 07मास तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में सतर्कता बनाए रखें, काम में लापरवाही न करें। व्यापार में अचानक उतार-चढ़ाव आ सकते हैं।
वृषभ- परिवार में सदस्यों की बात को ध्यान से सुनें। खानपान पर नियंत्रण रखें।
मिथुन- आर्थिक मामलों में जल्दबाजी में निर्णय न लें। पेट खराब हो सकता है।
कर्क- विद्यार्थियों व कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी।
सिंह- व्यापार में नई योजनाओं पर विचार करना शुभ रहेगा। प्रेम संबंधों में स्पष्टता और निकटता आएगी।
कन्या- वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा, ध्यान और योग करें।
तुला- कार्यस्थल पर वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में धन लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं।
वृश्चिक- पारिवारिक वातावरण खुशहाल और सुखद रहेगा। बचत योजनाओं में निवेश करना फायदेमंद होगा।
धनु- कार्यक्षेत्र में संयम बरतें, विवाद से दूर रहें। व्यापार में लेनदेन के मामलों में लिखापढ़ी जरूर करें।
मकर- परिवार में किसी मुद्दे पर विचार-विमर्श हो सकता है। अचानक कुछ अनपेक्षित खर्च सामने आ सकते हैं।
कुंभ- अध्यात्म और अध्ययन में मन लगेगा, कार्य सफल होंगे। व्यापार में भाग्य का साथ मिलेगा, विस्तार होगा।
मीन- धर्म-कर्म के कार्यों में परिवार का साथ मिलेगा। धन लाभ होगा, पुरानी आर्थिक चिंताएं दूर होंगी।

व्यंग्य

शोध का विषय बदलो, भविष्य संवारो

मेरा एक मित्र पत्रकारिता में पीएचडी कर रहा है। उसके शोध का विषय है जनसंपर्क, विज्ञापन और मीडिया। एक दिन उसने मुझसे पूछा, भाई साहब, शोध का विषय तो ठीक है, लेकिन इसे ऐसा कैसे बनाऊँ कि अकादमिक दुनिया में मेरी अलग पहचान बन जाए? मैंने भी पत्रकारिता में जिंदगी के कई शोध बिना पीएचडी किए कर रखे हैं। इसलिए मैंने उसे सलाह देने में देर नहीं की। आखिर दोस्ती भी कोई चीज होती है और पत्रकारिता में अनुभव का अपना अलग विश्वविद्यालय होता है!



राजेन्द्र सिंह जादौन
दैनिक अवन्तिका

मैंने कहा, भाई, विषय तो अच्छा है, लेकिन इसमें थोड़ा-सा संशोधन करवा लो। इसे कर दो जनसंपर्क, विज्ञापन, मीडिया और आयुक्त व कॉरपोरेट मीडिया के रिश्ते।

वह चौंका, इससे क्या होगा? मैंने कहा, अरे भाई! तुम अब तक किताबों में जनसंपर्क, विज्ञापन और मीडिया का रिश्ता खोज रहे हो। जरा उन रिश्तों पर भी शोध करो, जो प्रेस विज्ञप्तियों से शुरू होते हैं, विज्ञापनों की गलियों से गुजरते हैं और खबरों के पन्नों पर जाकर दिखाई देते हैं। आखिर शोध में जमीन की हकीकत भी तो होनी चाहिए!

वह कुछ सोचने लगा। मैंने उसे मुफ्त की सलाह का दूसरा अध्याय भी सुना दिया। देखो, शोध में यह भी पता लगाना कि सरकारी विज्ञापन किस आधार पर मिलते हैं? खबर की ताकत से, पाठकों की संख्या से, प्रसार के प्रमाण से, या फिर सत्ता के गलियारों में पहचान से? जनसंपर्क विभाग की विज्ञापन नीति और मीडिया संस्थानों के आर्थिक हितों के बीच क्या संबंध है? विज्ञापन मिलने और खबरों की स्वतंत्रता के बीच कोई तनाव पैदा होता है या नहीं? और सबसे बड़ा सवाल क्या विज्ञापनदाता के खिलाफ खबर लिखते समय भी संपादक की कलम उतनी ही स्वतंत्र रहती है? मित्र की आंखों में चमक आ गई। शायद उसे पहली बार लगा कि पीएचडी का विषय केवल विश्वविद्यालय की अलमारी में रखने के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था के सामने आईना रखने के लिए भी हो सकता है। मैंने कहा, भाई, शोध को थोड़ा और व्यापक बनाना। कॉरपोरेट मीडिया की भूमिका भी देखना और समाचार एजेंसियों के प्रभाव का भी अध्ययन करना। चाहो तो एएनआई जैसी समाचार एजेंसी को भी अपने शोध में शामिल कर लेना। आखिर यह समझना जरूरी है कि समाचारों का निर्माण, वितरण और प्रसार किस तरह होता है और अलग-अलग मीडिया संस्थान उन्हें किस रूप में प्रस्तुत करते हैं।

फिर मैंने उसे समझाया, लेकिन ध्यान रखना, किसी पर आरोप लगाने से पीएचडी नहीं होती। दस्तावेज जुटाना, विज्ञापन आवंटन के आंकड़े देखना, नियम पढ़ना, संपादकों और पत्रकारों के साक्षात्कार लेना और खबरों का तुलनात्मक विश्लेषण करना। निष्कर्ष सबूतों से निकालना, पूर्वाग्रहों से नहीं। मित्र ने पूछा, और अगर शोध में ऐसे तथ्य सामने आए, जिनसे बड़े-बड़े लोगों की असहजता बढ़ जाए?

मैंने मुस्कराकर कहा, तो समझना कि तुमने शोध का कठिन हिस्सा छू लिया है। लेकिन अकादमिक ईमानदारी मत छोड़ना। सवाल किसी व्यक्ति से नहीं, व्यवस्था से करना। किसी संस्था का नाम लेना आसान है, उसके कामकाज का प्रमाण जुटाना मुश्किल।

अब मित्र अपने शोध में जुट गया है। उसे शायद समझ आ गया कि जनसंपर्क केवल प्रेस नोट भेजने का नाम नहीं, विज्ञापन केवल कमाई का जरिया नहीं और मीडिया केवल खबर छापने या दिखाने की मशीन नहीं है। इन तीनों के बीच का रिश्ता लोकतंत्र में सूचना की स्वतंत्रता, जवाबदेही और जनहित से भी जुड़ा है।

मुझे उसकी चिंता नहीं है। वह पढ़ा-लिखा है, मेहनत करेगा तो शोध पूरा कर ही लेगा। चिंता तो उन रिश्तों की है, जिन पर शोध करने की जरूरत है, लेकिन जिनके बारे में सवाल पूछते ही कुछ लोग असहज हो जाते हैं। क्योंकि लोकतंत्र में सबसे बड़ा सवाल यही है खबर जनहित में छपती है या विज्ञापन के हित में? और पत्रकारिता की सबसे बड़ी परीक्षा भी यही है कि जब सत्ता, विज्ञापन और बाजार एक ही मेज पर बैठे हों, तब संपादक की कलम किसके हाथ में होनी चाहिए?

अरे वाह ! नहाने पर शोध, पानी बचाने की आज की जिम्मेदारी

इंजीनियरिंग की पढ़ाई में जल संसाधन का अध्ययन करने वाले एक इंजीनियर ने वर्ष 2008 में नहाने की विभिन्न पद्धतियों पर प्रयोग किया। बाल्टी-जग, शावर और टब से नहाने के तरीकों की तुलना हुई। उद्देश्य था यह समझना कि आखिर किस तरीके से नहाने में कितना पानी खर्च होता है। अब वर्ष 2026 में इस शोध और उससे जुड़े अनुभवों की चर्चा हो रही है। यानी प्रयोग और चर्चा के बीच अठारह साल का अंतराल! भिया, पानी की धारा भले कुछ मिनट बहती हो, लेकिन शोध की धारा कितने साल चली, यह भी अपने आप में विचारणीय विषय है।

इस शोध से जुड़ा एक रोचक प्रसंग भी सामने आया। उन दिनों साथियों के बीच यह मुकाबला होता था कि कौन सबसे कम पानी से नहाता है। एक प्रतिभागी ने शावर के नीचे टब में खड़े होकर नहाने के बाद पानी की मात्रा मापी। उसके अनुसार, पानी की खपत मात्र 700 ग्राम, यानी लगभग 700 मिलीलीटर थी। रिकॉर्ड बन गया, लेकिन मन नहीं भरा। आखिर अपने ही बनाए रिकॉर्ड को तोड़ने का जुनून भी कोई छोटी चीज नहीं!

अगले दिन महाशय फिर शावर के नीचे पहुँचे। पूरी तबीयत से नहाने का इरादा था, लेकिन इस बार शावर का वाल्व खोला ही नहीं। अंत में शरीर पर पानी के कुछ छींटे



मारकर स्नान पूरा कर लिया। दावा है कि कम से कम पानी से नहाने का यह रिकॉर्ड आज तक कायम है। भिया, इसे कहते हैं आत्मनिर्भर प्रतियोगिता–प्रतिद्वंद्वी कोई दूसरा नहीं, अपना ही पुराना रिकॉर्ड!

अब सवाल यह है कि क्या यह वास्तव में नहाने का रिकॉर्ड है या पानी बचाने के नाम पर नहाने की परिभाषा को ही नया रूप देने का प्रयोग? यदि शावर का वाल्व बंद रखकर कुछ छींटे मारना स्नान की श्रेणी में आ जाए, तो अगली प्रतियोगिता में कोई पानी की तस्वीर देखकर ही नहाने का दावा न कर दे! हालाँकि, व्यंग्य अपनी जगह है, लेकिन इस प्रसंग से यह भी स्पष्ट होता है कि पानी की बचत मापते समय स्वच्छता और उपयोग की वास्तविक जरूरत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

नहाने के तरीकों की तुलना करना अपने आप में उपयोगी प्रयोग हो सकता है। लेकिन यह तय करने के लिए कि कौन-सी पद्धति कम पानी खर्च करती है, प्रयोग की परिस्थितियाँ स्पष्ट होना जरूरी है। शावर कितनी देर चला, पानी का प्रवाह कितना था, स्नान की अवधि कितनी रही और पानी की मात्रा किस तरह मापी गई–इन सवालों के बिना किसी एक तरीके को सबसे बेहतर घोषित करना उचित नहीं होगा। बाल्टी-जग, शावर या टब में से कौन कम पानी खर्च करेगा, यह केवल साधन पर नहीं, बल्कि उसे इस्तेमाल करने के तरीके पर भी निर्भर करता है।

और अब आते हैं अठारह साल वाले सवाल पर। यदि प्रयोग वर्ष 2008 में किया गया और उसके निष्कर्ष वर्ष 2026 में चर्चा में आए, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस दौरान शोध का व्यावहारिक लाभ लोगों तक क्यों नहीं पहुँचा। पानी बचाने जैसे विषय पर आम आदमी को आज मार्गदर्शन चाहिए। उसे यह जानना है कि घर में पानी कैसे बचाएँ, रिसाव कैसे रोकें और रोजमर्रा की आदतों में कौन-से बदलाव करें। यदि शोध इन सवालों का प्रमाण-आधारित उत्तर देता है, तो उसकी सार्थकता तभी है जब वह प्रयोगशाला से निकलकर घरों तक पहुँचे।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेर्न्ड- 1,48,200 रवा- 1,48,000 चांदी-टंच- 2,15,000 पाट- 2,14,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास


152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

धर्म-आस्था

शक्ति, श्रद्धा और संस्कृति का महापर्व: माँ के 9 स्वरूप और गरबा का दिव्य रहस्य

भारतीय संस्कृति उत्सवों और अध्यात्म का एक ऐसा अनूठा संगम है जहाँ हर त्योहार के पीछे गहरा वैज्ञानिक, दार्शनिक और आध्यात्मिक महत्व छिपा होता है। शरद ऋतु के आगमन के साथ ही जब देश भर में 'नवरात्रि' की गूँज सुनाई देती है, तो पूरा वातावरण एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। नवरात्रि का यह पावन पर्व केवल उपवास और पारंपरिक पूजा-पाठ तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह अंतरात्मा के शुद्धिकरण, नारी शक्ति के सम्मान और सामूहिक उल्लास का उत्सव है। इस महापर्व के दो सबसे महत्वपूर्ण और अटूट स्तंभ हैं– माँ दुर्गा के नौ दिव्य स्वरूप और पारंपरिक गरबा नृत्य। आइए, इस पावन अवसर पर इनके भीतर छिपे गूढ़ संदेशों और सांस्कृतिक रहस्यों को गहराई से समझने का प्रयास करें।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

नवरात्रि के नौ दिनों में माँ दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों की आराधना की जाती है, जिन्हें हम 'नवदुर्गा' के नाम से जानते हैं। ये नौ रूप वास्तव में मानव जीवन के क्रमिक विकास और हमारे आंतरिक विकारों पर विजय प्राप्त करने की आध्यात्मिक यात्रा को दर्शाते हैं। पहले दिन पूजी जाने वाली माँ शैलपुत्री पर्वतराज हिमालय की पुत्री हैं, जो जीवन में स्थिरता और दृढ़ संकल्प का प्रतीक हैं। वे हमें सिखाती हैं कि किसी भी कार्य की शुरूआत के लिए मानसिक रूप से अडिग होना सबसे आवश्यक है। दूसरे दिन की देवी माँ ब्रह्मचारिणी हमें कठिन परिस्थितियों में भी सदाचार, संयम और अनुशासन का मार्ग न छोड़ने की प्रेरणा देती हैं। तीसरे दिन माँ चंद्रघंटा की पूजा होती है, जिनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। यह रूप जीवन में शांति, एकाग्रता और इंद्रियों को वश में रखने का पाठ पढ़ाता है। चौथे दिन अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना करने वाली माँ कूष्मांडा की आराधना की जाती है, जो हमें सिखाती हैं कि संसार में सकारात्मकता केवल आंतरिक प्रसन्नता से ही आ सकती है। पाँचवें दिन भगवान कार्तिकेय की माता स्कंदमाता का रूप वात्सल्य और परिवार को जोड़ने वाली ममतामयी शक्ति का प्रतीक है। छठे दिन प्रकट होने वाली माँ कात्यायनी अदम्य साहस और वीरता का स्वरूप हैं, जो समाज को अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है। सातवें दिन कालरात्रि का भयंकर रूप हमारे भीतर छिपे काम, क्रोध, लोभ और अहंकार जैसे अंधकार को मिटाने के लिए कठोर निर्णय लेने की सीख देता है। आठवें दिन की देवी माँ महागौरी पवित्रता, शांति और करुणा की प्रतिमूर्ति हैं, जो जीवन में शुद्धि का मार्ग दिखाती हैं। अंत में, नवमी के दिन सभी सिद्धियों को प्रदान करने वाली माँ सिद्धिदात्री का रूप पूर्णता का प्रतीक है, जो यह दर्शाता है कि निरंतर साधना से लक्ष्य की प्राप्ति निश्चित है।

नवरात्रि के इस आध्यात्मिक पक्ष के साथ ही जब हम इसके सांस्कृतिक रंग को देखते हैं, तो गुजरात से शुरू होकर आज वैश्विक पहचान बना चुके 'गरबा' नृत्य की छवि मन में उभर आती है। गरबा केवल मनोरंजन या नृत्य का साधन नहीं है, बल्कि इसका गहरा धार्मिक अर्थ है। 'गरबा' शब्द मूल रूप से संस्कृत के 'गर्भदीप' से बना है। पारंपरिक रूप से इस नृत्य के केंद्र में मिट्टी का एक छिद्रयुक्त घड़ा रखा जाता है, जिसके भीतर एक दीपक जलता है। यह घड़ा हमारे नश्वर मानव शरीर का प्रतीक है और इसके भीतर जलती हुई लौ हमारी जीवात्मा की दिव्य ऊर्जा है। यह नृत्य हमें याद दिलाता है कि शरीर भले ही नष्ट हो जाए, लेकिन हमारे भीतर की दिव्य चेतना अमर है। इसके अलावा, गरबा हमेशा एक गोलाकार घेरे में नृत्य करते हुए खेला जाता है। यह गोल घेरा समय के शाश्वत चक्र को दर्शाता है, जिसका न कोई आदि है और न अंत। यह सृष्टि की निरंतरता, जन्म, जीवन और मृत्यु के चक्र का प्रतीक है। यह हमें संदेश देता है कि संसार में सब कुछ परिवर्तनशील है, केवल केंद्र में स्थित ईश्वर ही अचल और परम सत्य हैं। अक्सर देखा जाता है कि गरबा मुख्य रूप से सूर्यास्त के बाद, रात्रि के समय ही खेला जाता है। इसके पीछे पौराणिक और व्यावहारिक दोनों ही कारण मौजूद हैं। मान्यताओं के अनुसार, माँ दुर्गा और महिषासुर के बीच लगातार नौ दिनों और रातों तक भीषण युद्ध चला था। नौवीं रात को माँ ने उस भयानक असुर का वध कर संसार को उसके आतंक से मुक्त कराया था। इसलिए, रातों को जागकर नृत्य के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की इस जीत का जश्न मनाया जाता है।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

सोयाबीन के भाव 7105 रुपए तक पहुंचे, लहसुन 19 हजार के पार

शुजालपुर। कृषि उपज मंडी शुजालपुर में शनिवार को अनाज व फल सब्जी मंडी में कुल 7780 क्विंटल उपज की आवक हुई। मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 7105 रुपए और गेहूं का 4250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। वहीं सफेद चना 10,131 रुपए और लहसुन के भाव 19,060 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचे। मंडी में गेहूं के भाव 2501 से 4250 रुपए, सोयाबीन 3000 से 7105 रुपए, सफेद चना 5000 से 10,131, चना 4800 से 7900, मसूर 5000 से 6371 रुपए प्रति क्विंटल रहे। शुजालपुर सिटी में प्याज के भाव 900 से 4000 रुपए और लहसुन के 1100 से 19,060 रुपए प्रति क्विंटल रहे। वहीं अरन्याकला उपमंडी में प्याज 800 से 4200 रुपए और लहसुन 1000 से 14,701 रुपए प्रति क्विंटल बिका। चार दिन नीलामी प्रभावित रहेगी

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बैंक का सुरक्षा गार्ड घायल

शुजालपुर। ढाबला-डुंगलाय रोड पर डीपी के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार बैंक सुरक्षा गार्ड घायल हो गया। पुलिस ने फ रियादी के बयान के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार डुंगलाय निवासी सुनील मेवाड़ा नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक शुजालपुर मंडी में सुरक्षा गार्ड है। 22 सितंबर को शाम करीब 6.20 बजे वह अपनी बाइक से बैंक से घर लौट रहा था। इसी दौरान ढाबला-डुंगलाय रोड पर डीपी के पास सामने से तेज गति और लापरवाही से आ रहे बाइक चालक ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में सुनील सड़क पर गिर गया और उसके दाहिने पैर की जांघ व हाथ में चोट आई। दुर्घटना में दूसरी बाइक का चालक भी गिर गया था। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को शुजालपुर मंडी के जश अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस ने 17 अक्टूबर को सुनील के बयान दर्ज करने के बाद अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

वाहन चेकिंग के दौरान धराया बाइक चोर



शाजापुर। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को देखकर भाग रहे बाइक चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मक्सी पुलिस सिरोलिया रोड पर वाहन चेकिंग कर रही थी, तभी एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल लेकर आया और पुलिस को देखकर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अंकित गुर्जर निवासी रेहली शाजापुर बताया। आरोपी के पास से चोरी की बाइक बरामद हुई जिस पर उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपी से चोरी के अन्य मामले में पूछताछ कर रही है। 1

कथित दुर्व्यवहार के विरोध में एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

शुजालपुर। शाजापुर जिले के शासकीय महाविद्यालय में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष जय सिंह कराड़ा के साथ पुलिस द्वारा किए गए कथित दुर्व्यवहार के विरोध में शनिवार को एनएसयूआई शुजालपुर ने एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

टिटवास में 158 कृष्णमृगों का सफल रेस्क्यू, फसलों को नुकसान से बचाने के लिए महा-अभियान

दक्षिण अफ्रीकी विशेषज्ञों की मदद से होगा 2000 कृष्णमृगों का सुरक्षित स्थानांतरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

जिले में किसानों की फसलों को बचाने और मानव-वन्यप्राणी द्वंद्व को कम करने के लिए कृष्णमृग रेस्क्यू और स्थानांतरण अभियान का दूसरा चरण जोरों पर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत शुजालपुर तहसील के ग्राम टिटवास में वन विभाग की टीम ने दो चरणों में कुल 158 कृष्णमृगों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टिटवास गांव में चलाए गए रेस्क्यू



ऑपरेशन के दौरान शुक्रवार शाम को 109 और शनिवार सुबह 49 कृष्णमृगों को सुरक्षित पकड़ा गया। अब इन वन्यजीवों को उनके अनुकूल और सुरक्षित प्राकृतिक आवासों वन क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जा रहा है।

विदेशी तकनीक और प्रशिक्षित टीम का पहरा

इस जटिल रेस्क्यू ऑपरेशन में वन्यजीवों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसके लिए दक्षिण अफ्रीका की विशेषज्ञ संस्था कंजर्वेशन सॉल्यूशंस से तकनीकी सहयोग लिया जा रहा है। मौके पर पशु चिकित्सकों, वन अधिकारियों और मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से बुलाए गए प्रशिक्षित मैदानी कर्मचारियों की एक संयुक्त टीम मौजूद है। पूरी प्रक्रिया निर्धारित अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के तहत की जा रही है ताकि जानवरों को किसी भी प्रकार का नुकसान न पहुंचे। वन विभाग द्वारा यह वृहद अभियान जिला प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के आपसी समन्वय से संचालित किया जा रहा है। विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान के दौरान टीम को आवश्यक सहयोग प्रदान करें, ताकि वन्यजीवों का सुरक्षित विस्थापन और रेस्क्यू का सुचारु संचालन सुनिश्चित हो सके।

किसानों को मिलेगी राहत

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रभावित ग्रामीण समुदायों और किसानों को राहत पहुंचाना है, जिनकी फसलें इन वन्यजीवों के झुंडों के कारण बड़े पैमाने पर बर्बाद हो रही थीं। वन विभाग ने बताया कि अभियान के द्वितीय चरण में कुल 2,000 कृष्णमृगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



साइबर ठगी की तीन शिकायतों में 2.04 लाख रुपए होल्ड कराए ई-चालान लिंक से हुई थी ठगी

शुजालपुर। साइबर ठगी की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शुजालपुर मंडी पुलिस ने तीन मामलों में कुल 2 लाख 4 हजार 254 रुपए होल्ड कराने में सफ लता हासिल की। इनमें एक पीड़ित को 92 हजार 283 रुपए वापस मिल गए, जबकि अन्य दो मामलों में राशि लौटाने के लिए बैंक से संपर्क कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार भांजी भाई मार्ग निवासी संजय चिड़ार के मोबाइल पर आई पीडीएफ फ इल खोलने के बाद खाते से 97,283 रुपए निकल गए थे। पुलिस ने 92,283 रुपए होल्ड कराकर वापस दिलाए। ग्राम डाबरी निवासी गजराज सिंह के खाते से वॉट्सऐप के जरिए मिली एपीके फ इल के लिंक से 72 हजार रुपए की ठगी हुई। पुलिस ने 71,673 रुपए होल्ड कराए। वहीं वेयर हाउस रोड निवासी मोसीन मंसूरी ई-चालान लिंक पर क्लिक करने के बाद 44,098 रुपए गंवा बैठे। पुलिस ने 40,298 रुपए होल्ड कराए। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर और एसडीओपी निमेष देशमुख के मार्गदर्शन में हुई कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार यादव और आरक्षक संजय परमार की भूमिका रही।

वर्मा और जोशी एआईसीसी क्लस्टर ऑब्जर्वर नियुक्त होने पर बधाई

शुजालपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद सज्जन सिंह वर्मा



और प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी को एआईसीसी क्लस्टर ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। दोनों नेताओं की नियुक्ति पर देवास-शाजापुर संसदीय क्षेत्र सहित शाजापुर जिले की



सोनकच्छ, शाजापुर, शुजालपुर और कालापीपल विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री हुकुम सिंह कराड़ा, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी, पूर्व देवास जिला अध्यक्ष मनोज राजानी, प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह सिकरवार, शाजापुर जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह सहित विभिन्न पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हैं।

51 फीट का रावण तलवार लहराएगा और पलकें झपकाएगा अहमद 15 साल से बना रहे पुतले



अगर मालवा। आगर मालवा में दशहरा पर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। यहां रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले बनाने का काम चल रहा है। इस बार रावण का 51 फीट ऊंचा पुतला तैयार किया जा रहा है, जबकि मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले 25-25 फीट के होंगे। रावण का पुतला इस बार खास रहेगा। यह अपने एक हाथ में तलवार लहराकर युद्ध के लिए ललकारता नजर आएगा। तलवार वाला हाथ हिलेगा और रावण की पलकें भी झपकेंगी, जिससे पुतला असली लगेगा। आगरा (उत्तर प्रदेश) से आए कदीर अहमद पिछले करीब 15 साल से आगर मालवा में पुतले बना रहे हैं। यह काम उनके बुजुर्ग भी करते थे, जिसे वे आगे बढ़ा रहे हैं। दशहरे के दिन इन पुतलों का दहन किया जाएगा। पर्व नजदीक आने के साथ ही दशहरे को लेकर उत्साह बढ़ रहा है।

बैग लेस डे पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बच्चो को जोड़ा भारतीय संस्कृति से

सुसनेर। शनिवार को जनपद पंचायत सुसनेर के समीपस्थ ग्राम खेरिया में स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में बैग लेस डे दिवस पर बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ते हुए नवरात्रि उत्सव के पावन पर्व पर बच्चो का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यक भेरूलाल ओसारा द्वारा की गई एवं संचालन शाला सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती चंचल जैन द्वारा किया गया वही संस्था के समस्त स्टॉफ द्वारा पुरस्कार एवं बच्चो के स्वल्प आहार की भी व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चो को बेग लेस डे दिवस पर भारतीय संस्कृति से जोड़ना ओर उसके महत्व को समझना था इस अवसर बच्चो ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम के अंत में बच्चो को पुरस्कार वितरित किए गए।

गोवंश-पशु चोरी में 5 गिरफ्तार, 12 बोर का देशी-कट्टा, ब्रेजा कार बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगाँव

कन्नौद के ग्रामीण क्षेत्रों में गोवंश और बकरा-बकरी चोरी की घटनाओं की जांच के दौरान कन्नौद पुलिस ने एक गिरोह का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना यूसुफ लाला समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 12 बोर का देसी कट्टा, वारदात में इस्तेमाल कार और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

टीआई तहजीब काजी के अनुसार, क्षेत्र में लगातार हो रही पशु चोरी की घटनाओं की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र से आरोपियों के बारे में जानकारी मिली। इसके आधार पर पुलिस ने पानीगांव रोड पर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर भाग रहे यूसुफ को पकड़कर तलाशी ली गई तो उसके पास से 12 बोर का देसी कट्टा मिला।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में



इस्तेमाल यूसुफ लाला की मारुति ब्रेजा कार और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पांचों आरोपियों को पहले न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लिया गया था। रिमांड पूरी होने के बाद उन्हें दोबारा न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ संगठित अपराध से जुड़ी धाराएं बढ़ाई जा रही हैं। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी पहले भी इस तरह की वारदातों में शामिल रहे हैं।

इंदौर में बेचने की बात आई सामने

पुलिस ने पूछताछ के आधार पर यूसुफ के साथियों मोहसिन, आकिब पिता मोहम्मद सफी, अशरफ पिता सफी और मुख्तियार को इंदौर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में ग्रामीण क्षेत्रों से गोवंश और बकरा-बकरी चोरी कर इंदौर में जावेद लाला के माध्यम से बेचने की बात सामने आई है।

कार्रवाई में उपनिरीक्षक दीपक भोंडे, प्रधान आरक्षक धनालाल चौरे, आरक्षक योगेंद्र सिंह और राजेंद्र सिंह की भूमिका रही।

बच्चों की ऊर्जा और आत्मविश्वास देख सभी चकित नृत्य प्रतियोगिता में शामिल हुए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

श्रीअंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा अंतिम प्रतियोगिता के रूप में नृत्य का आयोजन रात्रि को हुआ। इस प्रतियोगिता में करीब 100 बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। एकल और सामुहिक नृत्य में बच्चों की एकाग्रता और व्यापक तैयारी ने बड़े शहरों की प्रतिभाओं को अपने समकक्ष ला खड़ा किया। बच्चों की ऊर्जा और आत्मविश्वास देख हर कोई चकित हुए बिना नहीं रहा। नृत्य प्रतियोगिता नगर के सभी प्रमुख प्रायवेट और शासकीय स्कूलों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। बच्चों ने एक से बढकर एक प्रस्तुतियां दी. सभी ने अपनी नृत्य कला के साथ एक कलाकार के रूप में विविध कलाओं का प्रदर्शन किया. मानस और प्रोग्रेसिव स्कूल के बच्चों ने रामचरित मानस पर केंद्रित एक लघु नाटिका को नृत्य के साथ सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया। कम साधन और थोड़े अनुभव के आधार पर अपने समर्पण और अपनी ऊर्जा और अपने आत्मविश्वास से जिस प्रकार



अपनी प्रस्तुति में आत्मा का प्रवेश कराया उससे हर प्रस्तुति जीवंत लगने लगी. बच्चों के साथ उनके नृत्य शिक्षक-शिक्षिका, प्राचार्य, संचालकों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। इसी का परिणाम रहा कि श्री अंजनीलाल धाम पर इन प्रतिभाओं की प्रस्तुति ने बड़े शहरों की ही नहीं किसी इंडियन आईडियल जैसी प्रतियोगिताओं जैसा दृश्य निर्मित कर दिया। इस अवसर पर शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधिव बच्चों के पालक आदि मौजूद थे. मंदिर ट्रस्ट ने सभी आगंतुक महानुभाव, प्रतिभाशाली बच्चें और तमाम नगर की शैक्षणिक संस्थाओं का आभार माना. मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा चयनित प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार विजयादशमी पर्व पर सायंकाल सात बजे प्रदान किये जायेंगे।

महिला को भगा ले जाने के विवाद में बीच बचाव करने आए युवक के सीने में लगी गोली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़ोद

थाना क्षेत्र के ग्राम खेरिया में एक युवक महिला को भगाकर ले जाने के विवाद में शनिवार को उसके पिता के साथ मारपीट और गोलीबारी की घटना सामने आई है। महिला के परिजन युवक के पिता को पीट रहे थे, तभी बीच-बचाव करने पहुंचे एलकार सिंह के सीने में गोली लग गई। गंभीर हालत में उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद इंदौर रेफर कर दिया गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक खेरिया गांव का रहने वाला विक्रम सिंह पिता नारायण सिंह करीब आठ दिन पहले सुसनेर इलाके के ग्राम मेहंदी से एक युवक की पत्नी को अपने साथ ले गया था। इसी बात की रंजिश में शनिवार को महिला का पति अपने साथियों के साथ खेरिया गांव पहुंचा। वहां आरोपियों ने विक्रम के पिता नारायण सिंह को घेर लिया और पूछताछ करते हुए उनके साथ मारपीट करने लगे।

गाली-गलौज और मारपीट का शोर सुनकर गांव के मोहन सिंह, कालू सिंह, सागर सिंह और एलकार सिंह मौके पर पहुंचे और मामला शांत कराने लगे। इसी दौरान हमलावरों में शामिल बने सिंह सोंधिया ने अचानक अपनी कमर से कट्टा निकाला और सीधी गोली चला दी, जो एलकार सिंह के सीने में जा लगी। इसके बाद आरोपी ने दहशत फैलाने के लिए हवा में भी फायरिंग की।

सात आरोपियों पर केस दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

बड़ौद पुलिस ने चेतन सिंह, गोकुल सिंह, नैन सिंह सोंधिया, बने सिंह सोंधिया, भगवान सिंह सोंधिया और भावसिंह समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आगर मालवा पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और बाकी फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

पूर्व प्राचार्य की स्मृति में रोपा आम का पौधा

संभाग स्तरीय बास्केटबॉल पुरूष प्रतियोगिता में मंदसौर टीम विजेता और उज्जैन उपविजेता रही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बी.के.एस.एन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में शनिवार को संभाग स्तरीय बास्केटबॉल पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि विकास सिंदल भाजपा नगर महामंत्री, गोविंद नायक भाजपा नगर महामंत्री एवं राजेश पारछे पूर्व पार्षद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी ने की। इस दौरान मंच पर मनीष सक्सेना पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष, बास्केटबॉल कोच प्रवीण दीक्षित, कौच रैफरी विजय ठाकुर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उक्त प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग की टीम रतलाम, मंदसौर, नीमच, आगर-मालवा, शाजापुर एवं उज्जैन ने भाग लिया। प्रतियोगिता



के शुभारंभ पर प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी ने आमंत्रित अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं पौधा भेंट किया साथ ही स्वागत भाषण दिया। प्रतियोगिता की रूप रेखा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी सोनू मालवीय ने प्रस्तुत की। इस दौरान मुख्य अतिथि विकास सिंदल ने कहा कि खेल के द्वारा व्यक्ति अपना व्यक्तित्व को निखारता है इसमें अनुशासन समर्पण एवं कडी मेहनत आवश्यक है। मुख्य अतिथि गोविंद नायक ने कहा कि खेल को हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए एवं खेल में तो हमेशा हार जीत होती रहती है। इस दौरान अतिथियों द्वारा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य स्व. डॉ. एस.के.तिवारी की स्मृति में नवीन वाटिका में एक आम का पौधा रोपित किया गया। प्रतियोगिता बहुत ही रोमांचिक रही। प्रतियोगिता की चयन समिति का गठन अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा उज्जैन द्वारा किया गया, उक्त प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले महाविद्यालयों की टीम के उत्कृष्ट विद्यार्थियों का आगे राज्य स्तर पर चयन किया जाएगा। क्रीडा अधिकारी सोनू मालवीय ने बताया कि संभाग स्तरीय बास्केटबॉल पुरूष प्रतियोगिता के विजेता मंदसौर और उपविजेता उज्जैन टीम रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रविन्द्र हार्डिया, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी और बाबूलाल चोरगले, सेवानिवृत्त उपसंचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी उपस्थित रहे। विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान की गई।

अग्निवीर की परीक्षा उत्तीर्ण कर दिव्या जाटव ने बढ़ाया नगर का गौरव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर की बेटी दिव्या जाटव ने भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती की लिखित एवं शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण कर नगर और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उड़ान डिफेंस एकेडमी सुसनेर की कैडेट दिव्या ने अपने दूसरे प्रयास में यह उपलब्धि हासिल की। एकेडमी के अनुसार, दिव्या अग्निवीर की दोनों परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाली क्षेत्र की पहली बेटी हैं।

दिव्या, पिता दुर्गाप्रसाद जाटव, निवासी छोटा जीन, विनायक नगर सुसनेर ने इस सफलता के लिए महीनों तक लगातार कठिन शारीरिक प्रशिक्षण किया। लक्ष्य के प्रति समर्पण, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। उनकी उपलब्धि से नगर और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

उड़ान डिफेंस एकेडमी के डायरेक्टर एवं कोच अनिल सिलोरिया ने दिव्या की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दिव्या की उपलब्धि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी सफलता ने साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर मेहनत से बेटियां भी देशसेवा के क्षेत्र में अपना लक्ष्य हासिल कर सकती हैं।

जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम गुरला तहसील उन्हैल जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नंबर 718/2/1 रकबा 0.18 हैं., सर्वे नंबर 719/2 रकबा 0.10 हैं., सर्वे नंबर 721/2 रकबा 0. 15 हैं., सर्वे नंबर 722/2/1 रकबा 0.06 हैं., सर्वे नंबर 725/2/2 रकबा 0. 06 हैं., सर्वे नंबर 775/2 रकबा 0.14 हैं. कुल किता 06 कुल रकबा 0.69 हैं० स्वामित्व, आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम गुरला तहसील उन्हैल जिला उज्जैन म०प्र० में स्थित हो कर उक्त सर्वे नंबर 718/2/1 रकबा 0.18 हैं., सर्वे नंबर 719/2 रकबा 0.10 हैं., सर्वे नंबर 721/2 रकबा 0.15 हैं., सर्वे नंबर 722/2/1 रकबा 0.06 हैं., सर्वे नंबर 725/2/2 रकबा 0.06 हैं., सर्वे नंबर 775/2 रकबा 0.14 हैं. कुल किता 06 कुल रकबा 0.69 हैं० समन्दरसिंह पिता मनोहरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम पलसोडा तहसील बडनगर जिला उज्जैन म०प्र० से मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि सम्पुर्ण हक हिस्सा मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता को उसके वारिसानों के समक्ष बयाना भी अदा कर दीया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त आराजी का विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ईपंजीयन के माध्यम से उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों से निष्पादित किया जाना है यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि (संपत्ति) में किसी अन्य व्यक्ति संस्था, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक का कोई ऋण स्वत्व हो या अन्य कोई अधिकार हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मय दस्तावेज प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सुचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत ईपंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेंगा व उसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सुचित हो दिनांक 17.10.2026

अजय मौर्य एडव्होकेट
उन्हैल तहसील उन्हैल जिला
उज्जैन (म.प्र.) मो. 9893257210

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार हरप्रित कौर पति स्व, संजयसिंह मिनहास निवासी 69/2 संतराम सिंधि कालोनी उज्जैन म.प्र. जो कि भवन क्रमांक 69/2 संतराम सिंधि कालोनी उज्जैन म.प्र. में अपने विवाह के समय सन 2009 से ही निवासरत है उक्त भवन दो मंजिला निर्मित है तथा उक्त भवन मेरे पक्षकार के पति स्व, संजयसिंह मिनहास के पिता स्वं कुलदीपसिंह के स्वामित्व व अधिपत्य का रहा है कुलदीपसिंह की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है तथा संजयसिंह मिनहास की मृत्यु होने के पश्चात से भी उक्त भवन में ही मेरी पक्षकार अपने पुत्र राजवीरसिंह मिनहास के साथ निवासरत है तथा मेरे पक्षकार के साथ में उसकी सासु माँ अमरजीत कौर मिनहास पति स्व. कुलदीपसिंह भी सीनियर सिटीजन होकर संयुक्त परिवार में निवासरत है, वर्तमान में भवन का नामान्तरण अमरजीत कौर मिनहास के नाम से है चूकि मेरी पक्षकार पार्लर सैलुन का कार्य करने के लिए दिन में घर से बाहर रहती है, कुछ सरारती तत्व के लोग मेरे पक्षकार की सास अमरजीत कौर को बरगला कर उक्त भवन को विक्रय कर अफरा तफरी करने की फिराक में है। कोई भी व्यक्ति संस्था आदि उक्त भवन को क्रय न करे, गिरवी आदि न रखे एवं मेरे पक्षकार के अधिपत्य में कोई हस्तक्षेप न करे अन्यथा विवश होकर मेरे पक्षकार को क्रय विक्रय करने वालों के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में कार्यवाही हेतु वाध्य होना पड़ेगा। इति दिनांक 18/10/2026

अजय शंकर तिवारी एडव्होकेट,
कार्यालय- पुराना नाका मक्सी रोड चकोर पार्क के सामने उज्जैन (म.प्र.) मो. नं.- 9827068234

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती भारती चन्द्रावत पति श्री रवि केशवानी, निवासी- 55, गणेश नगर, नागझिरी देवास रोड़, उज्जैन, वर्तमान निवासीझ 87, मान सरोवर कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.) से इनके स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 87 स्थित ह्यमान सरोवरह्व कॉलोनी, ग्राम नानाखेड़ा, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.), जो दो मंजिला निर्मित है, जिसका कुल भूतल क्षेत्रफल 80.17 वर्ग मीटर है, जिसकी लंबाई- पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 14.63 मीटर व चौड़ाई- उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 5.48 मीटर होकर भवन के पूर्व में- भवन क्रमांक 56, पश्चिम में- सड़क कॉलोनी की, उत्तर में- भवन क्रमांक 88, दक्षिण में- भवन क्रमांक 86 है, को क्रय करने का सौदा कर आंशिक प्रतिफल राशि अदा कर दी है, शेष प्रतिफल राशी अदा कर विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन कराना शेष है।

उक्त वर्णित भवन में किसी अन्य का कोई स्वत्व, हित या अधिकार हो, अन्य किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था या बैंक का कोई ऋण, भार बकाया हो, भवन अन्यत्र कहीं रहन, बय या दान किया हुआ हो और इस भवन के विक्रय में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लेखी प्रमाण के लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद व्यतीत होने अवधि विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करा ली जावेगी और बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, और न ही मेरे पक्षकार के स्वत्व, हित व आधिपत्य को प्रभावित करेगी। सूचित हो। दिनांक 17/10/2026

प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट
4, महावीर नगर, सांवेर रोड, उज्जैन
मोबाईल नं. 94068-86383

पटवारी ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

पिपरिया/नर्मदापुरम नर्मदापुरम जिले के पिपरिया में रविवार को पटवारी अजय धाकड़ ने संघमित्रा एक्सप्रेस के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। उनका सिर धड़ से अलग हो गया। पुलिस ने शव के टुकड़े पॉलीथीन में समेटे। पिपरिया रेलवे स्टेशन के पास पार्किंग में खड़ी कार में उनके दो बेटों के शव मिले। आशंका है कि बच्चों की गला घोंटकर हत्या करने के बाद पटवारी ने आत्महत्या की। अजय धाकड़ रायसेन जिले के बरेली स्थित अलीगंज गांव के निवासी थे। वे उदयपुरा में पटवारी के पद पर पदस्थ थे। घटना रविवार दोपहर करीब 3 बजे हुई। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। अजय के चाचा प्रताप सिंह धाकड़ ने बताया कि मौत की सूचना मिलने के बाद दोनों बच्चों की तलाश शुरू की गई। शाम करीब 6 बजे रेलवे स्टेशन की पार्किंग में खड़ी बंद कार में उनके शव मिले। उन्होंने बताया कि बच्चों की पहचान शिवम और समर्थ के रूप में हुई है। समर्थ 9वीं और शिवा 6वीं कक्षा में पढ़ता था। अजय धाकड़ दोनों बच्चों को फिल्म दिखाने की बात कहकर पिपरिया लाए थे, लेकिन हमें मौत की खबर मिली। पिपरिया एसडीओपी आशीष कुमार पवार ने बताया कि पुलिस की शुरुआती जांच में दोनों बच्चों की गर्दन पर गला घोंटने जैसे निशान मिले हैं। हालांकि, बच्चों की मौत किन परिस्थितियों में हुई और अजय धाकड़ ने आत्महत्या क्यों की, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

साड़ी में फंसी छात्रा की गर्दन मौत, कराटे में मिला था मेडल

कानपुर कानपुर में शनिवार को घर में झूला झूलते समय 8वीं की छात्रा की गर्दन धोती में फंस गई। दम घुटने से उसकी मौत हो गई। घटना के समय मां सामने बैठकर चाय पी रही थीं। उन्हें लगा कि बेटी और छोटा बेटा झूला झूल रहे हैं। कुछ देर बाद मां बेटी को बुलाने पहुंचीं तो आवाज देने पर भी कोई जवाब नहीं मिला। हाथ पकड़कर खींचा तो वह नीचे गिर पड़ी। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि छात्रा को कराटे का शौक था और पिछले महीने स्कूल से मेडल मिला था। दिसंबर में उसे कराटे ट्रेनिंग के लिए जाना था। रविवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। घटना नौबस्ता थाना क्षेत्र में शनिवार शाम 5 बजे हुई। नौबस्ता थाना क्षेत्र के राजीव बिहार के रहने वाले जितेंद्र त्रिपाठी नयागंज की एक कपड़े की दुकान में काम करते हैं। परिवार में पत्नी निहारिका, बेटी आरुषि और 3 साल का बेटा आरव है। जितेंद्र शनिवार सुबह रोज की तरह काम पर चले गए थे। पिता जितेंद्र ने बताया कि दोपहर में स्कूल से लौटने के बाद आरुषि ने करीब 4 बजे मां के लिए चाय बनाई। मां चाय पीने लगीं। इसी दौरान आरुषि और उसका छोटा भाई घर में लगे कुंडे में साड़ी फंसाकर झूला झूलने लगे।

सरपंच की दावेदारी को लेकर दो पक्ष भिड़े

भरतपुर। डीग जिले में पंचायतीराज चुनाव में सरपंच पद के दावेदार के पक्ष में मतदान करने की बात को लेकर दो पक्ष भिड गए। दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई, इसके बाद विवाद बड गया और दोनों ने एक- दूसरे पर डंडों से हमला कर दिया। झगडे में एक पक्ष से 2 युवकों के सिर फूट गए। जबकि 4 लोगों को हल्की चोटें आई हैं। फिलहाल घायलों का कुम्हेर के सरकारी हॉस्पिटल में इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार, डीग में तीसरे और चौथे फेज में सरपंच पद के चुनाव होने हैं। इनमें गांव से जुडी पंचायत समिति से बाबू भी सरपंच पद के लिए दावेदारी जता रहा है, जिसके समर्थक गांव में लोगों से पक्ष में वोटिंग करने की मांग कर रहे हैं। इसी पर विवाद हो गया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्ष लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं। हमनें शनिवार को कुम्हेर पुलिस में शिकायत भी दी थी। आज(रविवार) फिर से रंजीत और वीर सिंह ने बाबू के लिए वोट डालने के लिए दबाव बनाया। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

पिता ने करवाया 6 साल के बेटे का किडनैप

जयपुर। जयपुर में 6 साल के बच्चे की किडनैपिंग के मामले का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा कर दिया। बच्चे को उसके पिता ने ही अपने भाई और 2 कर्मचारियों के साथ मिलकर किडनैप किया था। पुलिस ने बच्चे को ढूंढ लिया और चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी की पत्नी करीब 3 महीने पहले पड़ोसी के साथ चली गई थी। वह 3 करोड़ की प्रॉपर्टी से जुड़े डॉक्यूमेंट भी साथ ले गई थी। पड़ोसी और उसके परिवार पर दबाव बनाने के लिए बच्चे की किडनैपिंग की साजिश रची। अपनी दुकान के 2 कर्मचारियों को भी प्लान में शामिल किया।

ग्रामीण नल जल योजनाओं के त्वरित निराकरण

धार। ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन एवं अन्य नल जल योजनाओं के माध्यम से निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत धार द्वारा आगामी आदेश तक जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम के माध्यम से ग्रामीण जन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा बंद नल जल योजनाओं तथा जल आपूर्ति संबंधी समस्याओं की दी गई जानकारी का त्वरित निराकरण किया जाएगा। जिला पंचायत कार्यालय में स्थापित यह कंट्रोल रूम प्रतिदिन सुबह 09:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक कार्य करेगा। शिकायतों के सुचारू पंजीयन एवं निराकरण के लिए निम्नानुसार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

टाइगर श्रॉफ पर मुंबई में 5 राउंड फायरिंग, एक्टर सुरक्षित

मुंबई एक्टर टाइगर श्रॉफ पर रविवार शाम 7 बजे मुंबई में फायरिंग हुई। एक बाइक पर सवार 3 लोगों ने उन पर 5 राउंड फायरिंग की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फुटबॉल खेलकर लौटते वक्त टाइगर की कार जुहू के पुष्पा पार्क के पास रुकी। यहां उन्हें देखने के लिए भीड़ जमा हो थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन लोग वहां पहुंचे। हमलावरों ने टाइगर की गा?ी पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। टाइगर श्रॉफ सुरक्षित हैं। बीएमसी ने बताया कि टाइगर के ड्राइवर अलावा एक व्यक्ति अन्य व्यक्ति को भी गोली लगी। दोनों खतरे से बाहर हैं। हमले के बाद एक पोस्ट वायरल हो रही है, जिसमें लॉरेंस गैंग के अनिल पंडित ने फायरिंग की जिम्मेदारी ली। लिखा कि सलमान खान के साथ काम करने वाले का यही अंजाम होगा।



रिपोर्ट्स के मुताबिक लॉरेंस गैंग के अनिल पंडित और हरमन संधू ने फायरिंग की जिम्मेदारी ली है। अनिल पंडित ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। पोस्ट में लिखा है- हमने इसे समझाया था, इसको समझ नहीं आया। आज हमने इसको सही से समझा दिया है। मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में जो हमारी बात नहीं सुनेगा, या सलमान के साथ काम करेगा, अगला नंबर उसी का होगा।

अनिल पंडित हरियाणा के पानीपत जिले के रायर कलां गांव का रहने वाला बताया जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह 2022 में दुबई गया और बाद में अवैध रास्ते से अमेरिका पहुंचा। उसका नाम लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जोड़ा जाता है। गुरु रंधावा के जिम के बाहर फायरिंग, हरियाणवी गायक दिलेर खरकिया की गाड़ी पर गोलीबारी और पानीपत में रंगदारी मांगने के मामलों में उसके नाम से जुड़े दावे सामने आए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, उसके खिलाफ 10 मामले दर्ज हैं और लुकआउट सर्कुलर भी जारी हुआ था। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने पुलिस से बातकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। हमले के दोषियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जाएगा। किसी को बख्शेंगे नहीं।

हमले के बाद पुलिस ने इलाके को सील कर दिया है।

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि हमलावरों की बाइक का नंबर और उनकी पहचान की जा सके। चश्मदीदों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। मुंबई डीसीपी मोहित गर्ग ने कहा कि हमले में टाइगर के ड्राइवर के हाथ में गोली लगी है। टाइगर श्रॉफ सुरक्षित हैंओ। हमले की वजह सामने नहीं आई है। घटना की जांच के लिए 15 टीमों का गठन किया गया है। पुलिस रिकॉर्ड में लॉरेंस का नाम सतविंदर सिंह है। लॉरेंस गैंग में 700 से ज्यादा शूटर्स हैं, जिनमें 300 से ज्यादा पंजाब से जुड़े हैं। इसके गुर्गे पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश से काम करते हैं। टाइगर श्रॉफ एक्टर जैकी श्रॉफ के बेटे हैं। उनके नाना एयर वाइस मार्शल रंजन दत्त वीर चक्र पुरस्कार विजेता थे। स्टार किड होने के बावजूद टाइगर श्रॉफ का बचपन आर्थिक तंगी में गुजरा है। उनकी मां आयशा श्रॉफ ने फिल्म 'बूम' प्रोड्यूस की थी। इस फिल्म को कैजाद गुस्ताद ने डायरेक्ट किया था। इसमें अमिताभ बच्चन, गुलशन ग्रोवर, जैकी श्रॉफ, जीनत अमान और जावेद जाफरी जैसे बडे स्टार्स थे। वहीं, कटरीना कैफ की यह डेब्यू फिल्म थी। यह फिल्म फ्लॉप हो गई थी।एक इंटरव्यू के दौरान टाइगर श्रॉफ ने कहा था कि फिल्म 'बूम' के फ्लॉप होने के बाद परिवार को आर्थिक तंगी से गुजरना पडा था। यहां तक कि उनके घर का फर्नीचर तक बिक चुका था। उन्हें जमीन पर सोना पडा था। तब टाइगर सिर्फ 11 साल के थे। जैकी श्रॉफ चार दशकों से ज्यादा लंबे करियर में लगभग 250 फिल्मों में नजर आ चुके हैं। वहीं, टाइगर श्रॉफ 10 साल के करियर में 11 फिल्मों में काम कर चुके हैं। मिंट की रिपोर्ट के मुताबिक आज टाइगर श्रॉफ की नेटवर्थ 248 करोड़ रुपए है। वो एक फिल्म के लिए 25 करोड रुपए चार्ज करते हैं। इसके अलावा टाइगर सोशल मीडिया और विज्ञापनों के जरिए भी कमाई करते हैं। टाइगर श्रॉफ की ए फ्लाइंग जट, मुन्ना माइकल, और स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 जैसी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाई थीं। सबसे बड़ा झटका उन्हें हीरोपंती 2 की रिलीज के बाद लगा था।

कुंभराज शराब दुकान में आगजनी का महज 4 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका » गुना

कुंभराज स्थित शराब दुकान में आगजनी की घटना का गुना पुलिस ने महज चार घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार, आगजनी में दुकान में रखे तीन फ्रीज, बीयर और शराब जलने से करीब चार लाख रुपये का नुकसान हुआ।

दरअसल पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के नेतृत्व में जिले में अपराधों की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं के त्वरित खुलासे के लिए कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन और एसडीओपी चाचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में कुंभराज थाना प्रभारी निरीक्षक अमित अग्रवाल एवं उनकी टीम ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की।

सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग- पुलिस के मुताबिक, बीती रात करीब 3:40 बजे कुंभराज स्थित शराब दुकान में अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जांच के दौरान एक सफेद रंग की कार से संबंधित महत्वपूर्ण सुराग मिले। कार के साइड में काली फिल्म और नंबर प्लेट पर नीले रंग का चिह्न उसकी पहचान के प्रमुख आधार बने। इन सुरागों के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध वाहन की तलाश शुरू की और घटना के करीब चार घंटे के भीतर कार चालक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम संदीप मीणा, पिता फूल सिंह मीणा, निवासी कुंभराज, जिला गुना बताया।



कार से मिली पेट्रोल की खाली बोतल- पुलिस के अनुसार, तलाशी के दौरान कार से पेट्रोल की एक खाली बोतल मिली। वाहन का पंजीयन क्रमांक स्क्रा3 ष्टक्र 7016 पाया गया। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने शराब दुकान में आग लगाने की बात स्वीकार की। हालांकि, घटना से जुड़े अन्य तथ्यों और साक्ष्यों की जांच अभी जारी है। शराब दुकान के मैनेजर की रिपोर्ट पर कुंभराज थाने में अपराध क्रमांक 207/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 326(जी) में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया।

पुलिस टीम की रही अहम भूमिका- उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित अग्रवाल, उपनिरीक्षक होतम सिंह बघेल, सहायक उपनिरीक्षक सीताराम एवं कैलाशनारायण जटिया, प्रधान आरक्षक सलीम खान एवं यशवंत सिंह धाकड़, आरक्षक सतेंद्र रावत, सुनील धाकड़, आलम, दिलीप साहू, धर्मवीर, अवनीश जाट एवं दिलीप धाकड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं, सीसीटीवी कंट्रोल रूम से सहायक उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह सेंगर एवं आरक्षक ओमचरण कुशवाह ने भी सहयोग रहा।

आराधना कपल गरबा में 500 से अधिक हेलमेट होंगे वितरित

नागदा । नवरात्रि के उत्सव को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए आराधना दरबार ने अनूठी पहल की है। पाडल्या रोड स्थित आर्य गार्डन में आयोजित आराधना कपल गरबा में प्रतिभागियों को उपहार स्वरूप 500 से अधिक हेलमेट वितरित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य गरबा उत्सव के साथ सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना है। आयोजन में हेलमेट वितरण की पहल उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा, एएसपी करणदीप सिंह, नागदा सीएसपी विक्रम अहिरवार और मंडी थाना प्रभारी ए.एल. गवरी के प्रयासों एवं प्रेरणा से शामिल की गई है। इसका उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित सफर का महत्व समझाना है। आमतौर पर सांस्कृतिक आयोजनों में प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार दिए जाते हैं, लेकिन हेलमेट को उपहार के रूप में देना सुरक्षा का महत्वपूर्ण संदेश है। हेलमेट दुर्घटना के दौरान सिर में गंभीर चोट के जोखिम को कम करने में सहायक होता है। आराधना दरबार की यह पहल धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से जनहित का संदेश देने का प्रयास है। आयोजन का संदेश स्पष्ट है—हेलमेट चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जिंदगी बचाने के लिए पहनें। गरबा की खुशियों के साथ सड़क पर सुरक्षित रहने का संकल्प भी जरूरी है। रविवार को आराधना गरबा महोत्सव आयोजन के आठवें दिवस में विशेष आमंत्रण पर ब्राह्मण समाज नागदा के सदस्यों ने सहभागिता की।

40 विद्यालयों के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

नागदा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ सेवा संकल्प अभियान का समापन शनिवार शाम केशव माधव गार्डन में आयोजित समारोह के साथ हुआ। नगर पालिका नागदा एवं भाजपा बिरलाग्राम मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 40 विद्यालयों के लगभग 900 विद्यार्थियों सहित नागदा परियोजना की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। भाजपा बिरलाग्राम मंडल अध्यक्ष प्रकाश जैन ने बताया कि अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित किया गया। वहीं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने आंगन मिलन कार्यक्रम के माध्यम से हितग्राहियों से संवाद कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने में मार्गदर्शन किया। सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज में सहयोग और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करता है। विद्यार्थियों का सम्मान उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान उनके सेवाभावी कार्यों को प्रोत्साहित करता है। विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने अभियान के माध्यम से शिक्षा, जनजागरूकता और जनसेवा से जुड़ी गतिविधियों को सराहनीय बताया।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. सतीश पुनिया ने दी श्रद्धांजली

रतलाम । रविवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप की मातुश्री श्रीमती तेजकुंवर बाई काश्यप को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री, राज्यसभा सांसद, पंजाब एवं जम्मू-कश्मीर के प्रभारी डॉ. सतीश पुनिया ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्री काश्यप के निवास पहुंचकर उन्होंने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की । श्रीमती काश्यप को श्रद्धांजलि देने अन्य गणमान्यजन भी श्री काश्यप के निवास पहुंचे ।मंदसौर जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, अदिति दवेसर, अर्चना शर्मा, प्रेमराज पुनिया, इंदौर से दीपक जैन, सैलाना से राजेन्द्र राठौड, नारायण मईडा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, प्रहलाद राठौड, विप्लव जैन, आकाश ख?के, संजय कसेरा आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

संतों के सानिध्य में भाविप विक्रमादित्य की मातृशक्ति का अनूठा त्रिवेणी उत्सव

नागदा। भारत विकास परिषद विक्रमादित्य की मातृशक्ति द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर कन्या पूजन, गरबा महोत्सव एवं 8वें पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय आस्था गार्डन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा शक्तिस्वरूपा कन्याओं के पूजन से हुआ। इसके पश्चात मातृशक्तियों ने पयस्विनी आचार्य, शीतल पाटीदार, प्रभा शुक्ला व हर्षिता पाठक के कुशल निर्देशन में मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से माँ की आराधना की। भारतीय संस्कृति की झलक, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता का संदेश लिए इन प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले पत्रकारों में श्री नीलेश शर्मा, राजेश वर्मा, महेन्द्र सिंह बेस, भूपेन्द्र भूतड़ा, शरद पंड्या, ललित सक्सेना, कमल चौहान, अनिल पांडे, निलेश संदीप गोस्वामी, मुरली मनोहर जोशी, जगदीश परमार, सैयद नियामत अली एवं पंकज जायसवाल शामिल रहे। यह कार्यक्रम आचार्य श्री स्वामी रामस्वरूप जी ब्रह्मचारी महाराज चारधाम मंदिर तथा अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. महेश जी पुजारी के पावन सानिध्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री बृजलालजी गुप्ता मंडल प्रमुख पंजाब नैशनल बैंक उज्जैन, डॉ. रुपेश जी खत्री अध्यक्ष आईएमए उज्जैन तथा डॉ. मनेश जी पाटिल कुलसचिव अवंतिका विश्वविद्यालय उज्जैन, एवं दुर्गावाहिनी की प्रांत संयोजिका मानसी उपाध्याय, उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगवान जी शर्मा प्रांतीय संयोजक स्वास्थ्य शिविर भाविप द्वारा की गई।

टू-व्हीलर का भव्य अनावरण और महा-लकी ड्रॉ सम्पन्न

गुना। त्योहारी सीजन के उल्लास को बढ़ाते हुए, शहर के प्रतिष्ठित टू-व्हीलर शोरूम वंदना टीवीएस गुना ए.बी. रोड, सौम्या मॉल के सामने गा दिवस दीप प्रजोलित कर एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भव्य समारोह का मुख्य आकर्षण एक शानदार नई मिस्टरी गाडी से पर्दा उठना हुआ, जो शहर के ऑटोमोबाइल प्रेमियों के लिए एक खास सौगात हे। इस रोमांचक अनावरण के साथ-साथ, बहुप्रतीक्षित लो या ना लो महा-लकी ड्रॉ के भाग्यशाली विजेताओं की घोषणा की गई। इस अनूठी योजना के तहत, बिना किसी अनिवार्य खरीद के भी ग्राहकों और शहरवासियों को शानदार इनाम जैसे माइक्रोवेव (मेगा प्राइज), मिक्सर ग्राइंडर और प्रीमियम डिनर सेट के साथ कई छोटे बड़े उपहार जीतने का सुनहरा अवसर मिला। पिछले कुछ दिनों से इस अभियान को लेकर शहर में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर वंदना टीवीएस के संचालक राजीव जैन ने ग्राहकों द्वारा दिए गए 20 वर्षों के अटूट विश्वास ओर स्नेह के प्रति आभार व्यक्त किया। इस प्रोग्राम में शहर के सभी गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया एवं नई गाडी की भव्य मुंह-दिखाई के साक्षी बने। इस अवसर पर मुख्य अथिति के साथ अरविंद जैन अध्यक्ष गौशाला, प्रदुमन जैन सचिव व्यापार एवं महासंघ, सुनील जैन एडवोकेट, पत्रकार बंधु, गुना के सभी प्रतिभाशाली इंफ्लूएंसर (यू ट्यूबर) उभरते हुए सितारे शामिल हुए।

कोतवाली थाने से महज 300 मीटर दूर सट्टे का कारोबार चलने की चर्चाओं का बाजार गर्म

दैनिक अवन्तिका » गुना

शहर के बीच बाजार में कोतवाली थाने से महज 300 मीटर की दूरी पर कथित तौर पर सट्टे का कारोबार संचालित होने की चर्चाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय स्तर पर सट्टे के कारोबार को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच पुलिस मुख्यालय और गुना पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के पालन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोप हैं कि शहर में कथित तौर पर सक्रिय सट्टा संचालक शंभू का कारोबार लंबे समय से चल रहा है। बताया जा रहा है कि शंभू के खिलाफ पूर्व में सट्टे से जुड़े दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। हालांकि, इन मामलों की वर्तमान स्थिति और आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है। चर्चाओं के अनुसार, पूर्व पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के कार्यकाल में संबंधित सट्टा संचालक के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया था। वहीं, पूर्व टीआई के कार्यकाल में भी उक्त व्यक्ति के प्रभाव और गतिविधियों को लेकर चर्चाएं होती रही हैं। यदि शहर के प्रमुख बाजार और थाने के आसपास इस तरह की अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं, तो यह पुलिस की निगरानी व्यवस्था के लिए गंभीर विषय है। थाना स्तर पर कार्रवाई की स्थिति और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता है। सट्टा कारोबार के संबंध में लगाए जा रहे आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। साथ ही, संबंधित पुलिस अधिकारियों की भूमिका, कथित अवैध वसूली के आरोपों और विभिन्न क्षेत्रों में सट्टा गतिविधियों की शिकायतों की जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।



शहर के जाट मोहल्ला, करनलगंज, पठार मोहल्ला, बूढ़े बालाजी, श्रीराम कॉलोनी, हड्डीमील और भुल्लनपुरा सहित अन्य इलाकों में कथित तौर पर सट्टे के अड्डे संचालित होने की शिकायतें सामने आने की बात कही जा रही है। इन गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। अब देखना यह है कि गुना पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इन आरोपों को कितनी गंभीरता से लेते हैं और शहर में कथित तौर पर संचालित सट्टा कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

अवैध मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय पर कार्यवाही

दैनिक अवन्तिका » गुना

पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न अवैध अथवा अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, तस्करों आदि के विरूद्ध एक अभियान के रुप में सतत एवं प्रभावी कार्यवाहियां की जा रहीं है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना हेमंत पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जिले के फतेहगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी और उनकी टीम द्वारा एनडीपीएस एक्ट के एक प्रकरण में तस्करों को स्मैक उपलब?ध कराने वाले फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 17 जून 2025 को फतेहगढ़ थाना पुलिस द्वारा छबड़ा रोड़ पर हमीरपुर नर्सरी के पास वाहन चैकिंग के दौरान नशा तस्कर राहुल गौंड निवासी ग्राम बेरखेड़ी थाना धरनावदा एवं भीमसेन ओझा निवासी ग्राम मुरादपुर थाना धरनावदा जिला गुना को मोटर सायिकल पर स्मैक तस्करी करते हुए गिरफ्तार कर उनसे 12.01 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक कीमती 1.20 लाख रुपये एवं तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल कीमती 1.50 लाख रुपये सहित कुल लगभग 2.70 लाख रुपये का मूल्य का मसरुका जप्त किया गया था। पूछताछ पर आरोपियों ने उक्त स्मैक गोविन्द्र मीना निवासी ग्राम तुर्कीपाड़ा जिला बांरा से खरीदकर लेकर आना बताए जाने पर पुलिस ने प्रकरण में गोविन्द मीना को भी आरोपी नामजद कर धारा 29 एनडीपीएस एक्ट का इजाफा किया गया था।

फतेहगढ़ थाना पुलिस ने प्रकरण के फरार आरोपी गोविन्द मीना की निरंतर एवं सघनता से तलाश की जा रही थी। उसकी तलाश के क्रम में 18 अक्टूबर 2026 को फरार आरोपी के संबंध में मुखिबर से प्राप्त सूचना पर फतेहगढ़ थाना पुलिस द्वारा त्वरित एवं सतर्कतापूर्ण कार्यवाही करते हुए प्रकरण में लंबे समय से फरार आरोपी गोविन्द पुत्र जगदीश मीना उम्र 22 साल निवासी ग्राम तुर्कीपाड़ा थाना छबड़ा जिला बांरा (राजस्थान) को भी गिरफ्तार कर लिया गया एवं विधिवत कार्यवाही उपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

फतेहगढ़ थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी, सउनि नरेश शर्मा, सउनि दिलीप रघुवंशी, सउनि जसरथ दिवाकर, प्रधान आरक्षक सरनाम सिंह, प्रधान आरक्षक चंद्रसेन फाल्के, प्रधान आरक्षक विकास भार्गव, प्रधान आरक्षक हरिओम किरार, प्रधान आरक्षक प्रेम ग्वाल, प्रधान आरक्षक कांजराज बारेला, आरक्षक दीपक शर्मा, आरक्षक बृजेन्द्र कुशवाह, आरक्षक अजय लोधी, आरक्षक धीरेन्द्र बघेल, आरक्षक विवेक सिंह, आरक्षक नीरज शर्मा एवं आरक्षक लेखराज भील सायबर सेल से आरक्षक कुलदीप यादव व आरक्षक भूपेन्द्र खटीक की विशेष भूमिका रही है।

न्यूज-कॉलम

नवपदजी की ओली प्रारंभ, 45 श्रावक-श्राविकाएं कर रहे हैं आयम्बिल तप

मंदसौर । राजेंद्र विलास जीवागंज में त्रिस्तुतिक संघ व परमस्पर्श चातुर्मास समिति के तत्वावधान में 9 दिवसीय शाश्वत नवपदजी की ओली की तपस्या प्रारंभ हुई है। यह तपस्या जैनाचार्य व संतों की प्रेरणा से चल रही है, जिसमें 45 श्रावक-श्राविकाएं प्रतिदिन एक-एक पद की आराधना करते हुए आयम्बिल तप कर रहे हैं। इसके तहत 24 घंटे में मात्र एक बार स्वाद रहित आहार लिया जाता है।इस तपस्या का लाभ मदनलाल मोतीलाल पोरवाल परिवार (राजेन्द्र रिसोर्ट) द्वारा लिया गया है। यह आराधना 26 अक्टूबर को पूरी होगी और 27 अक्टूबर को तपस्वियों का पारणा होगा। इसके साथ ही, प्रतिदिन सुबह जैन संत श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी म.सा. द्वारा श्रीपाल रास का वाचन किया जा रहा है, जिसमें श्रीपाल महाराजा और मैना सुंदरी का वृत्तांत सुनाया जा रहा है।

रॉयल कॉलेज में टेक-कम-कल्चरल मीट का आयोजन: लॉजिक और लेक्चर के अनूठे मेल से सजा भव्य समारोह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



स्थानीय रॉयल कॉलेज में बीसीए एवं बीएससी (कंप्यूटर साइंस) के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य एवं प्रेरणादायी च्टेक-कम-कल्चरल मीटज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अकादमिक मार्गदर्शन, तकनीकी चर्चा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का एक बेहतरीन मेल देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. संजय वाते के मुख्य उद्बोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कंप्यूटर एवं आईटी क्षेत्र में हो रहे तीव्र और व्यापक विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "आज विश्व की जितनी बड़ी आईटी इंडस्ट्रीज और तकनीकी संस्थान हैं, उनमें ज्यादातर में भारतीय ही उच्च पदों पर आसीन हैं और अपनी बुद्धिमत्ता के बल पर विदेशों में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।" डॉ. वाते ने छात्र-छात्राओं को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहने की सलाह देते हुए कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी एक ऐसा गतिशील क्षेत्र है जहाँ नित-नया सीखना जरूरी है। उन्होंने स्टूडेंट्स को अपने तकनीकी ज्ञान को सेवा भावना, राष्ट्रहित और समाज के कल्याण से जोड़ने तथा नवीन अनुसंधानकी ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय की विभागा ध्यक्ष डॉ. अनामिका सारस्वत ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को अपने जीवन का लक्ष्य तय करने और बड़े सपने देखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बड़े सपने और स्पष्ट दृष्टिकोण ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं, बशर्ते विद्यार्थी उन्हें पूरा करने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा और ईमानदारी से निरंतर प्रयत्नशील रहें। उन्होंने युवाओं में सकारात्मक सोच, संवाद कौशल और नैतिक मूल्यों को बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. आयुषी सोनी, शासकीय पीएम श्री कॉलेज, रतलाम ने कॉलेज जीवन में अनुशासन व निरंतर परिश्रम के महत्व पर जोर देते हुए अकादमिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

आयोजन के दौरान कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता और सांस्कृतिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की विभागाध्यक्ष प्रो. दीपिका कुमावत, समस्त प्राध्यापकगण एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे। मंच का कुशल संचालन प्रो. आंचल नागल ने किया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्रशासक प्रो. दिनेश राजपुरोहित ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

विपिन सचदेवा के भजनों व गीतों को नागरिकों ने सराहा

रतलाम । नगर निगम द्वारा 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित 10 दिवसीय श्री कालिका माता नवरात्री मेले के सातवें दिन बीती रात विपिन सचदेवा ने निगम के सांस्कृतिक मंच से एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताओं मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम की शुरूआत पर्वत सिंह राठौर द्वारा श्री गणेश वंदना ओर माता जी के भजन से की फिर गायिका अल्फिया ने माता जी का भजन मन ले के आया माता रानी के भवन में गया। गायक ललित ने रफी साहब का गीत बड़ी दूर से आए हैं प्यार का तोहफा ले है गया। इसके बाद मुंबई से आए प्लेबैक सिंगर विपिन सचदेवा ने भजन रामजी की निकली सवारी, हनुमान चालीसा, काल के पंजे से माता बचाओ जय माँ अष्ट भवानी जैसे कई भजनों की प्रस्तुति दी।

भानपुरा क्षेत्र में मलेरिया के पॉजिटिव केस मिलने के बाद पांच गांवों में सघन सर्वे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

जिले के भानपुरा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोटड़ी टैंक, छोटी कोटड़ी, भानपुरा छतरी, थगी और बड़ोदिया में मलेरिया के पॉजिटिव मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में लाने के लिए युद्धस्तर पर कदम उठाए हैं। कलेक्टर श्री दिव्यांक सिंह के निर्देश पर गठित विशेष टीमों ने इन क्षेत्रों में सघन सर्वे अभियान शुरू किया है।

अभियान के दौरान स्वास्थ्य टीमों ने कुल 643 घरों का सर्वे किया और 2969 कंटेनरों की बारीकी से जाँच की। इस दौरान ४६ घरों में मच्छर का लारवा मिलने पर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। रैपिड किट के माध्यम से 216 व्यक्तियों की मलेरिया जाँच की गई, जिनमें से 15 व्यक्ति पॉजिटिव पाए गए। इसके अलावा 153 स्लाइड बनाई गईं, जिनमें 13 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई। क्षेत्र में संभावित बुखार के चलते दो मरीजों की मृत्यु की सूचना भी मिली है, जिसके वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा श्डेथ ऑडिटश (मृत्यु परीक्षण) किया जा रहा है।

संक्रमण को आगे फैलने से रोकने के लिए प्रभावित गाँवों में फॉगिंग और पायरेथ्रम स्प्रे का छिड़काव किया जा रहा है। नालियों में मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोकने के लिए टेमोफास डाला जा रहा है, साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा व जागरूक किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.के. द्विवेदी ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोते समय हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करें, शाम के समय नीम की पत्तियों का धुआँ करें और आसपास पानी जमा न होने दें। उन्होंने जोर दिया कि बुखार आने पर किसी भी प्रकार की देरी न करें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टर की सलाह से इलाज करवाएं।

पिकअप वाहन में खाली कैरेट के नीचे छिपाकर ले जाया जा रहा 220 किलो ग्राम अवैध डोडाचुरा जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

जिले के गरोठ थाना पुलिस ने पिकअप वाहन में चालाकी से स्कीम बनाकर परिवहन किए जा रहे 220 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा को जब्त किया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग के पिकअप वाहन के डाले में प्लास्टिक की खाली केरेट रखकर उनके नीचे कट्टों में अवैध डोडाचुरा भरकर पिपल्या जत्ती की तरफ से गरोठ होते हुए 8-लेन की तरफ ले जाया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने नाकेबंदी कर वाहन को पकड़ा और वाहन की सघन तलाशी ली। केरेट के नीचे छिपाकर रखे गए 11 काले प्लास्टिक के कट्टों से कुल 220 किलोग्राम अवैध डोडाचुरा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख 40 हजार रुपये है।

पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मारुति पिकअप वाहन, दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन और 40 खाली केरेट भी जब्त किए हैं। इस मामले में पुलिस ने दो अंतरराज्यीय तस्करों आरोपी सुरेन्द्रसिंह निवासी रोहड़, पंजाब और रामशरन निवासी मोहाली, पंजाब को गिरफ्तार कर लिया है। थाना गरोठ में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों से डोडाचुरा के स्त्रोत के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है।

भादवामाता के यात्री सुरक्षा हेतु भारी वाहन पूर्ण प्रतिबंध

नीमच। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भादवामाता जी में आयोजित मेले के अवसर पर नीमच शहर में श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या एवं पैदल आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए, किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना की संभावना को रोकने, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पुलिस नीमच द्वारा विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई है। , कलेक्ट्रेट मार्ग,जावद फंटाशहर के बाहर वाहन चालक निर्धारित डायवर्जन मार्ग का ही उपयोग करें तथा यातायात पुलिस द्वारा लगाए गए संकेतकों एवं निदेर्शों का पालन करें। आमजन एवं श्रद्धालुओं से विशेष अपील की है पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें। पैदल श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

आरोपी को न्यायालय ने सुनाई दोहरे आजीवन कारावास की सजा

रतलाम। जिले के रावटी में हुए एक सनसनीखेज हत्याकांड का फैसला सुनाते हुए विशेष न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया है। अनुसूचित जनजाति की महिला की हत्या के मामले में विचारण उपरांत न्यायालय ने आरोपी को दोहरे आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। इस कड़े फैसले से न्याय की जीत हुई है और अपराधियों में कड़ा संदेश गया है। प्रकरण के अनुसार, घटना 6 जुलाई 2025 की है। मृतिका रावटी गई थी और वापस नहीं लौटी। इसके अगले दिन यानी ७ जुलाई 2025 को उसकी लाश ग्राम पाडलियाघाटा (शिवगढ़-बाजना रोड, सोगल डुंगरी घाट रोड के किनारे) बरामद हुई थी।

हरी मिर्ची की आड़ में पिकअप मे 306 किलो अवैध डोडाचुरा जब्त

नीमच। प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरुद्ध प्रदेश व्यापी नशाविरोधी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महोदय, उज्जैन जोन उज्जैन, उप पुलिस महानिरीक्षक रतलाम रेंज रतलाम निमिष अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल, श्री हर्ष राठौर एवं थाना प्रभारी जावद श्री मनोज सिंह जादौन के के मार्गदर्शन में कार्यवाही की गई।



यज्ञ पूणार्हुती एवं कन्या भोज के साथ समापन हुआ नवरात्रि महोत्सव

पिपलिया मंडी। मल्हारगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत गांव निनोरा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रावला परिवार प्रमुख ठाकुर भारतसिंह जी शक्तावत के मार्गदर्शन में तथा राजपुरोहित पंडित अरविंद शर्मा के आचार्यत्व में आयोजित नव दिवसीय घट स्थापना यज्ञ पूणार्हुति एवं कन्या भोज के साथ संपन्न हुआ। किस अवसर पर भारी संख्या में महिलाओं बच्चों पुरुषों आदि ने भाग लेकर धर्म लाभ लिया। इसी मौके पर गांव के परोहित पंडित बाबूलाल नागर भी उपस्थित रहे।



कुं शक्तावत ने गांव जग्गा खेड़ी, खंडेरिया मारु में गरबोत्सव में भाग लिया

पिपलिया मंडी। नवरात्रि के पावन पर्व पर मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गाँव जग्गाखेड़ी एवं गांव खंडेरिया मारू में लोकप्रिय नेता,गरीबों के मसीहा, जनझजन के नेता असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्यप्रदेश अध्यक्ष एवं मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि रेलवे इम्प्लाइज यूनियन के पूर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह जी शक्तावत ने नवदुर्गा मित्र मंडल के द्वारा स्थापित मां अंबे की मूर्ति के समक्ष उपस्थित होकर मां की आराधना करने के साथ ही साथ वहां उपस्थित समस्त धर्मावलंबियों को एवं उपस्थित समस्त कन्याओं को संबोधित किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

दुर्गा प्रतिमा का संजीवनी तालाब व शिव घाट पर होगा विसर्जन

नीमच। नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नवरात्रि पर्व के समापन पर दुर्गा माता की प्रतिमा के विसर्जन के लिए तीन स्थानों पर व्यवस्था की है। इन स्थानों पर 19 व 20 अक्टूबर को नगर पालिका के कर्मचारी तैनात रहेंगे जो श्रद्धालुओं से माता रानी की प्रतिमा प्राप्त कर जल कुंड में विधिवत रूप से पूरे सम्मान के साथ विसर्जित करेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका परिषद नीमच के कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैया लाल शर्मा ने बताया कि नगर पालिका द्वारा दुर्गा माता की प्रतिमा के विसर्जन के लिए नीमच शहर में गोमाबाई रोड स्थित संजीवनी तालाब एवं जयसिंहपुरा रोड स्थित शिव घाट पर तथा बड़ी प्रतिमा एवं आसपास के क्षेत्र के लिए जाजू सागर बांध (हरकिया खाल बांध)पर व्यवस्था की है। कार्यालय अधीक्षक श्री शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित प्रतिमा विसर्जन स्थल पर जाकर ही वहां तैनात कर्मचारियों के माध्यम से माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन करवाये और अन्य किसी स्थान पर जाकर स्वयं के द्वारा मूर्ति विसर्जन का प्रयास न करते हुए नगर पालिका का सहयोग करें और दुर्घटना से बचें.।

श्री भादवामाता मंदिर पर महाअष्टमी 19 अक्टूबर कों मुख्य हवन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



जिले के सुप्रसिद्ध आरोग्य तीर्थ महामाया भादवामाता मंदिर में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर महाअष्टमी का मुख्य हवन 19 अक्टूबर 2026 सोमवार को रात्रि 10.30 बजे से विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रारंभहोगा। इस अवसर पर हिश्व कल्याण, सुख-समृद्धि एवं आरोग्य की कामारा के साथ हवन में आहुतियां अर्जित की जाएंगी।

श्री महामाया भादवामाता मंदिर प्रबंध समिति एवं ग्राम पंचायत दिवामाता से प्राप्त जानकारी के अनुसार, महाअष्टमी के इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान में मंदिर के मुख्य पुजारियों एवं आचार्यों के सानिध्य में हवन संपन्न होगा। इस दौरान माता की विशेष महाआरती भी की जाएगी। महाअष्टमी के अवसर पर मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल की आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मंदिर प्रबंध समिति एवं ग्राम पंचायत भादवामाता ने समस्त श्रद्धालुओं से महाअष्टमी के पावन अवसर पर महामाया भादवामाता के दर्शन करने तथा मुख्य हवन एवं महाआरती में सम्मिलित होने के लिए पार्किंग और व्यवस्थाओं का ध्यान रखे ।

नेनोरा गांव में दर्दनाक हादसा

कुएं में नहाने उतरी 15 वर्षीय प्रियांशी की डूबने से मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलियामंडी

मंदसौर जिले के थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नेनोरा में रविवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। कुएं में नहाने उतरी 15 वर्षीय किशोरी प्रियांशी पाटीदार की पानी में डूबने से मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने किशोरी को बचाने के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना मिलने पर मंदसौर से रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद किशोरी के शव को कुएं से बाहर निकाला गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नेनोरा निवासी सुनील पाटीदार की 15 वर्षीय पुत्री प्रियांशी रविवार दोपहर करीब 12 बजे कुएं में नहाने गई थी। बताया जा रहा है कि किशोरी रस्सी के सहारे कुएं के अंदर उतरी थी। इसी दौरान अचानक वह गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। देखते ही देखते खुशियों से भरा परिवार गहरे सदमे में डूब गया।



घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। किशोरी को बचाने के लिए लोगों ने हरसंभव प्रयास किए, लेकिन उसे बाहर निकालने में सफलता नहीं मिली। इसके बाद मंदसौर से रेस्क्यू टीम को बुलाया गया।

हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। किशोरी को कुएं से बाहर निकालने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयास किए गए। बाद में मंदसौर से पहुंची रेस्क्यू टीम ने मोर्चा संभाला। टीम ने आवश्यक संसाधनों की मदद से बचाव अभियान चलाया और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद किशोरी के शव को कुएं से बाहर निकाला।

हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। जिस उम्र में प्रियांशी के सपनों को नई उड़ान मिलनी थी, उस उम्र में उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही पिपलियामंडी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम किया और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

मौके पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। किशोरी किन परिस्थितियों में गहरे पानी में डूबी, इसकी विस्तृत जानकारी पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

न्यूज कालम



तालाब में डूबने से मृत दो बच्चों के परिजनों को 4-4 लाख की सहायता

नीमच। जीरन तालाब में डूबने से दो बच्चों की मृत्यु की दुखद घटना पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया है। घटना की जानकारी मिलने पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने घटनास्थल का जायजा लिया तथा पीड़ित परिवार से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। अधिकारियों ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया तथा इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही, शासन के नियमानुसार दोनों बच्चों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही आगामी तीन कार्य दिवस में पूर्ण करने की बात कही। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री बी.एस. कलेश, एसडीएम श्री पराग जैन, तहसीलदार श्री शत्रुघ्न चतुर्वेदी, नगर परिषद जीरन के सीएमओ श्री कपिल सिंह राजावत सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा मंदसौर में महाआरती एवं शस्त्र पूजन संपन्न



मंदसौर । अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल जिला मंदसौर के तत्वावधान में माता की महाआरती और शस्त्र पूजन का भव्य कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने धर्म, संस्कृति तथा राष्ट्र की रक्षा का सामूहिक संकल्प लिया और सनातन परंपरा के प्रतीक शस्त्रों का विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया। कार्यक्रम में परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष पं. जितेंद्र व्यास, जिलाध्यक्ष विनोद जाट, गोपाल सिंह राजावत, नरेंद्र सिंह तोमर सहित संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष विनोद जाट ने अपने संबोधन में कहा कि शस्त्र केवल आस्था के प्रतीक नहीं बल्कि राष्ट्र की अखंडता की रक्षा का आधार हैं, और शांति बनाए रखने के लिए सामर्थ्यवान होना आवश्यक है। वक्ताओं ने युवाओं से अपनी गौरवशाली परंपराओं से जुड़कर राष्ट्रहित में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

शिवना शुद्धिकरण अभियान के तहत मंदिर घाट व नदी तटों की सफाई की



मंदसौर । शिवना शुद्धिकरण अभियान के 146वें दिन रविवार को श्रमदानी नदी किनारे एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से श्रमदान कर नदी की स्वच्छता में योगदान दिया। श्रमदानियों ने भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के घाट और नदी के दोनों किनारों को स्वच्छ किया तथा पानी में फैले प्लास्टिक कचरे को बाहर निकाला। विधायक श्री विपिन जैन ने पैदल चलकर स्वच्छता का निरीक्षण किया और मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद नदी किनारे कई पॉइंट चिह्नित किए गए हैं जहाँ आगामी दिनों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे हर रविवार सुबह 7 से 8 बजे तक चलने वाले इस श्रमदान अभियान में सहभागिता करें और नदी में प्लास्टिक व पूजन सामग्री न डालें। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजसेवियों, महिलाओं और नागरिकों ने श्रमदान किया।

गांधी नगर में नवरात्रि महोत्सव में गरबा प्रस्तुतियों ने मोहा मन



मंदसौर । स्थानीय गांधी नगर में नवदुर्गा गरबा समिति के तत्वावधान में आयोजित नवरात्रि महोत्सव के सातवें दिन धार्मिक उल्लास और भक्तिमय माहौल में माँ जगदम्बा की महाआरती संपन्न हुई। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी, नरेंद्र अग्रवाल, नरेंद्र धनोतिया, योगेश पोरवाल, विद्युत फेडरेशन प्रांतीय महामंत्री दशरथ सिंह चंद्रावत, मदन सिंह देवड़ा, भूपेंद्र सिंह राठौर, शिक्षाविद् जितेंद्र सिंह राणा, नेपाल सिंह राणावत और आशीष जैन सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि नवरात्रि का पर्व हमारी सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और अटूट आस्था का प्रतीक है, जो युवा पीढ़ी को समृद्ध परंपराओं से जोड़ता है। महाआरती के पश्चात बालिकाओं और मातृशक्ति ने पारंपरिक परिधानों में आकर्षक और भक्तिमय गरबा प्रस्तुतियां दीं, जिसकी सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों और संरक्षकों द्वारा सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया।

पारिवारिक विवाद में जीजा ने की साले की हत्या: आरोपी फरार

रतलाम, । जिले के रावटी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आकड़िया में पारिवारिक विवाद के दौरान एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पारिवारिक कार्यक्रम में हुए विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आए साले पर जीजा ने जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

रेयांश मीणा का राज्य स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा में चयन

खाचरोद। विद्यालय प्राचार्या येशा भंसाली ने बताया कि 16 अक्टूबर को रतलाम के हिमालया इंटरनेशनल स्कूल में संभाग स्तरीय क्रिकेट 14 वर्ष आयु समूह



प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें ने कक्षा 7 वी के छात्र रेयांश मीणा ने 2 ओवर में 8 रन देकर 2 विकेट ले कर अच्छा प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना चयन सुनिश्चित किया । राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो 25 से 30 नवम्बर तक भोपाल में आयोजित होगी। बच्चों की इस उपलब्धि पर संस्था संचालक ललीत कांकरिया, बालेश बुपकिया , श्रुति बुपकिया प्राचार्या येशा भंसाली , उप प्राचार्य राजकुमार सेजवार खेल शिक्षक निमित शर्मा , नीलम रॉय , सुभाष प्रजापत एवं समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

जीवन में धर्म जरूरी है, निर्मल परिणाम और दया से बनता है धर्मात्मा- मुनि

सारंगपुर। जीवन में धर्म का होना अत्यंत आवश्यक है। धर्म केवल पूजा-पाठ, मंदिर जाने या धार्मिक अनुष्ठान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि धर्म जीवन को सही दिशा देने, मन को निर्मल बनाने और व्यक्ति के आचरण को श्रेष्ठ बनाने का माध्यम है। धर्म मनुष्य को दया, करुणा, क्षमा, विनम्रता और सदाचार का मार्ग दिखाता है। जिस व्यक्ति के हृदय में दूसरों के प्रति दया हो, जिसके विचार निर्मल हों और जिसके परिणाम पवित्र हों, वही वास्तविक अर्थों में धर्मात्मा कहलाने योग्य है। यह बात मुनि प्रवर सागर ने अपने प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि धर्म का वास्तविक महत्व तभी है, जब वह हमारे व्यवहार और जीवनशैली में दिखाई दे।

भाजपा नेता सुंदरलाल जाटव बने अखिल भारतीय हिंदू परिषद के प्रदेशाध्यक्ष

सारंगपुर। भाजपा नेता एवं समाजसेवी सुंदरलाल जाटव को अखिल भारतीय हिंदू परिषद का मध्यप्रदेश प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत योगी राजकुमार नाथ ने उनकी इस नियुक्ति की घोषणा की। सुंदरलाल जाटव लंबे समय से राजनीति और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकताओं और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। संगठन को उम्मीद है कि उनके कुशल नेतृत्व में प्रदेश भर में सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढावा मिलेगा और संगठनात्मक कार्यों को नई मजबूती प्राप्त होगी।

अंतरराष्ट्रीय शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का आरोप

राजगढ़। अंतरराष्ट्रीय शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष गोपाल दास ने बताया कि कर्मचारियों के एनपीएस खातों में लगभग 50 हजार रु. से अधिक राशि अचानक घट गई है यह बड़ा चिंता का विषय है सरकार को संज्ञान में लेना चाहिए। शिक्षकों के वेतन से कटौती कर भविष्य में नाममात्र की पेंशन 2 हजार तीन हजार देने की योजना है इसी पैसे में सरकार भी अंशदान मिला रही है लेकिन निवेश निजी कंपनियों को करने से शेयर मार्केट गिरने के कारण पैसा घट जाता है जिससे जमा पूंजी घटने एवं डूबने की आशंका रहती है।

ब्यावरा में विशाल चुनरी यात्रा में शामिल हुए मंत्री पंवार

ब्यावरा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ब्यावरा में हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर वैष्णो देवी मंदिर तक निकाली गई इस चुनरी यात्रा में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर पंवार ने माँ भगवती से समस्त क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने प्रार्थना की कि माँ दुर्गा की कृपा सभी पर सदैव बनी रहे तथा प्रत्येक घर में सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का वास हो।

ग्राम मोड़ी में जनविश्वास शिविर, कलेक्टर-एसपी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

मौके पर समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विकासखंड सुसनेर के ग्राम मोड़ी में जनविश्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए समस्याओं का समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन एवं पुलिस की पहुंच मजबूत करना तथा आमजन की समस्याओं का प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कलेक्टर एवं एसपी ने ग्रामीणों की बात गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिन समस्याओं का निराकरण मौके पर संभव नहीं था, उनके लिए समयसीमा में कार्रवाई करने पर जोर दिया गया।

शिविर में पुलिस से संबंधित शिकायतों एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने आमजन की शिकायतों पर उचित कार्रवाई करने तथा नागरिकों की सुरक्षा और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।

शिविर से ग्रामीणों को अपनी समस्याएं सीधे वरिष्ठ अधिकारियों को बताई

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आयोजित इस शिविर से ग्रामीणों को अपनी समस्याएं सीधे वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिला। प्रशासन एवं पुलिस का उद्देश्य आमजन के साथ संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का समयबद्ध निराकरण करना और शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत करना है।

चार पद खाली, आठ साल से एक ही डॉक्टर के भरोसे पशुधन की सेहत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

चार पद स्वीकृत, लेकिन आठ साल से जिम्मेदारी एक ही स्थायी पशु चिकित्सक के कंधों पर। पशुओं का इलाज हो या गौशालाओं में बीमार गोवंश की देखभाल, टीकाकरण हो या पशुपालकों की समस्याओं का समाधान, सारंगपुर विकासखंड में डॉ. अमित शाक्या सीमित अमले के बीच लगातार सेवाएं दे रहे हैं। मुरैना जिले के ग्राम जौरा में जन्मे डॉ. शाक्या ने सारंगपुर को अपनी कर्मभूमि बनाया। गौसेवा के प्रति समर्पण और विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें राज्य स्तर पर सम्मान भी मिल चुका है।

सारंगपुर विकासखंड में पशु चिकित्सा अधिकारियों के चार पद स्वीकृत हैं, लेकिन डॉ. शाक्या के अनुसार, वर्ष 2018 से वे एकमात्र स्थायी पशु चिकित्सा अधिकारी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में पशुओं के उपचार के साथ विभागीय योजनाओं का संचालन, गौशालाओं में स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, कृत्रिम गभार्धान और पशुधन विकास कार्यक्रमों की निगरानी जैसी जिम्मेदारियां भी निभानी पडती हैं। मैदानी कर्मचारियों और मैत्री कार्यकताओं का सहयोग इस व्यवस्था में महत्वपूर्ण है। हालांकि, रिक्त पदों की पूर्ति होने से पशुपालकों को सेवाएं उपलब्ध कराने में और आसानी हो सकती है।

डॉ. शाक्या के लिए सारंगपुर केवल पदस्थापना स्थल नहीं, बल्कि कर्मभूमि है। उनका मानना है कि पशु चिकित्सक का काम केवल बीमार पशु का उपचार करना नहीं, बल्कि उन बेजुबानों की पीडा समझकर उनके जीवन की रक्षा करना भी है, जो अपनी तकलीफ बता नहीं सकते। सीमित संसाधनों के बीच पशुपालकों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना और पशुधन संरक्षण के प्रयास जारी रखना उनकी प्राथमिकता है।

गौसेवा के काम ने दिलाई राज्य स्तर पर पहचान

डॉ. शाक्या की कार्यशैली में गौवंश का उपचार और पशुधन संरक्षण प्रमुखता से शामिल रहा है। घायल, बीमार और दुर्घटनाग्रस्त गोवंश की देखभाल से लेकर गौशालाओं में पशु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तक वे सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके अनुसार, मध्यप्रदेश में हिरण्यगर्भा अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तत्कालीन प्रमुख सचिव उमाकांत राव द्वारा उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है।

इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में धूम-धाम से मना नवरात्रि व दशहरा पर्व



दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

नगर की निजी शिक्षण संस्था फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में नवरात्रि एवं विजयदशमी का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। तत्पश्चात, विद्यालय परिसर भक्तिमय भजनों और गरबे की थाप से गुंजायमान हो उठा।

समारोह का मुख्य आकर्षण नवदुर्गा के विभिन्ना रूपों में सजे बच्चे और उनकी मनमोहक झांकियां रहीं। पारंपरिक एवं रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों ने गरबा नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की वेशभूषा और उनका उत्साह पूरे आयोजन का केंद्र बिंदु रहा। इस विशेष अवसर पर संस्था प्रबंधक नितिन परिहार ने विद्यार्थियों को नवदुर्गा के दशनों स्वरूपों के आध्यात्मिक और व्यवहारिक महत्व का गहराई से विश्लेषण कर समझाया।

थाना जीआरपी ब्यावरा के मोबाइल चोरी के आरोपी को सजा

मोबाइल चोरी में आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास, 500 रु का अर्थदण्ड से दण्डित

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।

राजगढ़ जिले के न्यायालय श्रेया शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ब्यावरा द्वारा मोबाइल चोरी के प्रकरण में आरोपी मिलन को दोषसिद्ध पाते हुए भारतीय दण्ड संहिता की धारा 379 के अंतर्गत 01 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500 रु. के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन के अनुसार, फरियादी गाड़ी क्रमांक 22984 से ब्यावरा जिला राजगढ़ से जनरल कोच में यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके हाथ से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। फरियादी द्वारा जीआरपी थाना कोटा इकाई, जीआरपी अजमेर में घटना की शिकायत की गई। इसके आधार पर जीआरपी थाना ब्यावरा में अपराध क्रमांक 97/2023, धारा 379 एवं 356 भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

विवेचना के दौरान सीडीआर रिपोर्ट के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा घटना के वक्त मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया विवेचना पूर्ण होने पर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषसिद्ध कर उक्त दण्डादेश पारित किया।

जनसहयोग से शीतला माता मंदिर में कराई 245 फीट बोरिंग, 60 फीट पर ही मिला पानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नवरात्रि की शीतला सप्तमी के अवसर पर मेला ग्राउंड स्थित सर्वसिद्ध माता शीतला मंदिर परिसर में पानी की समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। मंदिर परिसर में जनसहयोग से बोरिंग कराई गई, जिसका शुभारंभ शीतला सप्तमी पर विधि-विधान से पूजन कर किया गया। कुल 245 फीट गहरी बोरिंग कराई गई, जिसमें 60 फीट की गहराई पर ही पानी मिल गया। इससे मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को पानी की सुविधा मिल सकेगी।

मंदिर परिसर में लंबे समय से पानी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर समिति ने जनसहयोग से बोरिंग कराने का निर्णय लिया। इसके लिए समिति की ओर से नगर में घर-घर और दुकानों पर दान पेटी घुमाई गई। इसमें नगरवासियों और दुकानदारों ने अपनी श्रद्धा एवं सामर्थ्य के अनुसार राशि का सहयोग दिया। लोगों से एकत्रित इसी राशि से बोरिंग का कार्य कराया गया। इस तरह नगरवासियों के सामूहिक सहयोग से मंदिर परिसर में पानी की व्यवस्था करने की पहल की गई।

शीतला सप्तमी के अवसर पर बोरिंग मशीन का पूजन कन्याओं एवं मातृशक्तियों द्वारा किया गया। पंडित जगदीशानंद जोशी ने विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया।



बाउंड्रीवॉल के लिए प्रजापति समाज ने दीं ईंटें

मंदिर परिसर के विकास और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए समाजजन भी सहयोग कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रजापति समाज की ओर से मंदिर परिसर में बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए ईंटें दान की गई हैं। जनसहयोग से बोरिंग कराने और निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने की पहल धार्मिक स्थल के विकास में सामाजिक सहभागिता का उदाहरण बनी है।

खड़ी बस में ट्रक घुसा, आठ यात्री गंभीर घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले में सारंगपुर के समीप नेशनल हाईवे पर रविवार सुबह करीब 6 बजे यात्रियों से भरी एक खड़ी बस में पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में आठ लोग घायल हो गए। इनमें पांच गंभीर रूप से घायल हुए, जबकि दो को मामूली चोटें आईं। एक गंभीर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर रेफर किया गया।

हादसे में देवेंद्र पिता राजू केवट (17), निवासी बजरंगगढ़, महक पिता जितेंद्र वंशकार (17), निवासी ललितपुर, पिंकी पति रामसेवक अहिरवार (23), निवासी अशोकनगर, राधिका पिता गोपाल वंशकार (16), निवासी मुंगावली, बस चालक जितेंद्र पिता हरिसिंह रघुवंशी (42), निवासी डगोरपुर, सोनू पिता हरिसिंह (36), निवासी अशोकनगर, गंगाराम पिता रघुवर अहिरवार (36), निवासी सेमरा पहाड़ और रविशंकर पिता जागरणरायण यादव (45), निवासी लखनऊ घायल हुए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार कमला बस क्रमांक यूपी 78 सी इंदौर से अशोकनगर जा रही थी। सारंगपुर नेशनल हाईवे पर यात्रियों को लघु शंका हेतु बस रोकी थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी 32 क्यूएन 3488 ने बस को टक्कर मार दी। बस में करीब 40 यात्री सवार थे।

नवरात्रि की धूम, माता रानी के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

मक्सी। शारदीय नवरात्रि महोत्सव पूरे चरम पर है। नवरात्रि के नगर में जगह-जगह माता रानी के पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। शाम होते ही माता रानी के दर्शन, पूजा-अर्चना, आरती और भक्ति संगीत के बीच पूरा नगर भक्तिमय नजर आ रहा है। नवरात्रि महोत्सव के दौरान कई स्थानों पर डांडिया नृत्य की धूम भी देखने को मिल रही है। नगर के नया बाजार में मक्सी की महारानी के नाम से जगत जननी माता रानी की घट स्थापना की गई है। यहां प्रतिदिन मधुर संगीत और भजनों के माध्यम से माता रानी की आराधना की जा रही है। वहीं, पुरानी नगर पालिका के पास जैन मंदिर मार्ग पर नगर रानी के नाम से माता रानी की स्थापना की गई है। आगरा-बॉम्बे रोड पर राजमाता के नाम से घट स्थापना कर श्रद्धालु पूजा-अर्चना में जुटे हैं। इसी प्रकार बजरंग मोहल्ला, जैन मंदिर के पास कालका माता मंदिर, कला भाटा, नई आबादी, नर्मदा मंदिर के समीप और झोंकर रोड सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में माता रानी के पंडाल सजाए गए हैं।

त्योहार और फसल सीजन में बिगड़ी सारंगपुर की ट्रैफिक व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



त्योहारों का सीजन, मंडियों में पहुंचने लगी किसानों की फसल और सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहन... इन सबके बीच सारंगपुर की यातायात व्यवस्था लडखडाने लगी है। नगर के प्रमुख मार्ग पुराने एबी रोड पर वाहनों का दबाव बढने से आए दिन जाम जैसे हालात बन रहे हैं। बुधवार को बस स्टैंड चौराहे से थाने के पास मालवा ट्रेडर्स के सामने तक वाहनों की कतारें लग गईं। काफी मशक्कत के बाद यातायात सुचारु हो सका, तब जाकर वाहन चालकों ने राहत की सांस ली।

त्योहारों के दौरान बाजार में भीड और कृषि उपज की आवक को देखते हुए आने वाले दिनों में यातायात का दबाव और बढने की संभावना है। ऐसे में पुराने एबी रोड पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना चुनौती बन सकता है। यदि समय रहते बेतरतीब पार्किंग पर रोक लगाने, प्रमुख चौराहों पर यातायात नियंत्रण और मालवाहक वाहनों की आवाजाही को व्यवस्थित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आम नागरिकों की परेशानी बढ सकती है।

सवाल यह है कि जब हर साल त्योहारों और फसल सीजन में ऐसे हालात बनते हैं, तो यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए स्थायी इंतजाम क्यों नहीं किए जाते? नगरवासियों को उम्मीद है कि संबंधित जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या पर ध्यान देंगे, ताकि बाजार आने वाले लोगों, किसानों और वाहन चालकों को बार-बार जाम में न फंसना पडे।

सड़क पर वाहन, रास्ते में रुकती रफ्तार

इन दिनों त्योहारों के चलते बाजार में लोगों की आवाजाही बढ़ी है। वहीं किसानों की फसल भी बाजार और मंडियों तक पहुंचने लगी है। इसके कारण नगर के प्रमुख मार्गों पर दोपहिया वाहनों से लेकर बसों, ऑटो और मालवाहक वाहनों की आवाजाही बढ गई है। ऐसे में पुराने एबी रोड पर सडक किनारे और बीच रास्ते में बेतरतीब खडे वाहन यातायात में बाधा बन रहे हैं।



विधायक दिनेश जैन बोस ने किया फ्ली मार्केट नवरात्रि-दिवाली प्रदर्शनी का शुभारंभ

महिदपुर। जैन मांगलिक भवन में मेघना प्रदीप चोपड़ा एवं अनुभा धोका कोचर द्वारा आयोजित दो दिवसीय फ्ली मार्केट नवरात्रि-दिवाली प्रदर्शनी का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस ने फीता काटकर किया। उन्होंने भगवान आदिनाथ के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में फैशन, ज्वेलरी, फूड, हैंडमेड उत्पाद, कपड़े एवं फेस्टिव डेकोर सहित विभिन्न स्टॉल लगाए गए। विधायक बोस ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके हुनर को पहचान दिलाने का सराहनीय प्रयास है। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अरुण बुरड़, वरिष्ठ पत्रकार जवाहर डोसी पीयूष, प्रवीण धोका, महेश सुमन, निर्मल कोचर एवं अभिवर्धन छजलानी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में मेघना चोपड़ा ने आभार व्यक्त किया।

विद्यापीठ में नवरात्रि अवसर पर गरबा महोत्सव का आयोजन किया



खाचरोद। श्री राज राजेंद्र जयंत सेन विद्यापीठ, खाचरोद में नवरात्रि के पावन अवसर पर माता जी की भाव-भक्ति आरती के साथ गरबा उत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती वीना कुंदी द्वारा माता जी की आरती कर किया गया। आरती के पश्चात नर्सरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ गरबा नृत्य में भाग लिया। पूरे विद्यालय परिसर माता जी के जयकारों और गरबा की धुन से भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर प्राचार्या महोदया ने बच्चों को माता जी के जीवन में महत्व, शक्ति और नारी सम्मान के बारे में बताया और सभी बच्चों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

नवरात्रि में कायस्थ समाज के शाकाहार परिवार हो रहे चित्रगुप्त सम्मान से सम्मानित



ब्यावरा-राजगढ़। नवरात्रि के दिनो में कायस्थ समाज में माँसाहार खान-पान मुक्त महाअभियान चलाया जा रहा है।कायस्थ बंधु समिति सहित अन्य नगरो में श्री चित्रगुप्त भगवान सम्मान देकर परिवारो के बीच जाकर लोगो को अंडे और माँस न लेने का संकल्प पत्र लेने का कार्यक्रम कर रही है।नवरात्रि सात दिनो में भोपाल सहित मंडीदीप से चालीस परिवारो ने माँसाहार मुक्त रहने का संकल्प पत्र भरकर दिये है।इसी कडी में शनिवार को पटेल नगर में श्रीमती विध्या हरिचरण श्रीवास्तव और श्रीमति ज्योति राजेश श्रीवास्तव परिवार सहित को माँसाहार नशामुक्त महाअभियान में शामिल होने के उपलक्ष्य में कायस्थ बंधु समिति के.अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव नें पीले गमछे पहनाकर सम्मान में प्रशस्ति पत्र प्रदान किए है।दोनो परिवार विगत लम्बे समय से न केवल शाकाहार जीवन शैली.को अपना रहे है बल्कि अभियान के प्रचार प्रसार में भी विशेष रूप से योगदान भी दे रहे है। गिरीश श्रीवास्तव ने बताया.कि शारदीय नवरात्रि के शुभ दिनो में कायस्थ बंधु समिति माँसाहार त्यागो सम्मान पाओ अभियान चला रही है।गिरीश श्रीवास्तव ने कहा कि नवरात्रि आत्म सुधार.के साथ साथ जीवन को सात्विक बनाने का श्रेष्ठ माध्यम है।माँसाहार मुक्त अभियान कायस्थ समाज तक सीमित नही है बल्कि सम्पूर्ण सनातन हिन्दू समाज में भी निरंतर चल रहा है। 11

विश्व हाथ धुलाई दिवस पर विद्यार्थियों को सिखाए हाथ धोने के सही तरीके



सारंगपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाडल्यामाता में गुरुवार विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को हाथों की स्वच्छता के महत्त्व से अवगत कराना तथा उन्हें बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य पीसी रावतिया ने विद्यार्थियों को बताया गया कि भोजन करने से पहले, शौचालय का उपयोग करने के बाद, खाँसने या छींकने के बाद तथा गंदगी के संपर्क में आने पर हाथों को अच्छी तरह धोना चाहिए। हाथों की नियमित सफाई से दस्त, पेट के संक्रमण तथा कई अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलाव को कम करने में सहायता मिलती है। उन्होंने स्वयं बच्चों के हाथ साबुन से धुलवाकर हाथ धोने की सही विधि का व्यावहारिक प्रदर्शन किया तथा उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को हाथ धोने के प्रमुख चरणों की जानकारी दी गई। इसमें हाथों को स्वच्छ पानी से गीला करना, साबुन लगाना, दोनों हथेलियों को रगडना, हाथों के पीछे का भाग साफ करना, उँगलियों के बीच तथा नाखूनों के आसपास सफाई करना, अँगूठों को अच्छी तरह रगडना और अंत में स्वच्छ पानी से हाथ धोकर सुखाना शामिल है।

सोना इस हफ्ते 3 हजार रुपए सस्ता, 1.46 लाख आया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड के दाम 3,004 रुपए गिरकर 1.46 लाख रुपए आ गए है। इसे पहले ये बीते हफ्ते यानी 9 अक्तूबर को 1.49 लाख रुपए पर था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 2.21 लाख रुपए से गिरकर 2.11 लाख रुपए पर आ गए हैं। यानी इसकी कीमत में 10,191 रुपए की कम हुई है।

अलग-अलग शहरों में सोने के दाम अलग होने की 4 वजहें- ट्रांसपोर्टेशन और सिक्योरिटी: एक शहर से दूसरे शहर सोना ले जाने में ईंधन और सुरक्षा खर्च जुड़ता है, जिससे दूरी बढ़ने पर दाम बढ़ते हैं।

खरीदारी की मात्रा: दक्षिण भारत में ज्यादा खपत (करीब 40%) के कारण ज्वेलर्स बड़ी खरीद करते हैं, लेकिन छूट का फायदा सीमित रहता है।

लोकल ज्वेलरी एसोसिएशन: राज्य और शहर के ज्वेलरी एसोसिएशन स्थानीय मांग-सप्लाई के आधार पर रेट तय करते हैं।

पुराना स्टॉक और खरीद मूल्य: ज्वेलर्स का खरीदी रेट तय करता है कि वे ग्राहकों को कितनी कीमत में बेचेंगे।

सोना इस साल 13 हजार महंगा और चांदी 20 हजार गिरी

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 13,319 रुपए महंगा हो चुका है। वहीं, चांदी 20,108 रुपए सस्ती हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 सोना 1.33 लाख रुपए था, जो अब 1.47 लाख रुपए पहुंच गया है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो 2.10 लाख रुपए हो गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (इक्र) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- अे4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें।

इंडिगो के बाद एअर इंडिया ने भी फ्लाइट्स कैंसिल कीं; यात्रा की तारीख फ्री में बदल सकेंगे

सऊदी अरब की उड़ानें 24 अक्टूबर तक रद्द

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में हूती विद्रोहियों के हमलों और बढ़ते तनाव के कारण एअर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सऊदी अरब जाने और वहां से आने वाली अपनी सभी उड़ानें 24 अक्टूबर तक बंद कर दी हैं। यह फैसला जेद्दा, रियाद और दम्माम की फ्लाइट्स के लिए लिया गया। एयरलाइन ने टिकट कैंसिल करने पर पूरा पैसा वापस करने का ऐलान किया है। इसका अलावा, यात्री बिना कोई एक्स्ट्रा चार्ज दिए यात्रा की तारीख फ्री में बदल सकेंगे। बता दें कि देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो गुरुवार को ही उड़ानें रद्द कर चुकी है। अगर आपने 15 अक्टूबर या उससे पहले टिकट बुक कराया था और आपकी यात्रा 9 से 25 अक्टूबर के बीच की थी, तो आप बिना एक्स्ट्रा चार्ज दिए 10 नवंबर तक किसी भी नई तारीख की फ्लाइट चुन सकते हैं।

अगर आप अपनी पुरानी मंजिल के बजाय खाड़ी देशों के किसी दूसरे शहर से उड़ान भरना चाहते हैं, तो सीटें खाली होने पर आपको वहां से भी यात्रा करने का मौका मिलेगा।

रियाद एयरपोर्ट पर हमले में भारतीय की मौत से तनाव बढ़ा

सऊदी अरब में उड़ानों के बंद होने की मुख्य वजह 10 अक्टूबर को रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुआ हूती विद्रोहियों का हमला है। इस हमले में अब तक 13 लोगों की जान जा चुकी है। भारतीय दूतावास ने बताया कि हमले में घायल हुए एक भारतीय नागरिक की भी इलाज के दौरान मौत हो गई है। इस दुखद घटना के बाद इलाके में तनाव और सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।



मिसाइल गिरने से खतरा बढ़ा

मिडिल ईस्ट में तनाव और बढ़ता जा रहा है। यमन की सरकार ने आरोप लगाया है कि हूती विद्रोहियों ने अदन इंटरनेशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाकर दो मिसाइलें दागी हैं। यमन के सूचना मंत्री के मुताबिक, ये मिसाइलें मिस्र के काहिरा शहर जाने वाले एक यात्री विमान के बिल्कुल पास आकर गिरीं। इस घटना से हवाई यात्राओं की सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगा है।

आसपास के शहरों से भी ले सकते हैं फ्लाइट

अगर आपकी सऊदी अरब की फ्लाइट रद्द हो गई है, तो एयरलाइन आपको पास के दूसरे खाड़ी देशों के शहरों से फ्लाइट लेने का विकल्प दे रही है: एअर इंडिया के यात्री: अपनी टिकट को दुबई या दोहा की फ्लाइट में बदल सकते हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस के यात्री: दुबई, दोहा, अबू धाबी, बहरीन, कुवैत, मस्कट या शारजाह जैसे पास के 10 शहरों में से किसी की भी फ्लाइट चुन सकते हैं। नए शहर के एयरपोर्ट तक पहुंचने का ट्रैवल खर्च और उस देश का वीजा/एंट्री नियम यात्रियों को खुद देखना होगा।

इंडिगो और अकासा एयर की उड़ानें भी बंद

इंडिगो: सऊदी अरब के सभी शहरों के लिए उड़ानें 24 अक्टूबर तक बंद रहेंगी। **अकासा एयर:** अकासा एयर की रियाद की उड़ानें 24 अक्टूबर तक और जेद्दा की उड़ानें 21 अक्टूबर तक सस्पेंड रहेंगी।

स्टारलिंक बोली-हम 5 सालों से भारत में काम कर रहे

हाई-स्पीड सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार, मंजूरी मिलने का इंतजार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इलॉन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने कहा है कि वह भारत में हाई-स्पीड सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान शेयर करते हुए बताया कि वह पिछले 5 सालों से भारतीय रेगुलेटर्स, इंडस्ट्री और ऑपरेटर्स के साथ मिलकर काम कर रही है।

इससे पहले इलॉन मस्क ने भारत में लाइसेंस मिलने में हो रही देरी को लेकर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी पर सीधा हमला बोला था। मस्क की बयानबाजी के बाद रिलायंस ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान जारी किया था। इसमें रिलायंस ने साफ किया था कि भारत में कानून का राज है और सभी आवेदकों के लिए एक ही प्रक्रिया लागू होती है। स्टारलिंक के बयान से पहले एलोन मस्क ने पर रिलायंस और मुकेश अंबानी को लेकर लगातार कई विवादित पोस्ट किए थे। 7 अक्टूबर को मस्क ने बिना किसी का नाम लिए लिखा कि कुछ भारतीय कारोबारी स्टारलिंक के अप्रूवल को रोक रहे हैं, जो भारत की जनता के खिलाफ अपराध है। इसके अगले ही दिन मस्क ने सीधा हमला बोलते हुए मुकेश अंबानी पर तंज कसा। मस्क ने लिखा- क्या अंबानी भारत के असली बॉस हैं?

नियम सबके लिए समान

मस्क के आरोपों का जवाब देते हुए रिलायंस ने बयान जारी किया था। रिलायंस ने कहा कि हाल ही में रिलायंस और भारतीय बाजार को लेकर की गई टिप्पणियों को लेकर हम सही तथ्य रिकॉर्ड पर रखना चाहते हैं। हर भारतीय एंटरप्राइज की तरह रिलायंस भी एक ऐसे भारत में आगे बढ़ी है, जो निवेश और इनोवेशन का स्वागत करता है चाहे वह घरेलू हो या अंतरराष्ट्रीय रिलायंस ने आगे कहा कि भारत सरकार जैसा कि कह चुकी है, वह हर आवेदक के लिए चाहे वह भारतीय हो या विदेशी, एक ही प्रक्रिया लागू करती है। खुद जिओ की सैटेलाइट सर्विसेज भी अभी अप्रूवल और क्लीयरेंस का इंतजार कर रही हैं।

पेट्रोल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी 5 गुना बढ़ी, 2.50 हुई

एजेंसी ▸▸ मुंबई

कच्चे तेल की कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव के बीच केंद्र सरकार ने पेट्रोल के एक्सपोर्ट पर 5 गुना टैक्स बढ़ा दिया है। वहीं, डीजल के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स को लगभग आधा कर दिया है।

वित्त मंत्रालय ने देश में फ्यूल की कमी न हो इसलिए नई दरें आज यानी 16 अक्टूबर से लागू कर दी हैं। नए टैक्स अगले दो हफ्तों तक लागू रहेंगे। इस टैक्स का असर सिर्फ विदेश बेचे जाने वाले पेट्रोल-डीजल पर पड़ेगा। हमारे देश के पेट्रोल पंपों पर मिलने वाले पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बदलेंगे। सरकार हर 15 दिन में अंतरराष्ट्रीय कीमतों को देखकर यह टैक्स तय करती है।

मिडिल ईस्ट में जारी लड़ाई के कारण दुनिया में कच्चे तेल के दाम बढ़े हुए हैं।

Sport

2 मैच में बेहतर गेंदबाजी करते तो नतीजा अलग होता; सीरीज 2-2 से बराबर

श्रेयस अय्यर बोले- वैभव सूर्यवंशी को मौका मिलेगा

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

भारत के टी-20 कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा है कि वैभव सूर्यवंशी को मौका जरूर मिलेगा। उन्हें इसका इंतजार करना होगा। बेंगलुरु में शनिवार को 5वें टी-20 मैच के बाद श्रेयस से वैभव सूर्यवंशी को प्लेइंग-11 में शामिल नहीं करने पर सवाल किया गया था।

इस पर अय्यर ने कहा- मैं उससे यही कहता हूं कि तुम्हें मौका मिलेगा। कभी-कभी इंतजार करना पड़ता है। हमारे पास 2 शानदार ओपनर हैं। वैभव के साथ हमारी बातचीत इसी बारे में होती रही है। वैभव इस सीरीज में खेलने का मौका नहीं मिला। भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि दूसरे और चौथे मैच में बेहतर गेंदबाजी करते, तो सीरीज का नतीजा अलग हो सकता था। उन्होंने वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों और खासकर शाई होप को पूरी सीरीज में अच्छा खेलने का श्रेय दिया। अय्यर ने कहा, 'जहां श्रेय देना चाहिए, वहां देना चाहिए। उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। शाई होप ने पूरी सीरीज में जिस तरह बल्लेबाजी की, वह शानदार था।



बारिश के कारण बेनतीजा

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। इसके साथ ही 5 मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर रही। दो साल बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंटरनेशनल मैच की वापसी भी बेनतीजा रही। वेस्टइंडीज का 2002 के बाद पहली बार भारत में सीरीज जीतने का इंतजार भी जारी है।

होप बोले- हमारी टीम भारत में सीरीज के बेहद करीब थी

वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने कहा, हम सीरीज जीतने के बहुत करीब थे। ऐसा कुछ, जो हमने 20 से ज्यादा वर्षों में नहीं किया है। उन्होंने कहा, ह्यहम निश्चित रूप से आगे बढ़ रहे हैं। सफलता का मतलब केवल सीरीज जीतना नहीं है।ह्ल होप ने कहा कि टीम के खिलाड़ियों ने अलग-अलग मौकों पर जिम्मेदारी उठाई।

बारिश से बेनतीजा रहा 5वां मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांचवां टी-20 बेनतीजा रहा। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में बारिश की वजह से 6:30 बजे होने वाला टॉस ढाई घंटे लेट 9 बजे हुआ।

आईपीएल ऑक्शन 16 दिसंबर को

नई दिल्ली। आईपीएल 2026 का प्लेयर ऑक्शन 16 दिसंबर को हो सकता है। ऑक्शन गोवा के आईटीसी ग्रैंड गोवा होटल में हो सकता है। हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक फ्रेंचाइजी मालिकों और आईपीएल को तारीख और वेन्यू की पुष्टि वाला ऑफिशियल ईमेल नहीं भेजा है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को बीसीसीआई की लॉजिस्टिक्स टीम ने वॉट्सऐप मैसेज के जरिए फ्रेंचाइजी को ऑक्शन की प्रस्तावित तारीख और जगह की जानकारी दी है। बोर्ड ने फ्रेंचाइजी से यह भी पूछा है कि ऑक्शन में शामिल होने के लिए उनके प्रतिनिधिमंडल में कितने लोग आएंगे। 15 दिसंबर को ऑक्शन से पहले ब्रीफिंग रखी गई है।

अमृता पुजारी ने 72 किग्रा में जीता रजत पदक

नई दिल्ली। भारतीय पहलवान अमृता पुजारी को अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के महिला 72 किग्रा वर्ग के फाइनल में यूक्रेन की इरीना जाब्लोत्स्का के खिलाफ चित होने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इसके साथ ही भारतीय महिला पहलवानों का अभियान दो पदकों के साथ समाप्त हो गया। अमृता मुकाबले में 0-6 से पीछे चल रही थीं, तभी जाब्लोत्स्का ने उन्हें चित कर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। भारत की स्वीटी के पास एक और पदक जीतने का मौका था, लेकिन वह 53 किग्रा वर्ग के कांस्य पदक के मुकाबले में यूक्रेन की अनास्तासिया पोल्स्का से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 0-11 से हार गईं।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095


4 साल बाद घर पर सीरीज नहीं जीत सकी टीम इंडिया

बारिश से भारत-वेस्टइंडीज पांचवां टी-20 रद्द

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

बारिश की वजह से भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांचवां टी-20 रद्द हो गया है। इसी के साथ सीरीज 2-2 से बराबर हो गई। भारत 4 साल बाद घर पर सीरीज नहीं जीत सका। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने 2022 में 5 मैचों की सीरीज 2-2 ड्रॉ कराई थी।

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में बारिश की वजह से 6:30 बजे होने वाला टॉस ढाई घंटे लेट 9 बजे हुआ। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मैच 9-9 ओवर का किया गया। भारत ने शनिवार को 7.4 ओवर बल्लेबाजी की। टीम ने 5 विकेट खोकर 118 रन बनाए। इसके बाद बारिश आ गई और मैच रद्द करना पड़ा। ईशान किशन ने 10 बॉल पर 30 रन बनाए। नमन धीर 6 बॉल 24 रन बनाकर नाबाद रहे।



भारत-वेस्टइंडीज ने ट्रॉफी शेयर की



भारत और वेस्टइंडीज ने ट्रॉफी शेयर की। टीम अब न्यूजीलैंड दौरे पर जाएगी, जहां 22 अक्टूबर से 5 मैचों की टी-20 इंटरनेशनल सीरीज शुरू होगी। वहीं, वेस्टइंडीज की टीम बांग्लादेश जाएगी।

नैनो न्यूज

- **भारत बनाम वेस्टइंडीज टी20 सीरीज ड्रॉ:** बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांचवां और आखिरी टी20 मुकाबला बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। इस वजह से 5 मैचों की सीरीज 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई।
- **युवराज सिंह बने कोच:** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह को दिल्ली कैपिटल्स का असिस्टेंट और बैटिंग कोच नियुक्त किया गया है। वह पहली बार किसी टीम की कोचिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे।
- **जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को हराया:** अबू धाबी में खेले गए त्रिकोणीय वनडे सीरीज के मुकाबले में जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को 99 रनों से करारी शिकस्त दी।
- **ब्रेंडन टेलर बने जिम्बाब्वे के नंबर-1 बल्लेबाज:** जिम्बाब्वे के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी ब्रेंडन टेलर ने ऑल-टाइम रिकॉर्ड तोड़ते हुए देश के नंबर-1 बल्लेबाज का मुकाम हासिल किया है।
- **बेंगलुरु एफसी की जीत:** इंडियन सुपर लीग के एक रोमांचक मुकाबले में बेंगलुरु एफसी ने चेन्नईयिन एफसी को 2-0 से हरा दिया।
- **रणजी ट्रॉफी में यूपी और मुंबई का दबदबा:** रणजी ट्रॉफी मुकाबलों में उत्तर प्रदेश ने बिहार को पारी और 267 रनों के विशाल अंतर से हराया, जबकि मुंबई ने चंडीगढ़ के खिलाफ जीत दर्ज की।

न्यूज कॉलम

धार में दशहरे पर दो स्थानों पर रावण दहन

धार। शहर में बुराई के प्रतीक रावण के दहन के साथ दशहरे का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। 20 अक्टूबर को धार शहर के किला मैदान और दशहरा मैदान में रावण दहन के आयोजन होंगे। किला मैदान पर सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति, नौगांव द्वारा 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। आयोजन को यादगार बनाने के लिए समिति के सदस्य दिन-रात तैयारियों में जुटे हैं। पुतले के निर्माण से लेकर मंच, आतिशबाजी और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

धार-आलीराजपुर में डही सिंचाई परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण

धार। धार और आलीराजपुर जिले के किसानों के लिए सिंचाई सुविधा बढ़ाने वाली डही माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का निर्माण 30 जून 2026 को पूरा हो गया है। करीब 1,353.18 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना का फिलहाल परीक्षण चल रहा है। इसके जरिए दोनों जिलों के 126 गांवों में लगभग 47 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को रबी फसलों के लिए सिंचाई सुविधा मिलेगी। परियोजना से करीब 1 लाख 26 हजार किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है। खेतों तक पानी पहुंचने से गेहूं, चना, सब्जियों और चारा फसलों की सिंचाई में मदद मिलेगी।

बाइक में अचानक लगी आग से मची अफरा तफरी

धार। धार शहर के घोड़ा चौपाटी स्थित पोस्ट ऑफिस के सामने आदर्श सड़क पर शनिवार शाम को सीडी डीलक्स बाइक में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना के दौरान विस्फोट जैसी आवाज भी सुनाई दी। बाइक में आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि बाइक पर सवार तीनों लोग सुरक्षित रहे। जानकारी के अनुसार, संजय कॉलोनी निवासी अनिल दो युवतियों के साथ बाइक से संजय कॉलोनी से धार की ओर आ रहे थे।

राजगढ़ के होटल से 9 क्विंटल पटाखे जब्त



सुरक्षा इंतजाम नदारद, पुलिस ने 2.80 लाख का माल किया जब्त

धार। धार जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र में दीपावली से पहले अवैध रूप से पटाखों का भंडारण करने का मामला सामने आया है। राजगढ़ थाना पुलिस ने इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन स्थित एक होटल के कमरे में छिपाकर रखे गए 9 क्विंटल पटाखे जब्त किए हैं। जब्त पटाखों की कीमत करीब 2 लाख 80 हजार रुपए बताई गई है। होटल में पटाखों के भंडारण के लिए न तो वैध लाइसेंस मिला और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि राजगढ़ थाना क्षेत्र में फोरलेन स्थित एक होटल के कमरे में भारी मात्रा में पटाखे रखे गए हैं और उन्हें बेचने की तैयारी है। सूचना पर थाना प्रभारी समीर पाटीदार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान होटल के एक कमरे से पटाखों के 50 कार्टन बॉक्स मिले, जिनमें करीब 9 क्विंटल पटाखे रखे हुए थे।

नैनो न्यूज

- **लघु उद्योगों को निर्यात बढ़ाने की सलाह-** इंदौर में इंडो-अमेरिकन बिजनेस चैंबर के वार्षिक सेमिनार में सांसद शंकर लालवानी ने लघु एवं मध्यम उद्योगों से निर्यात, नवाचार और उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया।
- **सोयाबीन कारोबारियों के लिए उद्योग सम्मेलन-** इंदौर में 16 और 17 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय सोया कॉन्क्लेव आयोजित हुआ। इसमें सोयाबीन, खाद्य तेल, प्रसंस्करण और कृषि कारोबार से जुड़े व्यवसायों के बीच नेटवर्किंग का अवसर मिला।
- **इंदौर में खुदरा बाजार विस्तार पर नजर-** इंदौर के खुदरा बाजार में विजय नगर और एमजी रोड जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों की दुकानें किराये और संगठित रिटेल कारोबार के लिहाज से निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं।
- **सराफा बाजार में सोने-चांदी के भाव गिरे-** इंदौर के सराफा बाजार में मांग सुस्त रहने के बीच सोने के भाव 400 रुपये और चांदी के भाव 1,600 रुपये प्रति किलोग्राम घटे।
- **बिना लाइसेंस दुकानों पर निगम की कार्रवाई-** इंदौर नगर निगम ने व्यापारिक क्षेत्रों में जांच के दौरान वैध ट्रेड लाइसेंस के बिना संचालित चार दुकानों को सील किया। कारोबारियों से लाइसेंस बनवाने और समय पर नवीनीकरण कराने को कहा गया।
- **खुदरा कारोबार में मुख्य बाजारों की अहमियत-** इंदौर में विजय नगर और एमजी रोड जैसे प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में खुदरा दुकानों की मांग कारोबारियों और व्यावसायिक संपत्ति निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण बनी हुई है।

नवरात्रि में शक्ति मोबाइल का शक्ति प्रदर्शन, गरबा पंडालों से लेकर सड़कों तक मुस्तैद रही इंदौर पुलिस की शक्ति मोबाइल

बीमार महिला को अस्पताल पहुंचाया, भटके मासूम को मां से मिलाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नवरात्रि में जहां शहर भक्ति और गरबे के रंग में रंगा है, वहीं महिलाओं की सुरक्षा से लेकर मासूमों की मदद तक इंदौर पुलिस की शक्ति मोबाइल मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। कभी बीमार महिला के लिए मददगार बनी, तो कभी देर रात गरबे से लौट रही अकेली युवती को सुरक्षित घर पहुंचाया। इतना ही नहीं, परिवार से बिछड़े तीन साल के मासूम को उसकी मां से मिलाकर पुलिस ने राहत की सांस दिलाई।

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में शहर के सभी थाना क्षेत्रों में 15 शक्ति मोबाइल महिला सुरक्षा के लिए लगातार सक्रिय हैं। मंदिरों, गरबा पंडालों और मेलों के आसपास पेट्रोलिंग के साथ पुलिसकर्मी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख



रहे हैं। इसी दौरान बीती रात शक्ति मोबाइल की टीमों ने कई ऐसे काम किए, जिनसे पुलिस की सजगता और संवेदनशीलता सामने आई।

बीमार महिला की मदद को तुरंत पहुंची पुलिस- गांधी नगर थाना क्षेत्र के मां कमलेश्वरी गरबा मंडल में कौशल देवी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। सूचना मिलते ही शक्ति मोबाइल पीसीआर-3 की टीम मौके पर पहुंची और महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। साथ ही परिजनों को सूचना देकर बुलाया गया, ताकि महिला को समय पर जरूरी सहायता मिल सके।

देर रात अकेली युवती को घर तक छोड़ा- गरबा आयोजन से लौटते समय सुरक्षा की जरूरत महसूस होने पर एक युवती ने महिला शक्ति पीसीआर-5 से मदद मांगी। टीम ने तत्परता दिखाते हुए युवती को सुरक्षित सुभाष नगर स्थित उसके घर पहुंचाया। देर रात घर लौटने वाली युवतियों की सुरक्षा के लिहाज से पुलिस की यह पहल अहम रही।

तीन साल के बिछड़े मासूम को पुलिस ने मां से मिलवाया- अभिव्यक्ति गरबा आयोजन के दौरान एक तीन वर्षीय बालक अपने परिवार से बिछड़ गया। ऐसे में शक्ति पीसीआर-7 और खजराना थाना पुलिस की टीम ने बच्चे को अपनी सुरक्षा में लिया और उसके परिजनों की तलाश शुरू की। आखिरकार मासूम को उसकी मां से मिलाकर पुलिस ने परिवार को बड़ी राहत दी।

पंडालों में पहुंचकर लोगों को भी कर रही जागरूक- सुरक्षा व्यवस्था संभालने के साथ शक्ति मोबाइल की टीमें गरबा पंडालों और धार्मिक आयोजनों में लोगों से संवाद भी कर रही हैं। महिला सुरक्षा, शक्ति मोबाइल की कार्यप्रणाली और जरूरी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। नवरात्रि के दौरान पुलिस का यह अभियान केवल गश्त तक सीमित नहीं, बल्कि जरूरत के समय लोगों तक पहुंचकर मदद करने पर भी केंद्रित है।

गरबा पंडाल के बाहर विवाद होने पर पुलिस ने संभाला मोर्चा

गरबा पंडाल के पास दो व्यक्तियों के बीच विवाद की सूचना पर पीसीआर-6 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों को अलग कर समझाइश दी और घर रवाना किया। समय रहते हस्तक्षेप से आयोजन स्थल पर शांति और सुरक्षा बनाए रखने में मदद मिली।

परेशान बालिका को परामर्श के लिए भेजा

कैलाद हाला क्षेत्र में परिवार से परेशान होकर घर छोड़ने वाली 18 वर्षीय बालिका की सूचना मिलने पर महिला शक्ति पीसीआर-6 की टीम तत्काल पहुंची। बालिका से बातचीत कर उसे थाने लाया गया। उसकी परिस्थितियों को देखते हुए आवश्यक सहायता और परामर्श के लिए वन स्टॉप सेंटर भेजा गया।

बीटा इंडस्ट्रियल पार्क में रविवार सुबह करीब 7 बजे पेंट-केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

पास की 2 फैक्ट्रियां भी आईं चपेट में, करोड़ों के नुकसान की आशंका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कालिंदी गोल्ड सिटी के पास स्थित बीटा इंडस्ट्रियल पार्क में रविवार सुबह करीब 7 बजे एक पेंट फैक्ट्री में आग लग गई। आग ने पास की दो अन्य फैक्ट्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। हादसे में बड़े आर्थिक नुकसान की आशंका है। यह औद्योगिक क्षेत्र अरविंदो अस्पताल से करीब 3 किलोमीटर अंदर की ओर स्थित है।

फायर ब्रिगेड के मुताबिक, बीटा इंडस्ट्रियल पार्क स्थित एक पेंट और केमिकल फैक्ट्री में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। स्थानीय गार्ड ने दमकल





विभाग को सूचना दी। लोग कुछ समझ पाते और आग बुझाने का प्रयास करते, उससे पहले ही लपटों ने पास की दो अन्य फैक्ट्रियों को भी चपेट में ले लिया। पेंट और केमिकल के ड्रम रखे होने के कारण आग तेजी से फैल गई। घटनास्थल से उठता धुआं दूर तक दिखाई दिया। हादसे में फैक्ट्रियों और उनमें रखे कच्चे माल, तैयार केमिकल, पेंट के स्टॉक और मशीनरी को भारी नुकसान पहुंचा है। शुरूआती तौर पर करोड़ों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि पुलिस और दमकल विभाग इसकी वास्तविक वजह की जांच कर रहे हैं।

घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

आग की भीषणता को देखते हुए औद्योगिक क्षेत्र में हलचल मच गई। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने अलग-अलग दिशाओं से पानी और फोम का छिड़काव कर घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

पुलिस कस्टडी से भागे दो आरोपी

चलती वैन का पिछला दरवाजा खोलकर राजकुमार ब्रिज के पास कूदे, एमजी रोड थाने में एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एमजी रोड थाना क्षेत्र में शनिवार शाम पुलिस कस्टडी से दो आरोपी चलती शासकीय वैन से कूदकर फरार हो गए। जिला कोर्ट से रिमांड और जेल वारंट मिलने के बाद पुलिस बल उन्हें सेंट्रल जेल इंदौर ले जा रहा था।

इसी दौरान पत्थर गोदाम रोड पर राजकुमार ब्रिज के पास दोनों ने वैन का पिछला दरवाजा खोला और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिसकर्मियों ने उनका पीछा किया, लेकिन वे चकमा देकर फरार हो गए।

घटना शनिवार शाम करीब 7.05 बजे की है। भंवरकुआं थाने में पदस्थ आरक्षक पंकज कुमार पुलिस बल के साथ चार आरोपियों को शासकीय वाहन से सेंट्रल जेल इंदौर ले जा रहे थे।

वाहन जैसे ही राजकुमार ब्रिज के पास पहुंचा, पीछे बैठे दो आरोपियों ने चलती वैन का दरवाजा खोला और नीचे कूद गए। फरार आरोपियों की पहचान नरेंद्र मेहता पिता मांगीलाल, निवासी इमामवाड़े के पास, धार और अबरार खान पिता बाबू खान, निवासी डायमंड पार्क कॉलोनी, धार के रूप में हुई है।

तुकोगंज के गरबा पंडाल में विवाद के बाद हुई मारपीट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

साउथ तुकोगंज स्थित एक गरबा पंडाल में शनिवार रात महिलाओं पर आपत्तिजनक कमेंट्स करने को लेकर विवाद हो गया।

विरोध करने पर शुरू हुई कहासुनी कुछ ही देर में मारपीट में बदल गई। पंडाल में मौजूद युवक और महिलाएं एक-दूसरे से भिड़ गए और जमकर धक्का-मुक्की व लात-घूंसे चलने लगे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। तुकोगंज पुलिस वीडियो के आधार पर मारपीट में शामिल लोगों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, फिलहाल मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है।

तुकोगंज थाना पुलिस के अनुसार, रेसकोर्स रोड स्थित एक निजी संस्था की ओर से गरबा आयोजित किया जा रहा था। शनिवार रात गरबे के दौरान कुछ लोगों ने वहां मौजूद महिलाओं पर आपत्तिजनक कमेंट्स किए। दूसरे पक्ष के लोगों ने इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के युवक-युवतियां मारपीट करने लगे। पंडाल में मौजूद अन्य लोगों ने स्थिति संभालने की कोशिश की। घटना के दौरान किसी ने मारपीट का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ लोग एक-दूसरे को धक्का देते और मारपीट करते नजर आ रहे हैं। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर संबंधित लोगों की पहचान कर रही है। इसके साथ ही आयोजकों से भी पूछताछ की जाएगी।

महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस कमिश्नर की ओर से गरबा पंडालों में महिला पुलिस बल की तैनाती अनिवार्य की गई है। ऐसे में आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर पहचान और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

22 साल के छात्र ने की आत्महत्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र की श्रद्धा सबूरी कॉलोनी में शनिवार रात 22 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर पर अकेला था। उसकी मां और भाई घर के पास ही गरबा देखने गए थे। लौटने पर उन्होंने उसे फंदे पर लटका देखा।

सूचना मिलने पर द्वारकापुरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान हर्षित विश्वकर्मा (22), पिता मुकेश विश्वकर्मा, निवासी श्रद्धा सबूरी कॉलोनी, द्वारकापुरी के रूप में हुई है। वह खंडवा रोड स्थित एक निजी कॉलेज में प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। उसके पिता राजस्थान में सरकारी शिक्षक हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद वे भी इंदौर पहुंच गए। हर्षित की मां और भाई के अलावा उसके चाचा का परिवार भी आसपास ही रहता है। परिजनों के मुताबिक, हर्षित की कुछ दिन पहले तबीयत खराब हुई थी। उन्हें ऊपरी बाधा की आशंका थी और उसका उपचार भी चल रहा था। हालांकि, छात्र ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है।

छः लाख करोड़ का कर्जा हुआ मप्र पर, गले पड़ गई लाड़ली बहना योजना

राज्य में सदाचार बन गया है भ्रष्टाचार : दिग्विजय सिंह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि लाड़ली बहना योजना मध्य प्रदेश सरकार के गले पड़ गई है। ऐसी अनेक योजनाओं की वजह से राज्य पर कर्ज बढ़ता ही जा रहा है। आज की तारीख में करीब 6 लाख करोड़ का कर्ज मध्य प्रदेश पर हो गया है।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव जीतने की खातिर यह योजना लागू की। अब सरकार को सूझ नहीं रहा की वित्तीय समस्याओं से कैसे निपटा जाए। अब तो मामा ही इस संकट से उबरने का रास्ता बता सकते



हैं। वित्तीय प्रबंध नहीं होने की वजह से विकास के अनेक प्रमुख कार्य अटके पड़े हैं। पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। भ्रष्टाचार अब सदाचार हो गया है क्योंकि जनता भी इस व्यवस्था की आदी हो गई है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर, एसपी और थाना प्रभारियों की पोस्टिंग बड़ी धनराशि लेकर की जा रही है। सभी की रेट लिस्ट तैयार है। उन्होंने कहा कि मप्र में पीड़ितों की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यह पहली सरकार है जो जनता से जुड़े मुद्दों को सीधे नकार रही है। उन्होंने बताया कि उनके मुख्यमंत्रीत्वकाल में वह आंदोलनकारियों से आगे बढ़कर मिलते थे। उन्होंने जेन जी को बधाई दी कि अपने-अपने मुद्दों को लेकर वह गांधीवादी तरीके से सरकार को झुकने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस छोड़कर गए नेताओं की घर वापसी के संदर्भ में एक प्रश्न के जवाब में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यक्ति को कुर्सी और पद की बजाय हमेशा विचारधारा से जुड़ा रहना चाहिए। ढुलमुल व्यक्तित्व वाले लोग हमेशा ही ढुलमुल रहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी नेता की घर वापसी का सवाल आएगा तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को उस इलाके के कांग्रेस नेताओं की सलाह जरूर लेना चाहिए।

दशहरे की छुट्टी में इंदौर आ रही छात्रा की मौत

ट्रक के पहिए ने कुचला सिर, बाइक चला रहे मौसा की हेलमेट से बची जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

दशहरे की छुट्टियों में हॉस्टल से घर लौट रही 15 साल की महिमा की सड़क हादसे में मौत हो गई। इंदौर में डबल चौकी से अपने मौसा के साथ मोटर साइकिल पर इंदौर आ रही छात्रा पालदा क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आ गई।

वह ट्रक के टायर के नीचे आ गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल चला रहे उसके मौसा घायल हो गए। हादसा नेमावर रोड पर पालदा क्षेत्र में हनुमान मंदिर के आगे हुआ।

मृतका की पहचान महिमा पिता गलसिंग सोलंकी, निवासी ग्राम भायली, जिला देवास के रूप में हुई है। 9वीं की छात्रा हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। दशहरे की छुट्टियां होने के कारण वह अपने मौसा मूलचंद बघेला (28) के साथ इंदौर आ रही थी।

मौसा ने हेलमेट पहना था, इसलिए बच गई जान- हादसे के दौरान मोटरसाइकिल चला रहे छात्रा के मौसा मूलचंद ने हेलमेट पहन रखा था। उनके मुताबिक, हेलमेट पहने होने के कारण उनकी जान बच गई। हादसे में वे घायल हुए, जबकि उनके साथ बैठी महिमा ट्रक के टायर के नीचे आ गई और उसकी जान



पालदा क्षेत्र में बढ़ रहे सड़क हादसे

पालदा क्षेत्र में सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ते जा रही है। यहां इससे पहले भी हुए सड़क हादसों में कई लोगों की मौत हो गई है। लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं।

नहीं बच सकी। उसके मौसा के पैर में गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलने पर भंवरकुआं पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस हादसे के कारणों और ट्रक चालक की भूमिका की जांच कर रही है।

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com